WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, बुधवार, 5 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 198 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बिलासपुर में मालगाड़ी के ऊपर चढ़ी पैसेंजर ट्रेन, 8 की मौत, कई घायल

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 8 की मौत और 12 से ज्यादा लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है।

बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक कई लोगों के मरने की खबर है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है। स्थानीय प्रशासन भी सहायता के लिए पहुंचा। हादसे के कारण पूरे रूट पर ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट कर दिया गया। हादसे में प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी में

टक्कर हुई है। इस हादसे में 6 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 12 से ज्यादा यात्रियों के घायल होने की भी खबर है। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। फिलहाल, रेस्क्यू जारी है। मौके पर रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं। हादसे की सूचना मिलते ही घटना

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

मेडिकल यूनिट और रेस्क्यू टीम मौके पर

रेलवे प्रशासन ने मेडिकल यूनिट और रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा है। वहीं स्थानीय प्रशासन भी मदद में जुटा हुआ है। इस हादसे की वजह से कई ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया है। कई ट्रेन दूसरे रूट से अपने गंतव्य के लिए जा रहे हैं। हादसे का कारण अज्ञात है। रेलवे की टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। यह हादसा बिलासपुर कटनी रेल मार्ग पर हुआ है, जो की सबसे व्यस्ततम मार्ग है जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट होगा कि इस हादसे की असली वजह क्या है।

हादसे पर सीएम साय ने जताया दुख

ट्रेन हादसे पर दुख जताते हुए सीएम साय ने कहा कि बिलासपुर के पास ट्रेन दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुःखद है। बिलासपुर जिला कलेक्टर से जानकारी लेकर उन्हें हरसंभव सहायता और राहत कार्य संबंधित निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ है। रेलवे और प्रशासन की टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई हैं। घायलों के उपचार के लिए सभी आवश्यक संसाधन और चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के

बिलासपुर जोन में कब -कब हुए हादसे

26 नवंबर 2024

कोयले से भरी मालगाड़ी के 23 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। बिलासपुर रेलवे जोन अंतर्गत गौरेला-पेण्ड्रा मारवाही जिले के भंनवारटोंक रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है।

रेलवे कोचिंग डिपो हादसा,

रेलवे कोचिंग डिपो में रेलवे प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही से ठेकेदार के अधीन क्लीनर एसी कोच की सफाई के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया।

27 जुलाई 2023

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेल मंडल में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। एक मालगाड़ी की 8 डिब्बे बेपटरी हो गई है। इसके चलते अब कई पैसेंजर ट्रेन का आना जाना प्रभावित हो गया है।

17 जनवरी 2024

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की रात छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सिग्नल तोड़कर स्टॉपर के ऊपर चढ़ गई।

9 जुलाई 2024

बिलासपुर जोनल स्टेशन के करीब बीसीएन डिपो में अप्रेंटिस की करेंट से मौत जोनल स्टेशन के करीब बीसीएन यार्ड में वैगन की वेल्डिंग के दौरान हादसा हुआ।

29 अगस्त 2025

रेलवे यार्ड में ट्रेन की एसी सफाई के दौरान ओएचई तार से झुलसे ठेकाकर्मी युवक की मौत हो गई। युवक मुलमुला का रहने वाला था।

यात्रियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

बिलासपुर -7777857335, 7869953330, चांपा - 8085956528, रायगढ़ -9752485600, पेंड्रा रोड - 8294730162, कोरबा - 7869953330, उसलापुर - 7777857338. यात्री एवं उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

आज बेबाक

अमेरिका के बहकावे में आकर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से पंगा मोल लेकर अपनी स्थिति धोबी के कुत्ते की तरह कर ली है जो घर का रहता है न घाट का। अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान ने मुस्लिम देशों के दबाव में आकर सीजफायर तो कर लिया है लेकिन यह कभी भी टूट सकता है। इस बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने एलान किया है कि यदि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमला किया तो रूस अफगानिस्तान का साथ देगा। मतलब पाकिस्तान दो पाटों के बीच पीसकर साबूत नहीं बचेगा। एक पाकिस्तान के टुकड़े कई होंगे कोई इधर गिरेगा, कोई उधर गिरेगा।

आईएएनएस-मैटराइज सर्वे

बिहार में पीएम मोदी की लोकप्रियता का असर तय, 63 प्रतिशत लोगों की मुहर

नई दिल्ली (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण के लिए मंगलवार को प्रचार थम जाएगा। राज्य में पहले चरण के लिए 121 सीटों पर 6 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसी बीच बिहार चुनाव को लेकर आईएएनएस-मैटराइज सर्वे के आंकड़े भी सामने आ चुके हैं। सर्वे के मुताबिक, बिहार में एक बार फिर से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार बना सकती है। राज्य की 243 सीटों में से एनडीए को 153-164 सीटें मिल सकती हैं। जबकि, इंडी गठबंधन को 76-87 सीटें मिलने का अनुमान है। इसके अलावा, आईएएनएस-मैटराइज सर्वे में बिहार की जनता से कई सवाल पूछे गए हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का कितना प्रभाव पड़ेगा? इस सवाल के जवाब में 63 प्रतिशत लोगों ने माना कि पीएम मोदी की लोकप्रियता का इस चुनाव में बड़ा असर पड़ेगा। सर्वे के आंकड़ों के अनुसार, 8 प्रतिशत लोगों ने माना कि पीएम मोदी की लोकप्रियता का राज्य के

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्योत्सव के बाद सीएम साय का दो राज्यों में दौरा

■ 6 को ओडिशा में करेंगे चुनाव प्रचार, 10-11 नवंबर को रहेंगे गुजरात में

रायपुर/नवप्रदेश । ओडिशा के नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में अब भाजपा प्रचार में पूरी ताकत झोंकने वाली है. मुख्यमंत्री विष्णदेव साय 6 नवंबर को नुआपाड़ा विधानसभा जाएंगे। जहां वे भाजपा प्रत्याशी जय ढोलकिया के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

बता दें कि प्रदेश के कुछ नेता भी वहां पर भाजपा प्रत्याशी के प्रचार प्रसार के लिए जुटे हुए हैं. बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के साथ ही नुआपाड़ा में 11 नवंबर को उपचुनाव हो रहा है। यहां से भाजपा के प्रत्याशी जय ढोलकिया चुनाव लड़ रहे हैं. बीजेडी से स्नेहंगिनी छुरिया और कांग्रेस से घसियाराम माझी जैसे प्रमुख दलों के उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. अन्य प्रमुख दलों से रमाकांत हाटी (समाजवादी पार्टी), हेमंत तांडी (बहुजन मुक्ति पार्टी) और शुकाधर डड़सेना (ओडिशा जनता दल) भी चुनाव लड़ रहे हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग कानून पर केंद्र से मांगा जवाब

■ 26 नवंबर को अगली सुनवाई

नई दिल्ली(आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग कानून पर केंद्र सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। कई याचिकाओं में इस कानून को चुनौती दी गई है। यह कानून ऑनलाइन जुए और उनसे जुड़ी बैंकिंग सेवाओं व विज्ञापनों पर रोक लगाता है। अब मामला 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से उन याचिकाओं पर विस्तृत जवाब दाखिल करने को कहा, जिनमें उस ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती दी गई है जो ऑनलाइन जुए वाले गेम पर रोक लगाता है और उनसे जुड़ी बैंकिंग सेवाओं व विज्ञापनों को भी प्रतिबंधित करता है। जस्टिस जे.बी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच को बताया गया कि केंद्र ने इन याचिकाओं में किए गए अनुरोध पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है।

बेंच ने कहा, हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से हाजिर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) मुख्य याचिका पर ही विस्तृत जवाब दाखिल करें। शीर्ष

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

वोट चोरी जनता के खिलाफ बहुत बड़ी साजिश : प्रियंका

सहरसा (वार्ता) कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार में 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाने को बहुत बड़ी साजिश बताते हुए सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार लोगों के अधिकार छीन रही है।

वाड्रा ने सहरसा जिले के सोनबरसा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वोट कटने का मतलब सिर्फ मतदान से वंचित होना नहीं है, बल्कि यह नागरिकता रद्द होने के समान है, जिससे लोग पेंशन, मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं से भी वंचित हो जाएंगे। उन्होंने जनता दल यूनाईटेड (जदयू)-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला करते हुये कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था ठप हो गई है, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं, पेपर लीक हो रहे हैं, भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर है। जनता बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रही है। युवाओं को बिहार में रोजगार नहीं मिल रहा, इसलिए वे काम की तलाश में राज्य से बाहर जाने को मजबूर हैं। आज खेती से भी कमाई नहीं हो रही है, मेहनत के बावजूद किसानों को फसल का सही दाम नहीं मिलता।

कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के बड़े-बड़े उद्योग अपने उद्योगपति दोस्तों को दे दिए। बिहार की हजारों एकड़ जमीन अडानी को एक रुपये प्रति एकड़ में दी गई, इसी तरह उद्योगपतियों के हजारों करोड़ रुपये के ऋण माफ कर

सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी | नई रणनीति के तहत चलाया जा रहा है एंटी नक्सल ऑपरेशन

नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ध्वस्त, हथियारों का जखीरा बरामद

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप) टीम ने गोमगुड़ा इलाके के घने जंगल में नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए उसे ध्वस्त कर दिया। मौके से 17 रायफल, हथियार बनाने की मशीनें, गन पाट्र्स और भारी मात्रा में निर्माण सामग्री बरामद की गई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन का हिस्सा थी।

जिला पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नई रणनीति के तहत संचालित एंटी नक्सल अभियान का हिस्सा थी। लगातार चल रहे इन अभियानों से नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचा है और वे अब दबाव में हैं। **नक्सलियों पर बढ़ रहा दबाव** : सुकमा पुलिस के अनुसार हाल के महीनों में

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

खुफिया सूचना पर चला ऑपरेशन

3 नवंबर 2025 को सटीक खुफिया सूचना के आधार पर ष्ठक्रत्र टीम ने गोमगुड़ा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान सुरक्षाबलों को जंगल में नक्सलियों द्वारा संचालित अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री मिली। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि नक्सली इस फैक्ट्री में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए हथियार और विस्फोटक सामग्री तैयार कर रहे थे।

बरामद किये गए हथियारों की सूची

फैक्ट्री से जब्त किए गए हथियारों और उपकरणों की विस्तृत सूची में क्चत्ररु रॉकेट लॉन्चर (1 नग), क्चत्ररु लॉन्चर (6 नग), 12 बोर राइफल (6 नग), सिंगल शॉट राइफल (3 नग), देशी कट्टा (1 नग) और क्चत्ररु बैरल (3 नग) शामिल हैं। इसके अलावा नक्सलियों द्वारा हथियार निर्माण में प्रयुक्त कई गन पाट्र्स और भारी उपकरण भी बरामद हुए हैं, जिनमें ग्राइंडर, वेल्डिंग

सरेंडर करने वाले माओवादी कमलू पुनेम को बताया डरपोक, पर्चा जारी

जगदलपुर /नवप्रदेश । जगदलपुर में पश्चिम बस्तर डिवीजन ने एक पर्चा जारी किया है। जारी पर्चे में नक्सलियों ने कुछ दिन पहले सरेंडर किए कमलू पुनेम को डरपोक बताया है। इसके साथ ही दो लाख रुपये लेकर भागने का आरोप भी लगाया है। पश्चिम बस्तर डिवीजन के नक्सलियों ने हाल ही में आत्मसमर्पण करने वाले पार्टी सदस्य कमलू पुनेम के खिलाफ एक पर्चा जारी कर सनसनी मचा दी है। इस पर्चे में कमलू पुनेम को 'डरपोकÓ करार देते हुए उस पर 2 लाख रुपये लेकर पार्टी छोड़कर भागने का गंभीर आरोप लगाया गया है।

पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी, भाकपा माओवादी ने जारी किए गए पर्चे में कहा है कि कमलू पुनेम, जो कि 25 से 30 वर्षों तक

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

सिम्स में जूनियर को धमकाने और प्रताड़ित करने का मामला

प्रबंधन ने 25 छात्रों को किया निष्कासित, एक पर एक साल का प्रतिबंध

बिलासपुर /नवप्रदेश। सिम्स मेडिकल कॉलेज में आए दिन अनुशासनहीनता करने वाले छात्रों को हॉस्टल से निष्काषित किया गया है। सिम्स में जूनियर को धमकाने और प्रताड़ित करने के मामले में 25 छात्रों पर निष्कासन की कार्रवाई की गई है। जूनियर छात्रों की शिकायत पर डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने एक्शन लिया है। छात्रों की शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए 21 अक्टूबर को छात्रावास प्रबंधन समिति की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में माना कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ी घटना हो सकती है। इसके बाद 25 छात्रों को अलग-अलग अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। ये सभी स्टूडेंट्स एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के हैं। जिन्हें हास्टल से 3 व 6 माह के लिए निष्कासित कर दिया है।

अनुशासनहीनता के लिए निष्कासित

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के छात्रावास प्रबंधन समिति ने एमबीबीएस द्वितीय वर्ष बैच 2024 के छात्रों को छात्रावास नियमों के उल्लघंन व अनुशासनहीनता के लिए निष्कासित कर दिया है। इसमें पहली बार के साथ ही दूसरी बार भी अनुशासनहीनता में संलिप्ता पाने पर कार्रवाई की गई है। समिति ने छात्रों के कृत्यों को गंभीरता से लिया है। बताया जा रहा है कि दीपावली त्योहर और उससे पहले छात्रों के द्वारा छात्रावास परिसर में हंगामा किया गया है, वहीं कई छात्र नियमों को अनदेखा कर प्रबंधन को कड़ी चुनौती दे रहे थे। जिस पर प्रबंधन का रवैया सामने आया है।

राज्य अलंकरण एवं 'रजत महोत्सव' समापन समारोह 2025

5 नवंबर 2025 | सायं 4 बजे
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर

श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
मान. प्रधानमंत्री

मुख्य अतिथि

श्री सी.पी. राधाकृष्णन
मान. उपराष्ट्रपति

अध्यक्ष

श्री रमेन डेका
मान. राज्यपाल, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि

श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि

श्री तोखन साहू
मान. केन्द्रीय राज्यमंत्री

डॉ. रमन सिंह
मान. अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़

श्री अरूण साव
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री दयाल दास बघेल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री केदार कश्यप
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री लखन लाल देवांगन
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री श्याम बिहारी जायसवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री ओ.पी. चौधरी
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री टंकराम वर्मा
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गजेन्द्र यादव
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री राजेश अग्रवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गुरू खुशवंत साहेब
मंत्री, छत्तीसगढ़

डॉ. चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़

श्री बृजमोहन अग्रवाल
सांसद, रायपुर

श्री राजेश मूणत
विधायक

श्री पुरन्दर मिश्रा
विधायक

श्री मोती लाल साहू
विधायक

श्री अनुज शर्मा
विधायक

श्री सुनील सोनी
विधायक

श्री इंद्र कुमार साहू
विधायक

एवं

समस्त सांसद, विधायक, निगम मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण, महापौर रायपुर एवं सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

आप सादर आमंत्रित हैं।

सूर्यकिरण एयरोबेटिक शो
प्रातः 10:00 बजे | सेंध जलाशय, नवा रायपुर अटल नगर

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

लखपति दीदी सम्मेलन
दोपहर 02:00 बजे
स्टेट स्कूल ग्राउंड, राजनांदगांव

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

S-45791/6

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

घुमंतू पशुओं से दुर्घटनाओं को रोकने एक माह तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश

नगरीय प्रशासन विभाग ने टोल-फ्री नम्बरों 1033 व निदान-1100 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सड़कों पर घुमंतू व आवारा पशुओं के कारण होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने सभी नगरीय निकायों को एक माह तक विशेष अभियान चलाने तथा टोल-फ्री नम्बरों 1033 व निदान-1100 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। विभाग ने मंत्रालय से सभी जिलों के कलेक्टरों, नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर परिवहन विभाग के एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के अनुसार कार्यवाही करने और खुले में पशुओं को नहीं छोड़ने के लिए पशु मालिकों को जागरूक करने को कहा है।

परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा और घुमंतू पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। इसमें सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने, निगरानी दलों के गठन, घुमंतू पशुओं के प्रबंधन, पुनर्वास, दुर्घटना प्रबंधन, आपात सेवाओं, पशु मालिकों को जागरूक करने इत्यादि के संबंध में विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिवहन विभाग के एसओपी के अनुसार सभी नगरीय निकायों को उच्च जोखिम क्षेत्र एवं सामान्य जोखिम क्षेत्र की मैपिंग कर आवारा पशुओं को काउ-कैचर के माध्यम से गौ-शालाओं, गौ-अभ्यारण्यों, कांजी हाउसों और गौठानों में विस्थापित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने आवारा/घुमंतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने के बाद पशु मालिकों को सूचित कर मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। इनके साथ ही विभाग ने आवारा पशुओं को पशु पालन विभाग के माध्यम से रेडियम स्ट्रिप लगाने, रात्रि में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने चिन्हित मुख्य मार्गों एवं स्थलों में स्ट्रीट लाइट के द्वारा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, सुरक्षा की दृष्टि से चिन्हांकित सड़कों में संकेतक बोर्ड लगाने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण करने से होने वाले खतरों और पशु सुरक्षा के उपायों पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए हैं। विभाग ने आवारा/घुमंतू पशुओं से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल-फ्री नम्बर 1033 एवं नगरीय निकायों के निदान-1100 का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है। इन नम्बरों पर प्राप्त होने वाले शिकायतों से निगरानी दलों को अवगत कराने एवं इनके निराकरण की नियमित समीक्षा के भी निर्देश दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को परिवहन विभाग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया तथा विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार कार्रवाई कर क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों के माध्यम से हर सप्ताह जानकारी संचालनालय को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है।

पशु मालिकों को खुले में नहीं छोड़ने करें प्रेरित

नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को पशु मालिकों को खुले में पशुओं को नहीं छोडने हेतु जन-जागरूकता शिविर व विभागीय शिविरों के माध्यम से प्रेरित करने को कहा है। आवारा/घुमंतू पशुओं से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक माह का विशेष अभियान (दिन और रात) चलाने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है। यह विशेष अभियान नगरीय निकाय क्षेत्रों के अतिरिक्त आस-पास के 10-15 कि.मी. की परिधि में ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्राम पंचायतों की सहमति एवं समन्वय से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

न्यूज गैलरी

पेंशनधारी कल्याण संघ कोटा ने प्रधानमंत्री को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील शाखा कोटा द्वारा प्रधान मंत्री , केंद्र सरकार नई दिल्ली, अनुविभागीय अधिकारी कोटा के माध्यम से संघ का प्रतिनिधि मंडल निम्न मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपा राज्य विघटन विधेयक की धारा 49/6को छत्तीसगढ़ से तत्काल हटाया जाए ताकि मध्यप्रदेश से हटकर छत्तीसगढ़ का पेंशन के मामले में पृथक से अस्तित्व कायम किया जा सके। केंद्र के समान छत्तीसगढ़ के पेशनरो कों महंगाई राहत दिया जाए। महंगाई की किश्त समय पर नहीं दीं जाती जो कि पेशनरों के साथ घोर अन्याय है।

एनएसयूआई ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में कुलपति पं. सुंदरलाल शर्मा विवि को सौंपा ज्ञापन

पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में सीजी सेट उत्तीर्ण विद्यार्थियों को लाभ दिलाने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 4 नवंबर को रंजेश सिंह प्रदेश सचिव एनएसयूआई ने पं. सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौपते हुऐ अपनी बात रखी जिसमे मुख्य रूप से हाल में चल रही पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ राज्य के सेट उत्तीर्ण छात्रों को नेट और अन्य नेशनल लेवल के उत्तीर्ण अभ्यार्थी की तरह प्रवेश परीक्षा में छूट के दायरे में ना रख कर प्रवेश परीक्षा दिलाने के लिए बाध्य किया गया जबकि प्रदेश के अन्य राजकीय विश्वविद्यालय में सीजी सेट उत्तीर्ण छात्रों को पीएचडी प्रवेश परीक्षा में छूट के दायरे में रखा गया है लेंकिन इस विश्वविद्यालय में अकादमी प्रभारी और पीएचडी प्रभारी द्वारा कार्यपरिषद को दी गयी अधूरी जानकारी के कारण आज प्रदेश के सीजी सेट उत्तीर्ण छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

सप्ताहभर बाद भी निर्णय नहीं लेने पर होगा आंदोलन

विश्वविद्यालय को अतरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ा है जिस पर रंजेश सिंह ने कहा कि अब ये सारी बाते पुरे दस्तावेजों को अवलोकन करने पर स्पष्ट होगा कि अतरिक्त वित्तीय भार पड़ा है कि नहीं और साथ में जो दोषी है उन पर वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी निश्चित रूप से करने की मांग हमने की है अगर इस सभी मुद्दों पर हपते भर के भीतर स्थिति स्पष्ट नहीं होता है तो हम आगे आंदोलन की और अग्रसर होंगे आज हमने शांतिपूर्ण तरीके से अपना ज्ञापन सौपकर मांग रखा है।

रंजेश सिंह ने बताया कि यदि सेट उत्तीर्ण छात्र 50 नम्बर से कम प्रवेश परीक्षा में लेते है तो वह स्वतः ही प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा अर्थात उन्हें इंटरव्यू में सम्मिलित नहीं किया जायेगा जबकि वह सीधे इंटरव्यू के लिए पात्र के केडर में आते है इससे सीधा सीधा नुकसान आज हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश के छात्रों को ही हो रहा आज प्रदेश के विश्वविद्यालयों में इन्ही सब गलतयो कि वजह से बड़े बड़े पदों पर प्रदेश के लोगों को अवसर नहीं मिल पता चाहे वह प्रोफेसर से लेकर कुलसाचिव और कुलपति बनने तक कि बात हो शुरुवात इन्ही सब छोटी छोटी गलतियों से होती है जो आगे चलकर एक बड़े नुकसान के रूप में सामने आते है। वही दूसरा मुद्दा ये था कि बीएड और डीएलएड के प्री परीक्षा कि कॉपी का पुनर्मूल्यांकन बाहर कि एजेंसी से पुनः करवाया गया जिस पर विश्वविद्यालय को अतरिक्त वित्तीय भार का सामना करना पड़ा है जिस पर सीधा प्रभाव छात्रों पर पड़ता है तो अगर ऐसी प्रक्रिया हुयी है तो जो दोषी कर्मचारी और अधिकारी है उन सभी पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने की मांग हमने रखी।

शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोर्ट आने-जाने के दौरान अधिवक्ता ने पीड़िता से नजदीकी बढ़ाकर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले एक आरोपी को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शादी के दबाव डालने पर आरोपी ने गाली गलौच मारपीट कर पीड़िता का मोबाईल को तोड़ दिया। रिपोर्ट के 12 घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार 2 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके पति के साथ पूर्व में हुये विवाद का प्रकरण न्यायालय में चल रहा था जिससे कोर्ट आना-जाना करती थी, कोर्ट आने-जाने के दौरान अधिवक्ता पवन अवस्थी से जान पहचान हुआ था, जान पहचान के बाद पवन अवस्थी शादी करके पत्नि बनाकर रखने का झूठा आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा जिसे शादी करने के लिए कहने पर गाली गलौच कर हाथ झापड़ मुक्का से मारपीट कर मोबाईल को

तोड़ दिया है। पीड़िता के उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया, घटना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराने पर तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिये। जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन/सरकंडा निमितेश सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक प्रदीप आर्या के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी पवन अवस्थी को रिपोर्ट के महज 12 घंटों के भीतर 3 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

15 नवंबर से धान खरीदी पर संशय, कम्प्यूटर ऑपरेटर्स, कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने प्रदेश भर में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने का ऐलान किया है। जिला प्रशासन और सहकारी बैंक प्रबंधन के साथ संबंधित विभाग के अफसरों ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है लेकिन, सोमवार 3 नवंबर से कम्प्यूटर ऑपरेटर्स, सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने अपनी चार सूत्रीय मांगें पूरी होने के बाद भी काम पर लौटने की चेतावनी दी है। ऐसे में कर्मचारियों की हड़ताल और शनिवार-रविवार अवकाश के चलते 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने पर संशय की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि कर्मचारियों की समय पर वेतन, कमीशन और पेनाल्टी राशि समेत 4 मांग है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तैयारी है, लेकिन इसमें कई पेंच फंस गए हैं। 15 नवंबर को शनिवार और 16 नवंबर को रविवार होने के कारण सरकारी अवकाश रहेगा, जिसने अधिकारियों को असमंजस में डाल दिया है कि खरीदी वास्तव में कब से शुरू की जाए। दूसरी तरफ सहकारी समिति के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा ने भी खरीदी शुरू होने को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। जिला सहकारी बैंक ने 15 नवंबर की तारीख के हिसाब से तैयारियां शुरू कर दी हैं, लेकिन 15 नवंबर को शनिवार पड़ने से नियमों के अनुसार धान खरीदी नहीं की जाती है। 16 नवंबर को रविवार है। पुराने नियमों का पालन किया जाए तो खरीदी सोमवार, 17 नवंबर से शुरू होनी चाहिए।

नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

सोमवार को छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। बिलासपुर में इस आंदोलन की शुरुआत कोन्हेर गार्डन से हुई, जहां कर्मचारी बड़ी संख्या में एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने 24 अक्टूबर को जिला स्तरीय धरना और 28 अक्टूबर को संभाग स्तरीय प्रदर्शन करके सरकार को अल्टीमेटम दिया था। उस दौरान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया था।

रैम्प के तहत कार्यशाला कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। रैम्प योजना के तहत सूक्ष्म, लघ्घु एवं मध्यम उद्योग, महिला उदयमियों, स्व सहायता समूह और पारम्परिक कारीगरों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में 6 नवम्बर को 12 बजे से जल संसाधन परिसर के प्रार्थना सभा भवन में आयोजित होगी। कार्यशाला का आयोजन सूक्ष्म, लघ्घु एवं मध्यम उद्योग, महिला उदयमियों, स्व सहायता समूह और पारम्परिक कारीगरों को डिजिटल साक्षरता, डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़ने किया जा रहा है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम पंचायत नेवसा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य, सभापति अनुसुईया जागेंद्र कश्यप, जनपद पंचायत सदस्य कमला विजय साहू द्वारा प्रधानमंत्री योजना के हितग्राही सदाशिव सूर्यवंशी, कैलाश बाई कश्यप और बेदबाई सूर्यवंशी का गृहप्रवेश कराया गया।

गुप्ता समाज का महर्षि काश्यप जयंती समारोह आज

■ **सामाजिक एकजुटता, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का दिखेगा अद्भूत संगम**

विधायक लहरिया होंगे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल

सीपत/नवप्रदेश। श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज, सीपत के तत्वावधान में आज 5 नवंबर, बुधवार को समाज के इष्टदेव महर्षि काश्यप जयंती का भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन सीपत के मंगल भवन में होगा, जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या, जनपद सदस्य मनोज खरे तथा सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार मंचासीन रहेंगे। गुप्ता समाज के सैकड़ों सदस्य सुबह 10 बजे वैदिक कॉलेज सीपत में एकत्रित होकर कर्मा नृत्य व बैंड-बाजे के साथ भव्य रैली प्रारंभ करेंगे। यह रैली नवाडीह चौक, तहसील परिसर होते हुए मंगल भवन पहुंचेगी, जहाँ यह विशाल सभा के रूप में परिवर्तित होगी। सभा में समाज के युवा, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक परिधानों में शामिल होंगे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी दी जाएंगी, जो समाज की गौरवशाली परंपरा और एकता का संदेश देंगी। गुप्ता समाज के अध्यक्ष हरीश गुप्ता एवं सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता, पहचान और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने का प्रतीक बनेगा। उन्होंने सभी समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की सादर अपील की है।

जनदर्शन

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

खैरा गांव में रास्ता बाधित होने की शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं निगम आयुक्त अमित कुमार ने भी लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया।

जनदर्शन में आज कोटा ब्लॉक के ग्राम खैरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि गांव के ही धीरेन्द्र कुमार साहू ने सरकारी रास्ते में घर बनवाना शुरू कर दिया है जिससे किसानों को अपनी फसल घर और खलिहान तक ले जाने में दिक्कत हो रही है। कलेक्टर ने उनका आवेदन एसडीओ कोटा को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम सारधा के सरपंच ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सरपंच ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत में उचित मूल्य की दुकान के लिए भवन की आवश्यकता है। वर्तमान में पंचायत भवन का उपयोग कर राशन वितरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस मामले को सीईओ जनपद पंचायत को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम दर्रीभाठा निवासी बांके विश्वकर्मा और रोहित चंद्राकर ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताया कि गांव के ही निर्दोष चंद्राकर द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान बनाया जा रहा हैं। उन्होंने नलजल योजना के तहत लगे सार्वजनिक नल को भी अपने बाउन्ड्रीवॉल में लगा लिया है। इस मामले की जांच एसडीओ मस्तूरी करेंगे। ग्राम पंचायत पत्थरखान के ग्रामीणों ने अटल चौक से सुलभ शौचालय तक रोड निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पत्थरखान में अटल चौक से सुलभ शौचालय तक कच्ची सड़क है जिससे आने जाने एवं रात के समय गांववासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

कलेक्टर ने की धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक टीएल बैठक में धान खरीदी सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस माह 15 नवम्बर से किसानों से धान खरीदी शुरू होने वाली है। चेकलिस्ट के अनुरूप संबंधित अधिकारी तमाम तैयारियां पूर्ण कर ओके रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दे। खरीदी कार्य से जुड़े कर्मियों को अंतिम रूप से प्रशिक्षण भी दिया जाये। धान बेचने और इसका भुगतान पाने में किसानों को किसी भी स्तर पर कोई दिक्कत नहीं होने चाहिए। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

सुविचार

खेल चाहे ताश का हो या जिंदगी का अपना इक्का उसी समय दिखाना चाहिए जब सामने बादशाह हो। - अज्ञात

भारत की एक और बड़ी कूटनीतिक जीत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के प्रति सख्त रवैया अपनाने और भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के बावजूद भारत अमेरिका के आगे नहीं झुका है और अब तो उसने अमेरिका को झुकने पर बाध्य कर दिया है। ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह पर भारत को आगे भी व्यापार करने के लिए अमेरिका ने छूट प्रदान कर दी है जो भारत की एक और बड़ी कूटनीतिक जीत है। गौरतलब है कि चाबहार बंदरगाह से व्यापार की सुविधा आगे बढ़ जाने के कारण अब भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार सुचारू रूप से हो पाएगा। गौरतलब है कि अफगानिस्तान चारों ओर से कई देशों से घिरा हुआ है उसके पास कोई समुद्र नहीं है। नतीजतन उसे भारत से या अन्य देशों से व्यापार करने के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहना पड़ता था। जिसका पिछले कई दशकों से पाकिस्तान नाजायज फायदा उठाता रहा है और इसकी एवज में अफगानिस्तान से भारी शुल्क से वसूलता रहा है। अभी तो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जम के हालात बन गये हैं। फिलहाल भले ही संघर्ष विराम हो गया है लेकिन कभी भी यह टूट सकता है और दोनों देशों के बीच जंग हो सकती है। ऐसे में पाकिस्तान के रास्ते भारत अफगानिस्तान को जो समान भेजता है उसे पाकिस्तान रोक लेगा। इस समस्या का समाधान करने भारत ने चाबहार बंदरगाह से व्यापार जारी रखने का जो फैसला लिया है उसपर अमेरिका को सहमत होना पड़ा है। यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका है। वहीं इससे अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भारत की और मुरीद बन गई है। इस बीच खबर यह है कि अफगानिस्तान अपने बगराम एयरबेस को भारत के हवाले करने का मन बना चुका है। अफगानिस्तान स्थित बगराम एयरबेस न सिर्फ एशिया का बल्कि पूरी दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सुरक्षित एयरबेस है। जिसे पांच दशक पूर्व रूस ने बनवाया था और दो दशकों तक इस पर अमेरिका ने अपना कब्जा कायम रखा था। और इसे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया था। बगराम ऐयरबेस में दस हजार से अधिक अमेरिकी सैनिक भी तैनात थे। किन्तु जो वाइडन के कार्यकाल में जब अमेरिकी सेना अफगानिस्तान चली गई तो बगराम ऐयरबेस पर पाकिस्तान और चीन दोनों ने ही उसके सामरिक महत्व को देखते हुए अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ा दी थी लेकिन तालिबान ने दोनों को ही ठेंगा दिखा दिया था इसके बाद अब अमेरिका फिर से बगराम एयरबेस पर कब्जा करने की फिराक में है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि बगराम एयरबेस को छोड़ना जो वाइडन सरकार की बड़ी गलती थी जिसे वे सुधारेंगे और बगराम एयरबेस पर फिर से काबिज होंगे लेकिन तालिबान ने अमेरिका के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया है और अब उसने बगराम एयरबेस भारत के हवाले करने का मन बना लिया है। यदि ऐसा हुआ तो भारत की यह बड़ी उपलब्धि होगी। गौरतलब है कि भारत का ताजिकिस्तान में जो एक मात्र एयरबेस था उसके एग्रीमेन्ट की अवधि खत्म हो गई है जिसे आगे बढ़ाने की भारत ने पहल की थी लेकिन पाकिस्तान और तुर्की ने ताजिकिस्तान पर दबाव डालकर उस एग्रीमेन्ट को आगे बढ़ने से रोक दिया था। अब भारत को बगराम एयरबेस मिल जाता है तो इस क्षति की पूर्ति हो जाएगी और भारत तथा अफगानिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हो जाएंगे। साथ ही पाकिस्तान और चीन की गतिविधियों पर नजर रखना भारत के लिए और आसान हो जाएगा।

गुरु नानक का प्रकाश पर्व: हर युग के अंधकार को मिटाने वाला संदेश

योगेश कुमार गोयल

लोग आश्चर्यचकित होकर पूछने लगे, ''खेतों में पानी! पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?'' गुरु नानक ने उनसे पूछा कि यदि पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस प्रकार आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है? लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे गुरु जी के चरणों में गिरकर प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं ताकि जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके। गुरु नानक सदैव मानवता के लिए जीए और जीवनपर्यन्त शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई। ये उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, समाज, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि चराचर जगत एवं समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।

सिख धर्म के आदि संस्थापक और सिखों के पहले गुरु हैं गुरु नानक देव, जो केवल सिखों में ही नहीं वरन् अन्य धर्मों में भी उतने ही सम्माननीय हैं। उनका जन्म तलवंडी (जो भारत-पाक बंटवारे के समय पाकिस्तान में चला गया) में सन् 1469 में हुआ था। प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है, जिसे 'प्रकाश पर्व' भी कहा जाता है और इस बार 5 नवम्बर को गुरु नानक का 556वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। हालांकि अब तक इसका कारण ज्ञात नहीं है कि गुरु नानक जयंती किसी एक निर्धारित तिथि को न मनाकर कार्तिक मास की पूर्णिमा को ही क्यों मनाई जाती है? नानक जब केवल पांच साल के थे, तभी धार्मिक और आध्यात्मिक वार्ताओं में गहन रूचि लेने लगे थे। अपने साथियों के साथ बैठकर वे परमात्मा का कीर्तन करते और अकेले में घंटों कीर्तन में मग्न रहते। दिखावे से कोसों दूर वे यथार्थ में जीते थे। जिस कार्य में उन्हें दिखावे अथवा प्रदर्शन का अहसास होता, उसकी वास्तविकता जानकर वे विभिन्न सारगर्भित तर्कों द्वारा उसका खंडन करने की कोशिश करते। नानक जब 9 वर्ष के हुए तो उनके पिता कालूचंद खत्री, जो पटवारी थे और खेती-बाड़ी का कार्य भी करते थे, ने उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराने के लिए पुरोहित को बुलाया। पुरोहित ने यज्ञोपवीत पहनाने के लिए नानक के गले की ओर हाथ बढ़ाया तो नानक ने उनका हाथ पकड़कर पूछा कि आप यह क्या कर रहे हैं और इससे क्या लाभ होगा? पुरोहित ने कहा कि बेटे, यह जनेऊ है, जिसे पहनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और इसे पहने बिना मनुष्य शूद्र की श्रेणी में रहता है। तब नानक ने उनसे पूछा कि पुरोहित जी, सूत का बना यह जनेऊ मनुष्य को भला मोक्ष कैसे दिला सकता है क्योंकि मनुष्य का अंत होने पर जनेऊ तो उसके साथ परलोक में नहीं जाता। नानक के इन शब्दों से सभी व्यक्ति बहुत प्रभावित हुए और आखिरकार पुरोहित को कहना पड़ा कि बेटा, तुम सत्य कह रहे हो, वास्तव में हम अंधविश्वासों में डूबे हैं।

गुरु नानक का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे

सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंडों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बाह्य आडम्बरों एवं पाखंडों से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया।

गुरु नानक को एक बार भागो मलिक नामक एक अमीर ने भोजन के लिए अपने घर आमंत्रित किया लेकिन नानक जानते थे कि वह गरीबों पर बहुत अत्याचार करता है, इसलिए उन्होंने भागो का निमंत्रण स्वीकार नहीं किया और एक मजदूर के निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लिया। भागो ने इसे अपना अपमान मानते हुए गुरु नानक को खूब खरी-खोटी सुनाई तथा अपमानजनक शब्द कहे लेकिन नानक ने सरल शब्दों में उसे कहा कि तेरी कमाई पाप की कमाई है जबकि इस मजदूर की कमाई मेहनत की कमाई है। भागो यह सुनते ही भड़क उठा और गुस्से में फुफकारते हुए कहने लगा कि तुम अव्वल दर्जे के पाखंडी और नीच कुल के हो, तभी तो नीच कुल वालों का ही निमंत्रण स्वीकार करते हो। इस पर गुरु नानक ने जवाब दिया कि मैं वह भोजन कदापि ग्रहण नहीं कर सकता, जो गरीबों का खून चूसकर तैयार किया गया हो।

भागो ने गुस्से से उबलते हुए सवाल किया कि मेरे स्वादिष्ट व्यंजनों से तुम्हें खून निकलता दिखाई देता है और उस मजदूर की बासी रोटियों से ...? ''दूध। और अगर तुम्हें विश्वास न हो तो स्वयं आजमाकर देख लो।'' नानक ने कहा। घमंड व क्रोध से सराबोर भागो ने अपने घर से स्वादिष्ट व्यंजन मंगवाए और नानक ने उस मजदूर के घर से बासी रोटी। तब नानक ने एक हाथ में भागो के स्वादिष्ट व्यंजन लिए और दूसरे में मजदूर के घर की बासी रोटी और दोनों हाथों को एक साथ दबाया। जब वहां उपस्थित लोगों ने देखा कि मजदूर की बासी रोटी से दूध की धार निकल रही है जबकि भागो के स्वादिष्ट व्यंजनों से खून की धार तो उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा। यह देख भागो का अहंकार चूर-चूर हो गया और वह गुरु नानक के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करने लगा। गुरु नानक एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया। जब लोगों ने काफी देर तक उन्हें इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है? नानक ने उन्हीं से पूछा कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं?

लोगों ने कहा कि वे अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके। इस पर नानक ने पूछा कि तुम्हारे पूर्वज हैं कहां? लोगों ने जवाब दिया कि वे परलोक में हैं लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो? गुरु नानक बोले कि यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन्हीं खेतों में पानी दे रहा हूं।

वन्दे मातरम : एक गीत, एक आत्मा, एक भारत

डॉ. सच्चिदानंद जोशी

"वन्दे मातरम
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम
शस्यशामलां मातरम् ।
शुभ्रज्योत्स्नापुलकितयामिनीं
फुल्लकुसुमितद्रुमदलशोभिनीं
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीं
सुखदां वरदां मातरम् ।। 1 ।। वन्दे मातरम् ।
कोटि-कोटि-कण्ठ-कल-कल-निनाद-कराले
कोटि-कोटि-भुजैर्धृत-खरकरवाले,
अबला केन मा एत बले ।
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं
रिपुदलवारिणीं मातरम् ।। 2 ।। वन्दे मातरम् ।'

20 नवंबर 1909 को कर्मयोगिन में इस अनुवाद के प्रकाशित होने से करीब बीस वर्ष पहले, 'वंदे मातरम' गीत भारतीय एकता की आत्मा में रच-बस चुका था। रैलियों और घरों में गुनगुनाए जाने वाले इस गीत ने लाखों लोगों के दिलों को प्रांतों और पंथों से ऊपर उठने का आह्वान किया। बंकिमचन्द्र चटर्जी के शब्दों ने पूरे देश को एक साथ सपने देखने के लिए प्रेरित किया, और अरबिंदो के अंग्रेजी अनुवाद ने इसे नई पीढ़ियों और पूरे विश्व तक पहुंचाया, ताकि वे भारत की आजादी की पुकार सुन सकें। कर्मयोगिन में इस कविता का प्रकाशन केवल एक गीत का अनुवाद नहीं था- यह एक आंदोलन का रूप बन गया, जिसने पिछले दो दशकों से भारत को हर तरह के भेदभाव से ऊपर उठकर एक सूत्र में बाँधने की शक्ति दी। लोगों ने पहली बार 'वंदे मातरम' को 1896 में एक भजन की तरह सुना, जब रवींद्रनाथ ठाकुर ने इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में गाया। उस शाम श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। गीत में विरोध के नहीं, भक्ति के स्वर थे। 10 साल बाद 1905 में, जब बंगाल का विभाजन हुआ और वहां असंतोष फैला, तब रवींद्रनाथ ठाकुर के भतीजे अबनिंद्रनाथ ठाकुर ने भारत माता की तस्वीर बनाई- भगवा वस्त्रों में एक स्त्री, जिसके हाथ में अनाज की पुंज, एक पुस्तक और एक माला थी। यह चित्र बंकिमचंद्र के 'वंदे मातरम' की भावना का जीवंत रूप बन गया। यह गीत केवल किसी कवि की कल्पना नहीं था। यह उस आत्मा की पीड़ा भरी पुकार थी, जो वर्षों से मातृभूमि की रक्षा और अस्तित्व के लिए जूझ रही थी। जब ब्रिटिश हुकूमत लोगों से 'लॉन्ग लिव द क्वीन' कहलवा रही थी, तब बंकिमचन्द्र चटर्जी ने एक ही रात में यह गीत लिखा। यह गीत सदियों के दुख और अपमान का काव्यात्मक उत्तर था- एक गूंजती पुकार, जिसने उस सोए हुए राष्ट्र को जगाने की कोशिश की जो लंबे समय से पीड़ा में सुन्न हो गया था।

कांग्रेस के अधिवेशन से लेकर लाहौर की फाँसी तक, वंदे मातरम् विद्रोह की सांस बन गया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, बटुकेश्वर दत्त और अनेक क्रांतिकारियों ने इसे मौत का सामना करते हुए जोर से पुकारा। सुभाष चंद्र बोस ने इसे आजाद हिंद फौज का मार्चिंग धुन बना दिया। यह गीत सभाओं में गूंजता था और जेलों की दीवारों में धीमे स्वर में फुसफुसाया जाता था। इसने संत और सैनिक, विद्वान और किसान, हिंदू और मुस्लिम- सभी को एक सूत्र में बांध दिया। यह गीत एक साथ प्रार्थना भी था और विरोध की पुकार भी।

'वंदे मातरम'का पहला अंग्रेजी अनुवाद श्री अरविंदो ने नहीं किया था। कई भारतीय और अंग्रेज विद्वानों ने इस गीत का अंग्रेजी में अनुवाद किया था। इसे उर्दू सहित कई भारतीय भाषाओं में भी अनुवादित किया गया था। डब्ल्यू. एच. ली, जो ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय सिविल सेवा में थे, उन्होंने 1906 में इसका अंग्रेजी अनुवाद किया। जब'वंदे मातरम् शब्द बोलना भी प्रतिबंधित कर दिया गया था, तो इसका गुमनाम रूप से अनुवाद किया गया। हालांकि, अरविंदो घोष द्वारा किया गया अंग्रेजी अनुवाद सबसे प्रसिद्ध है, जिसे मूल बांग्ला गीत के साथ प्रकाशित किया गया था। कोई और गीत ऐसा नहीं है जो पीढ़ियों और सीमाओं को लांघते हुए, भारत के हर रंग और वर्ग तक पहुंचा हो और फिर भी भारतीयता की पहचान के केंद्र में बना रहा हो। गुलामी और दुख, सुधार और क्रांति, हर दौर में 'वंदे मातरम' टिका रहा, केवल क्रोध के नारे के रूप में नहीं, बल्कि प्रेम के अभिवादन के रूप में।

इस गीत की स्थिरता को समझने के लिए हमें इसके उद्गम तक लौटना होगा। बंगाल के एक साधारण से घर में, उस उजले दिन तक, जिसने भारत की किस्मत बदल दी। बंकिमचंद्र चटर्जी (1838–1894), जो कलकत्ता विश्वविद्यालय के शुरुआती स्नातकों में से एक थे, ने सरकारी सेवा में प्रवेश किया और डिप्टी मजिस्ट्रेट तथा डिप्टी कलेक्टर बने। अपने काम के दौरान उन्हें ब्रिटिश अभिलेखों और राजपत्रों तक पहुंच मिली, जिनमें एक भूली हुई गाथा दर्ज थी: संन्यासी विद्रोह (1763–1780), जब साधु-संन्यासी ढाका और उत्तर बंगाल में अंग्रेज़ी अत्याचार के खिलाफ उठ खड़े हुए थे। त्याग से प्रतिरोध में बदलने वाली यह कहानी ही बाद में बंकिम बाबू के प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ की प्रेरणा बनी। लेकिन उपन्यास से पहले गीत जन्मा-'वंदे मातरम। 1870 के दशक तक आते-आते, ब्रिटिश साम्राज्य ने अपनी निष्ठा दिखाने के नियम लागू करने शुरू कर दिए थे। सरकारी कार्यक्रमों और स्कूलों में भारतीयों को 'गॉड सेव द क्वीन' गीत के लिए खड़ा होना पड़ता था। बंकिमचंद्र के लिए यह केवल राजनीतिक दबाव नहीं था। यह आध्यात्मिक गुलामी थी। एक गौरवशाली सभ्यता को सिखाया जा रहा था कि वह विदेशी शासक के आगे सिर झुकाए।

यही वह शांत विद्रोह का क्षण था जब रविवार, 7 नवंबर 1875 (अक्षय नवमी) के दिन, कोलकाता के पास अपने घर में, बंकिमचंद्र चटर्जी ने कलम उठाई। उस समय वे एक अलौकिक भावना में थे और उसी एक बैठकी में उन्होंने'वंदे मातरम' लिख डाला, जैसे यह गीत उन्होंने लिखा नहीं, बल्कि ऊपर से उनके भीतर उतर आया हो।

जब बाकी लोग रानी के लिए गाते थे, तब बंकिमचंद्र ने मातृभूमि के लिए गाया। उन्होंने साम्राज्य के आदेश का उत्तर आत्मसमर्पण से नहीं, बल्कि आत्म जागरण से दिया। किसी मुकुट के आगे नहीं, बल्कि अपने अंतःकरण के आगे झुके।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ जब चित्त में स्थान नहीं हो, इसी को त्याग कहते हैं।

❖ इस पश्थ्वी पर दुर्जन और दुष्ट को सज्जन बनाने का अभी तक कोई उपाय जन्म नहीं लिया है।

❖ कुल के हित के लिए एक का त्याग करना, गांव के हित के लिए कुल का त्याग करना, देश के हित के लिए किसी गांव का त्याग करना और अपने आत्म कल्याण के लिए पूरी पश्थ्वी का त्याग करना समीचीन है।

❖ प्रत्येक मनुष्य को एक पवित्र आत्मा होने का गौरव होना चाहिए।

❖ गुरु गोविंद के पथ पर चलने के लिए और अपने निजानंद को ढूंढने का पहला ठोस और बड़ा जोरदार कदम उनके सानिध्य में पहुँच जाना; सिर्फ मन में नहीं, असलियत में !

❖ पृथ्वी पर ऐसा कोई उपाय नहीं जिससे दुर्जन को सज्जन बनाया जा सके इसलिए समय नष्ट करने से कोई लाभ नहीं है चाहे अपना हो चाहे पराया हो।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1780 कर्नल लाबाल्म के तहत फ्रांसीसी-अमेरिकन बल को मियामी चीफलिटिल टर्टल द्वारा पराजित किया गया। 1781 जॉन हंसन ने अमेरिका के पहले संकलित कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की। 1812 अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जेम्स मैडिसन ने डेविट क्लिंटन को हराया। 1824 रेंससेलयर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट, अंग्रेजी भाषी दुनिया में पहला तकनीकी विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क में ट्रॉय, में स्थापित किया गया। 1829 तकनीकी विश्वविद्यालय डेनमार्क (डीटीयू) खोला गया। 1838 मध्य अमेरिका के संघीय गणराज्य के पतन ने निकारागुआ को संघ से अलग कर दिया। 1862 एम्ब्रोस बर्नासस ने मैक्लेलन को पोटोमैक की सेना के प्रमुख के रूप में स्थान दिया। 1862 अमेरिकी नागरिक युद्ध-अब्राहम लिंकन ने दूसरी बार और अंतिम बार यूनियन आर्मी के कमांडर जॉर्ज बी। मैकलेलन को हटा दिया। 1872 उल्येसेस एस ग्रांट अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। 1895 अमेरिकी राज्य ने यूटा में महिला मताधिकार की शुरुआत की गयी। 1909 पहला वूलवर्थ डिपार्टमेंटल स्टोर ब्रिटेन के लिवरपूल में खोला गया, क्योंकि अमेरिकी श्रृंखला यूरोप में अपने डिपार्टमेंटल स्टोर का विस्तार कर रही थी 1918 योरोपीय देशों से शुरु हुई इन्फ्लूएन्ज़ा की महाभारी ने दुनिया में 10 लाख लोगों की जान ली। 2006 इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी की

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बताता वो कुछ तो

बताता वो कुछ तो सताने से पहले बताया नहीं क्यूं था जाने से पहले नहीं बेवफ़ा इश्क़ होता है अच्छा यही बात कहना ज़माने से पहले अचानक तुझे फोन आ ही गया तो ज़रा सोच लेना ये जाने से पहले तेरा नाम डाला नहीं लिस्ट में था विमोचन का खाका बनाने से पहले फ़क़त एक संख्या बनाओ न मुझको ये झूठी सी महफ़िल सजाने से पहले नहीं जीत पाया कोई मुझसे लड़कर ज़रा सोच लेना ये आने से पहले।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

कल्पना ज़रूरी है,

कल्पना ज़रूरी है, भावना ज़रूरी है शायरी में शायर की, आत्मा ज़रूरी है मुश्किलें तो आयेंगी इम्तिहान लेने को हौसला रहे क़ायम, आप का ज़रूरी है सीखना अगर चाहो, जीने का सलीक़ा तुम पास इन बुजुर्गों के, बैठना ज़रूरी है क़ौम से जहालत की, तीरगी मिटाने को इक दिया करें रौशन, इल्म का ज़रूरी है छोड़ दें झगड़ना हम, छोटी छोटी बातों पर वक़्त का तक़ाज़ा है, एकता ज़रूरी ह।

- अजय अज्ञात

हनुमान लला सुनो जरा, भक्तों की पुकार,

हनुमान लला सुनो जरा, भक्तों की पुकार, हाथ जोड़े विनती करें, सब पर करो उपकार ।। बुद्धि बल के स्वामी मुझको, शरण में अपनी ले लो, संजीवनी करुणानिधि देकर, जीवंत मुझको कर लो!! श्रद्धा-विश्वास से संबल-युक्त, जीवन मेरा कर दो, निर्बल के बल राम हैं सदा, शोभा की स्मृति में भर दो !! **- शोभा त्रिपाठी**

प्रबोधिनी एकादशी, उठे विष्णु भगवान

प्रबोधिनी एकादशी, उठे विष्णु भगवान। चतुर्मास का तज शयन, दिव्य समय आह्वान॥ तुलसी मैया शुभ प्रणय, पुण्य सनातन रीत। तुलसी शालिग्राम जुड़ीं, सदा सुमंगल प्रीत॥ तुलसी लक्ष्मी रूप में, पूज रहा संसार। तन मन धन शुभ संपदा, सकल जगत उद्धार॥ **- डॉ प्रतिभा गर्ग**

सिमटने लगे जमीन पर गलीचे पारिजात

सिमटने लगे जमीन पर गलीचे पारिजात के क्यारी में सैवंती खुल के खिलखिला रही है पसर रहा है आँगन में गुनगुनी धूप का उजास गुलाबी ठंड कोहरे की ओट से मुस्कुरा रही है ... बीत गया है अक्टूबर आहट नवम्बर की आ रही है। **- सरिता त्रिवेदी**

लड़कर जीतीं नारियाँ, लिखा

लड़कर जीतीं नारियाँ, लिखा नया इतिहास। ले क्रिकेट का विश्वकप, पूरी कर दी आस।। टूट पड़ीं मैदान में, छक्के दिए छुड़ाय। अफ्रीका को मात दे, उत्सव रहीं मनाय।। भारत का फिर हो गया, रोशन जग में नाम। अर्ध रात्रि जो आ गया, खुशियों का पैगाम।। **- रमेश शर्मा**

अभिलाषाओं का एक सिरा तो

अभिलाषाओं का एक सिरा तो सदैव अपने ही हाथ होता है दूसरा सिरा कभी स्वयं के हाथ नहीं होता है किंतु , कई लोग एक सिरा हाथ में रखते ही हैं और दूसरे सिरे को भी स्वयं के हाथ रखने का ही प्रयास करते हैं ... सारे मसले दुनिया के ऐसे में ही खड़े होते हैं अधिकतर ??

- मधुलिका शुक्ला

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप अपने हास्य भरे व्यवहार से आस पास का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे। व्यवहार में भी नरमी रहने से लोग आपके साथ समय बिताना पसंद करेंगे।

वृष: आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहने वाला है अतिमहत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले किसी अनुभवी की सलाह अवश्य लें।

मिथुन: आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। पूर्व में किये शुभकर्मों का फल आज किसी ना किसी रूप में अवश्य मिलेगा।

कर्क: आज का दिन सिद्धिदायक है लेकिन आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी योजना बनाकर ही करें सफलता निश्चित मिलेगी।

सिंह: आज के दिन आप दैनिक कार्यो में व्यस्त रहेंगे दिनचार्य उटपटांग रहने से निराश भी होंगे मध्यान तक किसी भी कार्य को दिशा ना मिलती देख मेहनत व्यर्थ होती प्रतीत होगी।

कन्या: आज आप दिनभर शारीरिक समस्या से जूझेंगे मौसमी बीमारियों का प्रकोप परिवार के सदस्यों को भी प्रभावित करेगा।

तुला: आज आप अपनी व्यवहार कुशलता से बिगड़े कार्यो को भी बनाने की क्षमता रखेंगे। मित्र परिजन विषम परिस्थितियों से बाहर निकालने के लिये आपका सहयोग मांगेंगे।

वृश्चिक: आज आपको अपनी बुद्धि चातुर्य पर गर्व रहेगा। अतिआत्मविश्वास से भरे रहेंगे प्रत्येक कार्य को मामूली समझ कर बाद के लिये टालेंगे।

धनु: आज आपको पूर्व में की किसी गलती अथवा आचरण का अफसोस होगा गलती मान लेने पर आपसी मतभेद शांत होंगे।

मकर: आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है। दिन के आरंभ से ही मन मे अकारण क्रोध रहेगा।

कुंभ: आज का दिन भी आपके धन कोष अथवा अन्य सुख के साधनों में वृद्धि करेगा।

मीन: आज का दिन साधारण रहेगा आज आप अपनी व्यक्तिगत उलझनों के कारण अन्य लोगो को परेशान करेंगे लेकिन ध्यान रहें।

सूर्योदय : 06:43, सूर्यास्त : 05:38, चन्द्रोदय : 16:24, चन्द्रास्त : 30:06, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत :1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत :2082 (सिद्धार्थी), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पूर्णिमा, नक्षत्र : अश्विनी, योग : सिद्धि, प्रथम करण :गर (12:23 तक), द्वितीय करण :वणिज (22:36 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : मेष (12:34 से), मंगल : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME c

1) भारत की पहली स्वदेशी हाई-स्पीड ट्रेन किस कंपनी ने बनाई है?

2) असम के दूसरे राजधानी शहर के रूप में किस शहर की घोषणा की गई है?

3) महामारी तैयारी का अंतर्राष्ट्रीय दिवस किस दिन मनाया जाता है?

4) कौन सा संस्थान सेंट्रल संदिग्ध रजिस्टर विकसित करता है?

5) गुवाहाटी मास्टर्स 2024 बैडमिंटन पुरुष एकल खिताब किसने जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (2) डिब्रूगढ़ (3) 27 दिसंबर (4) भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (5) सतीश कुमार करुणाकरण

शब्द सागर

संक्षिप्त खबरें

बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, नकली दवाओं के लिए स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त किया जाय

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा, मेकाहारा जैसे अस्पताल में एक बेड पर दो प्रसूता को बच्चों के साथ लिटाया जा रहा। सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज नहीं पा रहा। प्रदेश नकली दवाओं का केंद्र बन चुका है, राजधानी सहित सभी मेडिकल कॉलेजों में हर सरकारी अस्पताल में लगातार नकली दवाएं मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्री व्यवस्था सुधारने के बजाय उस पर पर्दा डालने में लगे है। स्वास्थ्य मंत्री के मिली भगत या लापरवाही के बिना अस्पतालों में गुणवत्ता विहीन दवाएं नहीं पहुंच सकती।गलती एक या दो जगह हो सकती है, लगातार हर अस्पताल में नकली अमानक दवाएं मिलना बड़े घोटाले की ओर इशारा करते है।पूरे मामले की जांच की जाए और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को तत्काल पद से हटाया जाय।

एसआईआर चुनाव आयोग का काम है या भाजपा का एजेंडा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि खबरे छपी है कल भाजपा की एक बैठक हुई जिसमें यह निर्णय हुआ कि एसआईआर के बारे में विपक्ष कोई बयान देगा या उसके खिलाफ कोई समाचार छपेगा तो भाजपा के विधायकों और पूर्व विधायकों को जवाबदारी दी गई है कि उसका वे जवाब देंगे। एसआईआर चुनाव आयोग का काम है तो उसके बारे में कोई सवाल खड़ा होता है या प्रक्रिया में परेशानी आती है तो उसका निराकरण करना जवाब देना आयोग का काम है। भाजपा किस हैसियत से इसका जवाब देने की तैयारी कर रही है। क्या भाजपा आयोग की प्रवक्ता है?कांग्रेस ने पहले भी कहा था आयोग यह सुनिश्चित करे कि एसआईआर किसी राजनैतिक दल का एजेंडा नहीं है।आयोग यह भी सुनिश्चित करे यह काम पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से होगा। एसआईआर का उद्देश्य मतदाताओं का सत्यापन होना चाहिए न कि मतदाताओं को परेशान करने की नीयत। हमारी मांग है कि आयोग भाजपा के कल की मीटिंग के संबंध में छपे समाचारों पर स्पष्टीकरण मांगे।

कांग्रेस ने पांच साल में झीरमकांड की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई-अजय चंद्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश और प्रदेश में नक्सलियों के सफाये के दावे को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने नक्सलियों को पाला पोशा जिसके चलते यह समस्या नासूर हो गई। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से नक्सलियों का सफाये होने का दावा सरकार कर रही है। लेकिन अभी तक यह बताने में सक्षम नहीं हुई कि अभी तक क्या हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और नक्सलियों के बीच क्या डील हुई है इसको लेकर स्थिति स्पष्ट करे।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रायपुर में देश एवं राज्य को लाल आतंक से मुक्ति दिलाने की घोषणा के पश्चात अब छग में कांग्रेस और भाजपा के बीच सियायत तेज हो गई है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस ने ही नक्सलियों को पाला पोशा और आगे बढ़ाया। उनके सफाये के लिए कुछ नहीं किया आज भाजपा सरकार ने अपने दृढ़ इच्छा शक्ति से नक्सलवाद को सफाया किया है तो वह हो हल्ला मचा रही है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि नक्सलियों को पालने पोसने का काम किया और पांच साल में नक्सली गतिविधियां बढ़ाई जिसके चलते झीरम कांड हुआ।

मानवीय संवेदना के साथ आकांक्षी क्षेत्रों में विकास कार्य करें : राज्यपाल

■ राज्यपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर के विकासखण्डों की समीक्षा बैठक ली

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के आकांक्षी विकासखण्डों में चल रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को मानवीय संवेदना के साथ आकांक्षी क्षेत्र में तेजी से समन्वित विकास के लिए निर्देशित किया है।

बैठक में राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की दिशा में विशेष पहल करें और इसमें तेजी से प्रगति लायें। टीबी उन्मूलन के कार्य को गति देने, स्कूलों से ड्राप आउट बच्चों पर विशेष ध्यान देने, आजीविका के लिए स्व सहायता समूहों को मजबूत करने और उन्हें रोजगार कार्यों से जोड़ने के लिए कहा गया है। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, आकांक्षी जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने बस्तर जिले के तोकापाल, बीजापुर जिले के उसूर, दंतेवाड़ा जिले के कुवाकोंडा, कोण्डागांव जिले के माकड़ी, नारायपुर जिले के ओरछा, सुकमा जिले के कोंटा और कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा एवं दुर्गकोंदल आकांक्षी विकासखण्डों में किए जा रहे समन्वित विकास कार्यो एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। राज्यपाल ने इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और इसके लिए जनजागरूकता की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और इसका सक्रिय उपयोग लेने कहा है। बच्चों के सुपोषण, पशु टीकाकरण पर ध्यान देने कहा गया है। स्कूलों में बच्चों के आंख एवं कान की नियमित जांच करने पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में तेजी से आवास के निर्माण के लिए सामाग्री का भंडारण समन्वय के साथ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। अधिकारियों को दिसंबर माह तक कार्य में प्रगति लाकर एक्शन टेकन रिपोर्ट देने कहा गया है।

अबूझमाड़ के जंगलों से निकला सुशासन का उजाला किरण

कच्चापाल की महिलाओं ने रच दी आत्मनिर्भरता की मिसाल

■ जैविक बासमती से बदली तकदीर

रायपुर/नवप्रदेश। कभी नक्सल हिंसा और भय के साये में जीवन जीने वाले नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखण्ड के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम कच्चापाल में अब सुशासन और आत्मनिर्भरता की किरणें पहुँच चुकी हैं। यह वही इलाका है जहाँ कभी बम धमाकों की गूँज और बंदूकों की आवाज़ें विकास के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा थीं। सड़क, बिजली, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित यह गांव अब नियद नेल्ला नार योजना के तहत विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुका है।

राज्योत्सव के भव्य मंच पर इस परिवर्तन की गूंज सुनाई दी जब कच्चापाल के आश्रित ग्राम ईरकभट्टी की दो महिलाएँ -मांगती गोटा और रेनी पोटाई ङ्क अपने हाथों से उगाई गई जैविक बासमती चावल लेकर राजधानी पहुँचीं। ये महिलाएँ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के लालकुंवर स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। कभी शहर का नाम तक न जानने वाली ये महिलाएँ आज अपने गाँव की पहचान बन चुकी हैं।

एरिया कोऑर्डिनेटर सोधरा धुर्वे बताती हैं कि पहले इस क्षेत्र में लाल आतंक के कारण कोई सरकारी योजना पहुँच ही नहीं पाती थी। ग्रामीणों के पास बाजार की जानकारी नहीं थी, और बिचौलिए उनके उत्पादों को औने-पौने दामों पर खरीदकर मुनाफा कमा लेते थे। लेकिन सशस्त्र बलों के कैम्प लगने और शासन की सक्रिय पहल से जब 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत बिहान समूहों का गठन हुआ, तो हालात बदलने लगे। महिलाओं में बचत की आदत और आत्मनिर्भरता का भाव बढ़ा।

मांगती गोटा बताती हैं, हम हमेशा से बिना रासायनिक खाद के जैविक तरीके से बासमती चावल उगाते रहे हैं। पहले बिचौलिए हमसे 15ङ्क20 रुपये किलो में चावल ले जाते थे। लेकिन बिहान योजना से जुड़ने और प्रशिक्षण मिलने के बाद हमें असली कीमत का पता चला। आज राज्योत्सव में हमारे चावल की कीमत 120 रुपये किलो मिल रही है। लोग इसे शुद्ध और जैविक जानकर बहुत उत्साह से खरीद रहे हैं।

रेनी पोटाई बताती हैं कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी हमारे गाँव आये थे तो हमारी समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया था। इस बार हमने सिर्फ चावल नहीं, बल्कि बाँस की टोकनी और झाड़ू भी तैयार किए हैं। हमारे समूह ने इस साल 40 क्विंटल जैविक बासमती चावल का उत्पादन किया है, उन्होंने मुस्कराते हुए बताया।

मेक मी टैगोर, मदर' ने बच्चों-और शिक्षिकों को झकझोरा

■ एकल नाटक का मंचन, शरारती बच्चों की भी आंखें हुई नम

रायपुर/नवप्रदेश। 12वीं की पढ़ाई छोड़कर एक लड़का बाहर मजदूरी करता है। एक दिन वह उसे स्कूल के बच्चों के पास पहुंचता और उनसे बात करता है और उन्हें बताता है कि आखिर उसकी पढ़ाई कैसे छूट गई और वो क्यों आज मजदूरी करने के लिए मजबूर है। वह लड़का अपने पढ़ाई के दिनों को याद करते हुए बच्चों से कहता है कि वो भी टैगोर बनना चाहता था। टैगोर की तरह कविताएं और कहानी लिखने का उसे शौक था, लेकिन कैसे पारिवारिक मजबूरी के कारण उसके सपनों पर ब्रेक लग जाता है और वह बच्चों से कहता है कि मैं मजदूरी के पैसों से आगे की पढ़ाई करूंगा और अपने जैसे मजबूर बच्चों की मदद करने के लिए शिक्षक बनूंगा, ताकि कोई और बच्चा अपने सपनों को मारकर मजदूर न बने। मौका था महाराष्ट्र मंडल के संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में 'मेक मी टैगोर, मदर' एकल नाट्य के मंचन का। स्कूल के सभागृह में मंचित एकल नाटक 'मेक मी टैगोर, मदर (मां मुझे टैगोर बना दे) में संवेदनशील अभिनय के माध्यम से अभिनेता लकी गुप्ता ने बच्चों के साथ शिक्षकों की अंतरात्मा से झकझोरा कर रख दिया। सभी की आंखों नम हो गईं। जम्मू से पहुंचे लकी गुप्ता के एकल अभिनय ने बच्चों को शिक्षा के प्रति असरदार संदेश भी दिया।

स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने कहा कि अब तक कई नाटक देखे लेकिन एकल अभियन के साथ यह नाटक अद्भुत था। अपने मंचन के दौरान लकी ने बच्चों को अपने नाटक में शामिल किया।

ऊर्जा विभाग के मण्डप में दर्शकों की भारी भीड़

■ मॉडल, कठपुतली, वीडियो, क्विज से बढ़ा आकर्षण

■ डबल इंजन सरकार की डबल सब्सिडी का रोचक चित्रण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज तथा ऊर्जा विभाग के मण्डप में आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है जिससे इस मण्डप में दर्शकों की सर्वाधिक भीड़ देखी जा रही है। इस मण्डप में उत्पादन, पारेषण तथा वितरण कंपनियों के साथ क्रेडा, सीबीडीए आदि की 25 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही कठपुतली, क्विज, वीडियो प्रदर्शन जैसे नवाचार के जरिए पूरे प्रदर्शन को काफी मनोरंजक, रूचिकर तथा ज्ञानवर्द्धक बनाया गया है। मण्डप के प्रवेश द्वार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कट आउट लगे है।

सरकार के दो वर्ष बाद भी मोदी की गारंटी का लाभ नहीं मिला: फेडरेशन

■ रजत जयंती वर्ष में सरकार को कर्मचारी हित में ऐतिहासिक घोषणा की उम्मीद

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित राज्यों की सूची में शामिल छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को अपने हक़ के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। महंगाई भत्ते समेत अन्य 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लंबे समय से संघर्षरत है। फेडरेशन का कहना है कि सरकार के साथ हुई चर्चाओं के बावजूद अब तक किसी ठोस समाधान पर सहमति नहीं बना है। जिससे कर्मचारियों में गहरी नाराज़गी व्याप्त है।

फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा,बी पी शर्मा,सचिव राजेश चटर्जी,प्रवक्ता द्वय जी आर चंद्रा,चंद्रशेखर तिवारी, रोहित तिवारी, संजय सिंह ठाकुर, अरुण तिवारी, मनीष मिश्रा एवं केदार जैन ने कहा कि जब राज्य विकास के नए आयाम गढ़ रहा है, तब कर्मचारियों को बुनियादी हक़ के लिए आंदोलन करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेशभर के कर्मचारी,शिक्षक और पेंशनभोगी लगातार कर्मचारी-विरोधी निर्णयों से आहत हैं तथा फेडरेशन से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का मांग कर रहे हैं। फेडरेशन ने सरकार से मांग की है कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल की जाए तथा 11 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए।

एग्री स्टेट पोर्टल में वंचित 7 लाख किसानों का ऑफलाइन पंजीयन किया जाए: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। एग्री स्टेट पोर्टल में पंजीयन से वंचित 7 लाख किसानों का ऑफ्लाईन पंजीयन करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि एग्री स्टेट पोर्टल में 7 लाख किसानों का डेटा नहीं मिलने के कारण पंजीयन नहीं हो पाया। सरकार के लपरवाही के चलते किसानों के सामने धान बेचने का संकट खड़ा हो गया है। सरकार हठ धर्मिता छोड़कर किसानों के हित में फैसला करे। जिन किसानों का एग्रो स्टेट पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया उन किसानों का ऑफ्लाईन पंजीयन करवाये। किसानों का सभी उत्पादित धान बेरोक टोक खरीदी किया जाये।

एग्रो स्टेट पोर्टल में इन 7 लाख किसानों की खेती का समस्त डाटा तुरंत दर्ज किया जाये, ताकि भविष्य में दोबारा परेशानी न हो।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से वादा अनुसार 3100 रु. प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने से बचना चाहती है। इसीलिए पहले धान बुवाई के समय खाद, बीज का संकट उत्पन्न की, बिजली की आपूर्ति बाधित की, ताकि धान का उत्पादन प्रभावित हो और अब धान बेचने के समय अचानक एग्री स्टेट पोर्टल में पंजीयन करने की अनिवार्यता करके किसानों को परेशान किया है, जिसके चलते 7 लाख किसान धान बेचने से वंचित हो सकते हैं और सरकार की यही मंशा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि भाजपा की किसान विरोधी सरकार अपने तुगलकी निर्णय को किसानों पर जबरिया थोपी है। एग्री स्टेट पोर्टल में केवल 2023 तक के ही रिकॉर्ड भी पूर्ण रूप से अपडेट नहीं हैं।

अच्छी पहल ... ट्रांसपोर्ट से जुड़ी मुद्दों पर चर्चा की गई

सभी जिला इकाइयों में कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया जायेगा

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छ.ग. इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, छ.ग. इकाई के अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी जी अध्यक्षयता में कैट ट्रांसर्पोट के पदाधिकारियों के साथ मिटिंग हुई। मिटिंग में ट्रांसर्पोट से जुडी हुई मुद्दो पर चर्चा की गई।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट के सभी जिला इकाईयों में कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया जायेगा। उन्होनें आगे कहा कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा से सौजन्य मुलाकात कर ई-वे बिल नियमों में आवश्यक एवं व्यावहारिक सुधारों की माँग को लेकर पत्र सौंपा गया था। पत्र में में ईज ऑफ डुइंग बिज़नेस की भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ के व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की ओर से दो प्रमुख माँगें रखी गई है।

1. एक ही जिले के भीतर माल परिवहन पर ई-वे बिल से पूर्ण छूट दी जाए।

2. आवश्यक वस्तुएँ जैसे पुस्तकें, नोटबुक, शैक्षणिक सामग्री, ताज़ा फ्ल-सब्जियाँ, डेयरी उत्पाद, खाद्य सामग्री, चिकित्सा उपकरण, कृषि निवेश व उपकरण आदि पर राज्य में परिवहन पर ई-वे बिल से पूर्ण छूट दिया जाएँ। कैट ट्रांसपोर्ट के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कैट ट्रांसर्पोट इकाई का विस्तार किया जायेगा। शहर चारों ओर स्थित ट्रांसपोटर्स को कैट से जोडा जायेगा।

छत्तीसगढ़ के जंगल और खनिज संसाधनों पर पूंजीपतियों की नज़र

■ सरकार की कॉर्पोरेट परस्त नीतियों का प्रमाण

■ लेमरू एलीफेंट रिजर्व और जंगली जानवरों के रहवास में कमर्शियल माइनिंग

रायपुर/नवप्रदेश। कोयला मंत्रालय द्वारा निजी पूंजीपति के कमर्शियल यूज के लिए कोल ब्लॉकों की नीलामी की सूची में छत्तीसगढ़ के जैव विविधता के अति महत्वपूर्ण क्षेत्रों के खदानों को शामिल किए जाने का विरोध करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए निजी कमर्शियल यूज के लिए खुली नीलामी का विकल्प दिया है। डबल इंजन की सरकार में अब तक 12 राउंड में नीलामी हो चुकी है। दो अलग-अलग अधिनियमों के तहत कोयला खदानों की नीलामी की जा रही है। इसी दुर्भावना को अमल करने के लिए मोदी सरकार ने कोल बेयरिंग एक्ट और वन अधिकार अधिनियम में आदिवासी हितों के विरुद्ध संशोधन किए हैं। कॉर्पोरेट परस्त नीतियों के तहत मोदी सरकार में कोल माइंस स्पेशल प्रोविजन्स एक्ट (सीएमएसपी) और माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन्स एक्ट (एमएमडीआर) के तहत अलग-अलग नीलामी हो रही है। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद कोयले के कमर्शियल माइनिंग सेक्टर में निजी क्षेत्र को एंट्री दी गई है ताकि सरकारी उपक्रम, नवरत्न कंपनियों कोल इंडिया और एसईसीएल से काम छीनकर दबाव पूर्वक अपने मित्रों को लाभ पहुंचा सके।

महतारी वंदन योजना की 14 हजार हितग्राहियों का ई-केवायसी कराने की अपील

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शासन के द्वारा सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत् लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों का ई-केवायसी कराया जाना है। कांकेर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह औसतन 180001 महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इनमें से लगभग 1 लाख 64 हजार महिलाओं का सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत् राशन कार्डधारी होने के कारण खाद्य विभाग के द्वारा ई-केवायसी किया जा चुका है तथा इन्हीं महिलाओं को महतारी वंदन के तहत लाभान्वित किये जाने के आधार पर दोनों योजनाओं के कॉमन हितग्राही होने के कारण इन्हें महतारी वंदन योजना के तहत् पृथक से ई-केवायसी कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार कांकेर जिले में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित शेष लगभग 14 हजार महिलाओं का ही ई-केवायसी कराया जाना है क्यांकि इनका ई-केवायसी खाद्य विभाग द्वारा नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं के नाम/सूची संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के महतारी वंदन एप के लॉगिन आईडी में उपलब्ध हैं। केवल इन्हीं महिलाओं का ई-केवायसी निकट के कॉमन सर्विस सेन्टर में जाकर निःशुल्क कराया जा सकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा राज्य स्तर से चिप्स को नोडल एजेंसी बनाते हुए उनके अधीनस्थ संचालित कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से उक्त कार्य निःशुल्क कराये जाने के निर्देश दिये जा चुके हैं। अतः महतारी वंदन योजना से लाभान्वित ऐसी समस्त महिलाएं जिनका ई-केवायसी खाद्य विभाग द्वारा नहीं कराया जा सका है, केवल वे महिलाएं ही आवश्यक अभिलेखों सहित निकट के कॉमन सर्विस सेन्टर सीएससी में उपस्थित होकर अपना ई-केवायसी तत्काल पूर्ण करायें, ताकि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत निरंतर लाभांवित किया जा सके। यह विशेष रुप से उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिन महिलाओं का ई-केवायसी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत् खाद्य विभाग द्वारा कर लिया गया है। उन्हें पृथक से महतारी वंदन योजना के तहत् ई-केवायसी कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए निकट की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है।

आंगनबाड़ी सहायिका के लिए दावा आपत्ति 12 नवम्बर तक आमंत्रित

कोरिया /नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका पद की पूर्ति हेतु मूल्यांकन समिति की बैठक पश्चात् चयनित सूची का प्रकाशन कार्यालय जनपद पंचायत सोनहत एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत के सूचना पटल पर चश्या कर दी गई है। आंगनबाड़ी सहायिका, आंगनबाड़ी केन्द्र चेरवापारा (चन्दहा) के रिक्त पदों पर दावा आपत्ति के आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु 12 नवंबर 2025 तक नियत किया गया है। दावा आपत्ति के आवेदन पत्र कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत में जमा की जावेगी। दावा आपत्ति के आवेदन पत्र अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय एवं दिवस में ही स्वीकार की जावेगी। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात् किसी प्रकार के दावा आपत्ति के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगें।

बाल विवाह मुक्त करने चलेगा अभियान

कोरिया /नवप्रदेश। जिले में बाल विवाह रोकने हेतु जिला प्रशासन ने अभियान को गति दी है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी विभागों को अभियान की रणनीति के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। जिले में लगातार निगरानी और सतर्कता के बाद बाल विवाह के प्रकरण संज्ञान में कमी आई है। जिले ने लग्न मुहर्त के मद्देनजर बाल विवाह की आशंकाओं के तहत विशेष सर्तकता बरतने के भी निर्देश दिए हैं। विभाग के निर्देशों के बाद विभागीय अमला फील्ड में निगरानी कर रहा है।

बाल विवाह में कमी लाने हेतु विभाग द्वारा समाज प्रमुखों की बैठक ली गई थी, जिसमें समाज प्रमुखों को बाल विवाह न होने के लिए दिशा निर्देश दिए गये साथ ही समाज में बाल विवाह न हो इसके लिए सभी समाज प्रमुखों को अपने स्तर पर समाजिक बैठक लेकर बाल विवाह रोकने में अपनी भुमिका निभाने का आग्रह किया गया। जिले में सास-बहु सम्मेलन कराया गया जिसमें सास-बहुओ को बाल विवाह की जानकारी प्रदान की गई एवं सपथ दिलाया गया कि बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रयास किया जायेगा। बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जन जागरण अभियान के तहत गांवों में मुनादी, दीवार लेखन, पाम्पलेट वितरण, रैली के माध्यम से समाज को जागरूक किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बाल विवाह मुक्त कोरिया अभियान के तहत विभाग द्वारा सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। बाल विवाह की सूचना पर तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थान प्रभारी, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्प लाईन 181 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। बाल विवाह को गंभीर कानून अपराध मानते हुए दो साल की सजा या एक लाख रूपए तक जुर्माना या दोनो प्रावधान हैं।

ग्रामीण आजीविका संसाधनों और पक्के आवासों से खुल रही विकास की नई राह

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मॉडेल, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा एवं अमृत सरोवर जैसी योजनाओं की झलकियाँ दिखाई गई हैं। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित विविध उत्पादों की प्रदर्शनी भी लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है।

शुभारंभ पर हितग्राहियों को मिली खुशियों की चाभी: राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री भइयालाल राजवाड़े ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नव-निर्मित आवासों की प्रतीकात्मक चाभी ग्राम पंचायत भांड़ी के हितग्राही श्री रामस्वरूप, श्रीमती सुमरी, श्रीमती लालो तथा श्रीमती बइया को प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

जिले में 3,367 परिवारों को मिला पक्का घर: कोरिया जिले में जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के 2,432 और जनपद पंचायत सोनहत के 935 हितग्राहियों ने अपने नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में गृहप्रवेश किया है। इस प्रकार कुल 3,367 परिवारों के जीवन में पक्के मकान की खुशियाँ साकार हुई हैं।

वोकल फॉर लोकल थीम बनी आकर्षण का केंद्र : बिहान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा ÷कोरिया अमृत÷ ब्रांड के अंतर्गत तैयार उत्पादों का विशेष स्टॉल लगाया गया है। इनमें कोरिया मोदक, अचार, मिलेट कुकीज़, वंदना मसाले, टेराकोटा शिल्प, बांस कला, सोन हनी, सुगंधित चावल, पीनट बटर, पीनट पिकल और कर्मा उत्पाद शामिल हैं।

दस महीने बाद अंततः भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

कार्यकारिणी में दिखा कलार समाज का दबदबा, दुर्गूकोंदल, सरोना, धनेलीकन्हार, आमाबेड़ा, हाराडुला, कोयलीबेड़ा के नेताओं को नहीं मिली जगह

- जिलाध्यक्ष के इर्दगिर्द परिक्रमा वालो की बल्ले बल्ले
- वरिष्ठ जमीनी नेताओ को स्थान नहीं प्रदेश संगठन से मिलने की तैयारी
- क्या बदलेगा जिला भाजपा कार्यकारिणी से चेहरा या रहेगा यथावत!!

आखिर कब होगी जिला भाजपा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा!

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा की जिले की कार्यकारिणी अंततः दस महीने बाद जारी कर दिया गया। जिसमें 29 सदस्यीय कार्यकारिणी में 11पदाधिकारी शहर मंडल ग्रामीण मंडल से 02 कोरर से 01भानुप्रतापपुर से 03 चारामा से 02 नरहरपुर 02 को जगह दिया गया है।

दैनिक नवप्रदेश ने 22 सितम्बर 2025 को जिले की कार्यकारिणी नहीं बनाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। दैनिक नवप्रदेश ने यह भी बताया था कि जिले में वरिष्ठ भाजपा नेताओं को जिले की कार्यकारिणी में स्थान नहीं मिलने से भाजपा के खिलाफ़ मोर्चा खोल सकते है।बता दें कि दैनिक नवप्रदेश ने पहले ही इस बात के संकेत दिए थे कि भाजपा के जिले की कार्यकारिणी गठन में निष्ठावान जमीन से जुड़े कार्यकताओं को जगह नहीं मिलने पर बगावती तेवर दिखा सकते है।कांकेर भाजपा कार्यकारिणी की जाती समीकरण की।बात करे तो भाजपा जिला कार्यकारिणी में कलार समाज का दबदबा देखने को मिला है।

भाजपा प्रदेश संगठन से नाराज़ नेता मिलने की तैयारी में

भाजपा जिलाध्यक्ष की कार्यकारिणी घोषणा में हमारे विश्वस्त सूत्रों की माने तो भाजपा के वरिष्ठ नेता जमीन से जुड़े नेताओं को स्थान नहीं मिलने से नाराज़ भाजपा नेताओ का एक प्रतिनिधि मंडल राजधानी रायपुर में प्रदेश संगठन के प्रमुख नेताओं से रायशुमारी के लिए जाने की तैयारी किया जा रहा है। बाहर हाल भाजपा कार्यकारिणी के साथ तरजीह नहीं मिलने वाले नेता बगावती तेवर दिखाने की नवप्रदेश ने पहले ही बता दिया था। खैर जल्द भाजपा जिलाध्यक्ष की कार्यकारिणी पर क्या बदले जाएंगे चेहरे या फिर नाराज कार्यकर्ताओं को अन्य जगह स्थान देकर मामले को अंदर खाने में खत्म किया जाएगा!

भाजपा की जिला कार्यकारिणी में जिले के कई ब्लाकों के नेताओ का नाम गायब

भाजपा ज़िला कार्यकारिणी के घोषणा के बाद भाजपा का तालमेल बैठता दिख नहीं रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष के द्वारा जारी नवीन कार्यकारिणी की बात करे तो दुर्गूकोंदल ब्लॉक सरोना धनेलीकन्हार आमाबेड़ा हाराडुला कोयलीबेड़ा इन जगहों के भाजपा नेताओं को जिले कार्यकारिणी में स्थान नहीं मिलने से जमीन से जुड़े कार्यकताओं में नाराज़गी साफ देखी जा सकती है।

ऐसी स्थिति में भाजपा से जुड़े वरिष्ठ नेताओं को भी तरजीह नहीं मिली जिसके कारण भाजपा में असंतोष के सुर पनप रहे हैं। बाहर हाल भाजपा कार्यकारिणी घोषणा के बाद अस्तुष्ट नेताओ का रुख किस ओर जाएगा उस समय का इंतजार करना होगा।

जिलाध्यक्ष के इर्दगिर्द परिक्रमा वाले नेताओं की बल्ले बल्ले

भाजपा जिलाध्यक्ष की दस महीने बाद हुई घोषणा के साथ यह तो स्पष्ट हो गया कि जिलाध्यक्ष के इर्दगिर्द परिक्रमा करने वाले नेताओं को मनचाहा पद से सुशोभित कर दिया गया। लेकिन जिले में ऐसे कई निष्ठावान जमीन से जुड़े नेता जिन्होंने भाजपा सत्ते में रही हो या सत्ते से बाहर बिल्कुल ईमानदारी से भाजपा का झंडा बुलंद कर भाजपा को जिताकर प्रदेश की सत्ता तक पहुंचाने वाले कट्टर नेताओं की उपेक्षा भाजपा के लिए आगामी चुनाव में मुसीबत पैदा न कर दे इस बात की चर्चा जोरो पर दिखाई दे रहा है।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य बीएलओ ने किया शुरू

कांकेर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 (एसआईआर) के तहत घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य मंगलवार 04 नवम्बर से प्रारंभ हो जाएगा। आयोग द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को सभी बीएलओ बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें, इसे लेकर आज बीएलओ (बूथ लेबल ऑफिसर्स) को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उनके दायित्वों के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों और निर्देशों की जानकारी दी गई। आज सुबह 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उपस्थित सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में भी विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें बीएलओ की महती एवं महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन सभी बीएलओ पूरी सजगता और गंभीरता से करें। आयोग द्वारा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 07 फरवरी को किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर के प्रत्येक कार्य के लिए समय-सीमा तय है। बीएलओ को सभी मतदाताओं के घर जाकर निर्धारित प्रारूप में सत्यापन कराना बेहद महत्वपूर्ण और आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्यापन के संबंध में फील्ड में किसी प्रकार का संशय होने की स्थिति में बीएलओ अपने उच्चाधिकारियों से परामर्श अवश्य लें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा बीएलओ के दायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस दौरान उन्हें घर-घर जाकर गणना, पते का मानकीकरण, गणना पत्रक प्रारूप का उपयोग करना, फॉर्म का निष्पादन- प्रक्रिया एवं समय-सीमा, पर्यवेक्षण एवं जांच, दस्तावेज अपलोड करने के लिए वेबसाइट, ई-रोल मैपिंग डाटा, व्यावहारिक सुझाव, प्रारूप नामावली का प्रकाशन आदि के संबंध में व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी से सभी बीएलओ को अवगत कराया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने बीएलओ की ओर से पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया और आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके तहत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में प्रविष्टि मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। बी.एल.ओ, (बूथ स्तरीय अधिकारी) नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान/लिंकिंग (आधार से जोड़ना) में सहायता करेंगे। मतदाता को ई.एफ (इलेक्टोरल फॉर्म) भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ई.आर.ओ./ए.ई.आर.ओ. को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ई.एफ ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे। ईआरओ/एईआरओ को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं हो और कोई भी अपात्र व्यक्ति का नाम उसमें शामिल न हो। इस अवसर पर नरहरपुर एवं कांकेर ब्लॉक के बीएलओ तथा निर्वाचन से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कृषि यंत्रों के परिचालन एवं महत्व पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

कांकेर/नवप्रदेश। कृषि क्षेत्र में कृषि यंत्रीकरण का उपयोग विभाग फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण का उपयोग विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू ने कृषि अभियांत्रिकी का कृषि में महत्व के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात प्रमुख परियोजना अन्वेषक एवं विभागाध्यक्ष फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. राजेश कुमार नायक द्वारा खेत की तैयारी एवं बुवाई हेतु विभिन्न कृषि यंत्रों का उपयोग के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि खेत में मिट्टी के बेलों को तोड़कर भुरभुरी करने हेतु रोटावेटर, नाली या मेड़ बनाने हेतु रीजर, मिट्टी को फोड़ने हेतु कल्वेटर, कम्बाईनड हार्वेस्टर आदि यंत्रों का उपयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक कृषि अभियांत्रिकी श्री प्रवीण वर्मा ने कहा कि कृषकों को श्रमिकों के अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सभी कृषकों को यंत्रीकरण अपनाने की नितांत आवश्यकता है। कृषि केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र हरिदास तायड़े ने भी कृषि उपयोगी यंत्रों के परिचालन एवं रखरखाव के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में कृषकों को उपयोगी कृषि यंत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में शाहवाड़ा, पुसावण्ड एवं कोटेला के अनुसूचित जाति वर्ग के 52 कृषक सम्मिलित हुए।

वनोपज अध्यक्ष नितिन पोटाई पहुंचे प्रशिक्षण शिविर में, कहा वनोपज हमारे जीविका के आधार

- लघु वनोपज हर्रा, बेहरा कचरिया संग्रहण हेतु प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। आगामी उत्पादित होने वाले लघु वनोपज हर्रा कचरिया एवं बेहरा कचरिया के उचित संग्राहण एवं रख रखाव को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लाख विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र माकड़ी में रखा गया था। शिविर में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों का उत्तम किस्म के हर्रा कचरिया एवं बेहरा कचरिया के उत्पादन, संग्रहण एवं रख रखाव संबंधी तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि यहा पाये जाने वाले वनोपज हमारे जीविका के आधार है। इसलिए इनका विनाशपूर्ण विदोहन किया जाना चाहिए। तेजी से घट रहे वन हम सब के लिए चिन्ता का विषय है। 1990 के पूर्व कांकेर अंचल में बहुतायत मात्रा में हर्रा का संग्राहण होता था। लेकिन अब इसका उत्पादन कम हो रहा है। जबकि इसका व्यापारिक महत्व बहुत ज्यादा है। इसलिए हम सबका यह प्रयास हो कि हम इसका अधिक से अधिक उत्पादन कर सके।

वनोपज अध्यक्ष नितिन पोटाई ने बताया कि जिला वनोपज सहकारी संघ द्वारा स्वसहायता समूह के माध्यम से आगामी दिसम्बर माह में हर्रा कचरिया का संग्राहण होगा। वहीं जनवरी माह से बेहरा कचरिया का संग्राहण प्रारंभ होगा जिसके लिए न्यूनतम समर्थ मूल्य लागू कर दिया गया है। जहां हर्रा कचरिया प्रति किलो 25 रूपये की दर से खरीदी की जायेगी वही बेहरा कचरिया 20 रूपया प्रति किलो की दर से खरीदी की जायेगी। उन्होने कहा कि शासन एवं राज्य वनोपज सहकारी संघ द्वारा लंघु वनोपज संग्राहकों का वनोपज न्यूनतम समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। अतः हम सब वनोपस संग्राहण के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करें।

जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अंतर्गत कार्यरत 21 प्राथमिक समितियों में से पलेवा, मर्दापोटी, कांकेर, पटौद, जामगांव, समिति के प्रबंधकगण शिविर में भाग लेकर प्रशिक्षण लिया । प्रशिक्षार्थियों को एस डी ओ जसबीर मरावी ने भी सम्बोधित किया तथा हर्रा एवं बेहरा संग्राहण के तकनीकी एवं बारिकियों को समझाया। इस अवसर पर एसडीओ फॉरेस्ट जसबीर मरावी, अजय भास्वानी, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक रत्ती राम कोमरा, संतोष बघेल, शिवप्रसाद दर्रो, कमलेश मरकाम, दिनेश साहू, किशोर देहारी, श्यामलाल वड्डी, सखा राम उसेण्डी, तामेश्वर भंडारी, आशुतोष प्रसाद, पुष्पलता कवर सहित कांकेर एवं नरहरपुर विकास खण्ड के हर्रा संग्राहक कृषक उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

बिलासपुर में मालगाड़ी के ...

स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुटी हुई है।

घायलों को कराया गया भर्ती

घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है , जहां पर उनका इलाज चल रहा है। मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई । मौके पर यात्रियों की चीख पुकार मची हुई थी। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे । रेलवे और जिला प्रशासन को मामले की सूचना दी गई, इसके बाद बचाव और राहत कार्य जारी है।

बिहार में पीएम मोदी की...

चुनाव पर थोड़ा बहुत असर पड़ेगा, जबकि 19 प्रतिशत लोगों ने माना कि चुनाव में पीएम मोदी की लोकप्रियता का जादू नहीं चलेगा।

आईएएनएस-मैटराइज सर्वे में प्रदेश की जनता से मुख्यमंत्री के रूप में पहली पसंद कौन होंगे, इस सवाल पर भी राय ली गई है। सर्वे में मुख्यमंत्री की पहली पसंद के तौर पर नीतीश कुमार (जेडीयू) को 46 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है। मतलब साफहै कि 20 साल के शासन के बाद भी नीतीश कुमार की छवि जनता के बीच आज भी चमक रही है। सर्वे में पसंदीदा सीएम चेहरे के तौर पर दूसरे नंबर पर तेजस्वी यादव (राजद) को 15 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है।

कानून-व्यवस्था को बेहतरीन माना

आईएएनएस-मैटराइज सर्वे में प्रदेश की जनता ने लालू राज से नीतीश कुमार के शासन को कानून-व्यवस्था के मामले में बेहतरीन माना है। 73 प्रतिशत जनता ने सर्वे में माना कि नीतीश कुमार की सरकार में बिहार की कानून-व्यवस्था शानदार रही है, जबकि लालू यादव की सरकार के समय की कानून-व्यवस्था को 12 प्रतिशत लोगों ने अच्छा माना है।

आईएएनएस-मैटराइज का सर्वे 10 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच किया गया है। इसमें बिहार के 73,287 लोगों के राजनीतिक मिजाज को जानने की कोशिश की गई है। सर्वे में 38,109 पुरुषों, 19,787 महिलाओं और 15,390 युवाओं को शामिल किया गया है। एजेंसी का दावा है कि उसके सर्वे में मार्जिन ऑफ एरर +/- 3 प्रतिशत हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन...

कोर्ट ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार अपने जवाब की प्रति पहले ही याचिकाकर्ताओं के वकीलों को दे, ताकि अगर वे कोई जवाब दाखिल करना चाहें, तो जल्द कर सकें। 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम, 2025' पहला केंद्रीय कानून है, जो ऑनलाइन जुए वाले गेम्स पर रोक लगाता है। इस कानून को दिल्ली, कर्नाटक और मध्य प्रदेश की हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। वरिष्ठ वकील सीए सुंदरम ने कोर्ट को बताया कि इस कानून के चलते यह पूरा व्यवसाय एक महीने से अधिक समय से बंद पड़ा है। सुनवाई के दौरान एक अन्य वकील ने कहा कि इस मामले में एक नई याचिका दायर की गई है, लेकिन उसे सूचीबद्ध नहीं किया गया है। अब यह मामला 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सुंदरम कहा, मैं एक शतरंज खिलाड़ी हूं और यह मेरा जीविका का साधन है। मैं एक एप लॉन्च करने वाला था। इस पर जस्टिस पारदीवाला ने कहा, भारत अजीब देश है। आप खिलाड़ी हैं, खेलना चाहते हैं, यह आपकी आजीविका का साधन है, इसलिए आप कार्यवाही में शामिल होना चाहते हैं। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता ऑनलाइन मैच में हिस्सा लेते हैं और इसके लिए भागीदारी शुल्क भी देते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि उनकी याचिका को भी बाकी लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाए।

मामले की स्थिति

सुप्रीम कोर्ट ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली इन सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई कर रहा है। सरकार से ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी करने वाले प्लेटफॉर्म्स पर रोक लगाने की मांग करने वाली एक अन्य याचिका 26 नवंबर को सुना जाएगा। सोमवार को शीर्ष कोर्ट ने 'जवाबदेही और प्रणालीगत परिवर्तन केंद्र' (सीएएससी) और शौर्य तिवारी की ओर से दायर याचिका पर भी केंद्र से जवाब मांगा था।

नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री...

लगातार चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशनों से माओवादियों को भारी नुकसान हुआ है। पिछले एक वर्ष में 545 माओवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं, जबकि 454 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं और 64 नक्सली मुठभेड़ों में मारे गए हैं। अब शेष बचे नक्सलियों पर भी सुरक्षाबलों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

एसपी की अपील

पुलिस अधीक्षक सुकमा ने कहा कि सुरक्षाबलों की कार्रवाई का उद्देश्य केवल नक्सलवाद का उन्मूलन नहीं, बल्कि क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास की स्थापना है। उन्होंने भटके हुए नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा छोड़कर विकास के मार्ग पर लौटें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जो भी माओवादी हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उन्हें शासन की पुनर्वास नीति के अंतर्गत सम्मानजनक जीवन की पूरी गारंटी दी जाएगी।

सरेंडर करने वाले ...

नक्सली संगठन के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा था, हाल ही में 26 अक्टूबर को पार्टी छोड़कर भाग गया और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सलियों के अनुसार, कमलू को उसके लंबे सेवाकाल को देखते हुए पहले एसी (एरिया कमेटी) और फिर डीवीसी (डिवीजनल कमेटी) के लिए चुना गया था। बाद में उसे भैरमगढ़ एरिया का एसी इंचार्ज भी बनाया गया था।

पर्चे में आरोप लगाया गया है कि कमलू ने पार्टी के साथ गद्दारी की और अपने साथियों को छोड़कर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया।

■ न्यूज गैलरी

नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने किया नगर कीर्तन का स्वागत

दुर्ग। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन का नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने स्वागत किया। सदस्यों ने नगर कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंज प्यारों को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। श्री गुरु ग्रन्थ साहेब पर पुष्प वर्षा कर माथा टेका और समाज के उत्थान के लिये अरदास की। इस मौके पर प्रवीण भाई आडतिया और नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से कुलवंत भाटिया, हरमन दुलई, रितेश जैन, सुरेश जैन, राजेश पारख ने नगर कीर्तन का स्वागत किया और श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व बधाई दी।

एनएचएम संविदा भर्ती : दस्तावेज सत्यापन और परीक्षा सूचना

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती के माध्यम से विगत दिवस 38 पद के लिये विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। विज्ञापित पदों में से 22 पदों के लिये दस्तावेज सत्यापन और लिखित/कौशल परीक्षा के लिए संवर्गवार मेरिट अभ्यर्थियों की सूची व परीक्षा समय सारिणी तिथि की सूचना को जिले के विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया गया है। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट में देखी व डाउनलोड कर सकते है।

एकता दिवस पर अधिकारियों कर्मचारियों ने शपथ ली

जामुल। नगर पालिका जामुल में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी के नेतृत्व में एकता की शपथ ली। राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा बनाए रखने और देशवासियों को संदेश देने के लिए सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शपथ दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता के अनुरूप उनके द्वारा राष्टहित में किये गये कार्य और योगदान को राष्ट्रीय प्रेरणा मानते हुए उनके आदर्श को हमेशा अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी, उप अभियंता सचिन भागवत, राजस्व प्रभारी हरीश साहू, उप राजस्व निरीक्षक हिम्मत मण्डावी, लेखापाल शिवाजी प्रसाद, मुख्य सचिव आशा जंघेल, रामू देवांगन, मोहन वर्मा, महेन्द्र परगनिहा, वेदान्त वर्मा, बशीर खान, हीरो बाई, श्यामरतन पटेल, सेनकुमार सोनवानी, रवि चौहान, नरेन्द्र यादव, अशोक पटेल, तुकेश सेन, बिन्दु साहू, प्रतिभा वर्मा, तोरण साहू उपस्थित थे।

4 दिसंबर तक घर-घर जाएंगे बीएलओ, 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

■ **कलेक्टर ने प्रेस कांफ्रेंस में एसआईआर की जानकारी दी**

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस कांफ्रेंस में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि मुद्रण, प्रशिक्षण 28 अक्टूबर से 3 नवंबर के बाद 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर जाकर बीएलओ गणना करेंगे। 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति की कार्यवाही होगी। 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) की प्रक्रिया होगी। 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

कलेक्टर ने कहा नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने का मुख्य उद्देश्य है कि कोई अवैध नागरिक न जुड़े और भारत के वैध नागरिक न छूटें। ताकि, मतदाता सूची शुद्ध रहे। एसआईआर के तहत मृत और अन्यत्र निवासरत व्यक्तियों का नाम फार्म-7 भरकर मतदाता सूची से हटाया जाएगा और 1 जनवरी 2026 की स्थिति में नए मतदाताओं का नाम फार्म-6 भरकर दर्ज करने की कार्यवाही की जाएगी।

मतदाता सूची में त्रुटि सुधार हेतु फार्म-8 का उपयोग कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जाएगा। इससे पूर्व वर्ष 2003 में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम किया गया था। कलेक्टर ने बताया कि 31 अक्टूबर की स्थिति में जिले में कुल 6 पूर्ण और 2 आंशिक विधानसभा क्षेत्र हैं।

कुल 1520 मतदान केन्द्र (युक्तियुक्तकरण के बाद 222 नए मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग का अनुमोदन प्राप्त) है। इनमें 7,18,777 पुरूष मतदाता, 7,33,677 महिला मतदाता और 55 अन्य मतदाता इस प्रकार कुल 14,52,509 मतदाता है। वर्ष 2003 में विधानसभा क्षेत्र की संख्या 11 थी। कुल 1949 मतदान केन्द्र थे। पुरूष मतदाताओं की संख्या 950318, महिला मतदाताओं की संख्या 926286 थी। कुल मतदाताओं की संख्या 1876604 थी। वर्ष 2003 के मतदाताओं की जानकारी के सापेक्ष में वर्तमान विधानसभावार स्थिति के अनुसार 6 पूर्ण और 2 आंशिक विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 975 है, जिनमें 505595 पुरूष मतदाता, 473476 महिला मतदाता, इस प्रकार कुल 979071 मतदाता शामिल है।

कलेक्टर बताया कि वर्तमान विधानसभा क्षेत्रों में नामावलियों में अनुमोदित नये मतदान केन्द्रों की संख्या 222 है। कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1520 से बढ़कर 1742 हो गई है। वर्तमान में राज्य में सम्पन्न कराए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में जिले के अंतर्गत मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और उनसे गणना प्रपत्र भरवाकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु जिले में राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई है। मतदाता जागरूकता के लिये विशेष प्रचार-प्रसार किये जाएंगे। जिसमें बीएलओ के सहयोग और जिले के सभी मतदाताओं की सहभागिता अपेक्षित है। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में पंजीकृत प्रत्येक मतदाता के लिये गणना प्रपत्र प्रिंट कर बूथ लेवल अधिकारियों को देंगे। गणना प्रपत्र में समस्त आवश्यक जानकारी पूर्व से प्रिंटेड फार्म में रहेगी। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से संकलन किये गये गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की कार्यवाही करेगा। जिन मतदाताओं के नाम पिछले पुनरीक्षण 2003 की मतदाता सूची से मैच/लिंक नहीं होगा या जिनका इन्युमरेशन फार्म प्राप्त नहीं होगा, उन्हे ईआरओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस जारी किये गए मतदाताओं की सुनवाई कर उनकी मतदाता सूची में पात्रता/अयोग्यता के बारे में परीक्षण कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने या न करने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

एआईसीटीई ने रूंगटा यूनिवर्सिटी को बनाया नोडल सेंटर प्रदेश के डीईओ व डाइट प्राचार्यों को मिलेगी ट्रेनिंग

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों को उद्यमिता और नवाचार सिखाएगा एआईसीटीई

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की ओर बढ़ाने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की विशेष तैयारी शुरू हो गई है। इसके पहले पड़ाव में एआईसीटीई प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और डाइट प्राचार्यों की ट्रेनिंग कराएगा। दो दिवसीय ट्रेनिंग के लिये एआईसीटीई ने रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी (आरसीईटी) को नोडल सेंटर बनाया गया है। यहां 6 और 7 नवंबर को सभी डीईओ जुटेंगे, जिनकी ट्रेनिंग के लिए एआईसीटीई से आला अधिकारी भिलाई आएंगे। कार्यक्रम पीएमश्री योजना के तहत होगा, जिसमें सभी डीईओ को उनके स्कूली बच्चों को विज्ञान के नए आयामों से जोडऩे के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए समग्र शिक्षा विभाग ने सभी 75 प्रतिनिधियों की सूची जारी कर दी है। यह एक तरह की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग होगी, जिसमें सभी प्रतिनिधियों को उनकी कार्यक्षेत्र की स्कूलों में इस क्रियान्वित करना होगा।

रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के स्कूलों में बच्चों को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें सोचने, समझने और खुद कुछ नया बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसी दिशा में पहली ट्रेनिंग डीईओ और प्राचार्यों को मिलेगी। वें यहां जो सीखेंगे उसको आगे सिखाएंगे। इन ट्रेनिंग का मुख्य मकसद बच्चों के अंदर इनोवेशन, डिजाइन थिंकिंग और आंप्रेन्योरशिप (उद्यमिता) की भावना जगाना है। ट्रेनिंग की कड़ी दर कड़ी बच्चों को यह समझाने की कोशिश करेगी कि वे रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान कैसे खोज सकते हैं। बच्चे छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर सीखेंगे कि कोई भी नया आइडिया कैसे एक उपयोगी चीज या व्यवसाय में बदला जा सकता है। इस ट्रेनिंग के बाद प्रदेश की सभी अटल टिंकरिंग लैब में नए सिरे से प्रशिक्षण शुरू होंगे। उदाहरण के लिए, कोई छात्र अगर गांव में पानी की समस्या देखता है, तो उसे यह सिखाया जाएगा कि वह इस समस्या के समाधान के लिए एक मॉडल या डिवाइस कैसे बना सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग और एआईसीटीई के संयुक्त प्रयास से स्कूलों में इनोवेशन लैब और आइडिया कॉर्नर बनाए जाएंगे, जहां बच्चे टीम बनाकर अपने विचारों पर काम करेंगे। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारियों को यह सिखाया जाएगा कि कैसे वे अपने-अपने जिलों के स्कूलों में इस नई शिक्षा पद्धति को लागू करेंगे। बच्चों को नवाचार की दिशा में सोचने और काम करने के वातावरण तैयार करने का प्रशिक्षण मिलेगा। इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफार्म और ट्रेनिंग मॉड्यूल के जरिए शिक्षकों को भी ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे छात्रों को सीखा सकेंगे।

सात विभागों का कार्यक्रम

रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिलों में इसी तरह के वर्कशॉप, बूटकैंप और इनोवेशन फेयर आयोजित करेंगे। कार्यक्रम भारत सरकार के इनोवेशन सेल, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड लिट्रेसी, पीएमश्री, स्कूल इनोवेशन काउंसिल, वर्धमान फाउंडेशन और एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में होना है। छत्तीसगढ़ के हर जिले में इनोवेशन एंबेसडर तैयार किए जाएंगे। शिक्षक और छात्र जो नवाचार की यह लहर आगे बढ़ाएंगे। शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं रहेगी, बल्कि बच्चों को सोचने, बनाने और देश के विकास में योगदान देने तैयार किया जाएगा।

8 तस्करों से 2.5 हजार नशीले कैप्सूल जब्त

दुर्ग/नवप्रदेश। नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ पुलिस की सख्त मुहिम ऑपरेशन विश्वास के तहत दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। खुर्सीपार और पद्मनाभपुर थाना क्षेत्रों में दबिश के दौरान 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल जब्त किए गए हैं। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम आईटीआई ग्राउंड पहुंची। यहां कुछ युवक नशीले कैप्सूल बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे थे।

पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर छह आरोपियों रजनीश पांडे, विपिन जेम्स, श्याम कन्हैया विश्वकर्मा, रणजीत राम, अभिजीत साहू और अरबाज खान को गिरफ्तार किया। तलाशी में कुल 2,044 नशीले कैप्सूल, बिना नंबर की मोटरसाइकिल, 6 मोबाइल फोन, टाइटन घड़ी और 1,300 रुपए नगद बरामद किए गए। एक अन्य कार्रवाई पद्मनाभपुर क्षेत्र में हुई। मानस भवन के पीछे रविशंकर स्टेडियम के पास दो संदेहियों फैजान अहमद और साहिल कुमार यादव को पकड़ा गया।

तलाशी में 45 स्ट्रिप में कुल 371 नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल, एक्टिवा स्कूटी, दो मोबाइल और 1,110 नकद जब्त किए गए। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

शंकराचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली शपथ

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई के वाणिज्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करते हुए भारत की अखण्डता-एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ ली। एम. कॉम. के विद्यार्थी रमन तिवारी, बी.कॉम अंतिम के सौरभ धुर्वे, वेदान्त सिंह ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी, कार्य आदि पर ओजस्वी भाषण दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना झा ने कहा कि सभी छात्र इस देश के भविष्य हैं। उनके कन्धों पर बड़ी जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन सिर्फ सकारात्मक सोच और सकारात्मक प्रयासों से हो सकेगा। अकादमिक डीन डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि छात्रों को तोड़-फोड़ और हिंसा के मार्ग से दूरी बनाकर संयमित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ अनीता पाण्डेय ने विद्यार्थियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के पद चिन्हों पर चलने की अपील की। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. सुबोध द्विवेदी, डॉ. केके श्रीवास्तव, डॉ. एसके श्रीवास्तव, एसपी पदमश्री सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने देश की अखण्डता व एकता को बनाए रखने की शपथ ली।

बाल संप्रेषण गृह की दीवार फांदकर भागे 3 नाबालिग

■ **सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, परिजनों से भी पूछताछ जारी**

दुर्ग/नवप्रदेश। रविवार को रात तीन नाबालिग पुलगांव स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से भाग निकले। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि तीनों नाबालिगों को पता चल सके। भागे नाबालिगों में से एक नाबालिग हत्या, दूसरा लूट और तीसरा अन्य मामले में बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया था। रविवार की रात तीनों दीवार फांदकर भाग निकले। इसकी भनक लगते ही प्रबंधन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एएसपी सुखनंदन राठौर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बच्चों के बाल संप्रेक्षण गृह से भागने की सूचना मिली है। नाबालिगों की तलाश के लिये कई टीमें गठित की गई है। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। पता लगाया जा रहा है कि बच्चे अपने परिजनों के संपर्क में हैं या नहीं।

भिलाई में कबाड़ी दुकान में लगी आग

भिलाई/नवप्रदेश। सोमवार को तड़के भिलाई-3 स्थित एक कबाड़ी दुकान में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सोमवार को सुबह करीब साढ़े 5 बजे के आसपास आग लगने का पता चला। भिलाई-3 क्षेत्र में स्थित वकील खान की कबाड़ी दुकान से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तत्काल सूचना दमकल टीम को दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि समय पर टीम नहीं पहुंचती, तो आग आसपास की दूसरी दुकानों और घरों तक फैल सकती थी।

हॉली क्रॉस कापा स्कूल ने रेडिएंट वे स्कूल को दी मात

कुम्हारी/नवप्रदेश। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-5 में रविवार को 6 टी-20 मैच खेले गए। राज्य की सबसे बड़ी स्कूल प्रतियोगिता में 32 स्कूलों के बीच कुल 56 टी-20 मैच खेले जाएंगे। पहले मैच में रेडिएंट वे स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रेडिएंट वे स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में केवल 79 ही रन बनाए। रेडिएंट स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए अर्पित चंद्राकर ने सर्वाधिक 21 रन और अथर्व चतुर्वेदी ने 12 रनों का योगदान दिया। हॉली क्रॉस कापा स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए तन्मय मंधानी व आर्यन यादव ने 2-2 विकेट हासिल किये। जवाब में 80 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हॉली क्रॉस कापा स्कूल की टीम ने 5.4 ओवर में इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। हॉली क्रॉस स्कूल की टीम से बल्लेबाजी में चेतन देवांगन ने 53 और वंश बैस ने 19 रनों का योगदान दिया। यह मैच हॉली क्रॉस कांपा स्कूल ने 10 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच चेतन देवांगन रहे। प्रतियोगिता के दूसरे मैच में हॉली हार्ट्स एजूकेशनल एकेडमी स्कूल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल को 61 रनों से हराया। तीसरे मैच में रेडिएंट वे स्कूल ने लिटिल फ्लावर स्कूल को 5 विकेट से हराया। चौथे मैच में ज्योति विद्यालय चरोदा ने रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल को 8 विकेट से शिकस्त दी। पांचवे मैच में कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना ने ज्ञान सरिता स्कूल रायपुर को 10 विकेट से हराया।

निगम आयुक्त ने किया नेहरूनगर जोन का निरीक्षण

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत रोड निर्माण, नाली, सफाई, सीवरेज लाइन, सड़कों की सफाई, उद्यान, अटल परिसर सहित तारामण्डल उद्यान का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त के साथ जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत ने नेहरू नगर के शिवाजी चौक के पास रोड, नाली सफाई और सीवरेज का निरीक्षण किया। सीवरेज का पानी सड़क पर बहते देख स्वास्थ्य अधिकारी को

तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिये गए। सीवरेज के लिये बनाए गए चेंबर का ढक्कन टूटकर गिरा होने से दुर्घटना की संभावना को देखते हुए ढक्कन लगाने के निर्देश दिये गए। आगामी दिनों में रोड का निर्माण किया जाना है।

सहस्त्रबाहु उद्यान का रखरखाव सामाजिक संस्था के लिये दिया गया है। संस्था को उद्यान के घास कटिंग और सफाई व्यवस्था बनाए रखने कहा गया। बख्शी उद्यान में स्थापित झूला टूटा मिला, जिसकी मरम्मत कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया गया। उद्यान में उपस्थित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से रोपित पौधों और उद्यान के सम्बन्ध में चर्चा की। जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिये गए।

तारामण्डल उद्यान में शासन के मंशानुसार अटल परिसर का निर्माण हो रहा है। यह कार्य तत्काल पूरा करने एजेंसी को निर्देशित किया गया। तारामंडल और उद्यान के रखरखाव व संचालन के लिये रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण के लिये सहायक अभियंता एफ एल साहू को निर्देशित किया गया। प्रियदर्शनी परिसर रेलवे ट्रैक के किनारे रोड का निर्माण किया जाना है, जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त ने किया। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा जामुलकर, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी उपस्थित रहे।

टैक्स नहीं पटाने पर कटेगा नल कनेक्शन

टैक्स वसूलने रिसाली के सभी वार्डो में हर बुधवार को लगेगा शिविर

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम रिसाली की राजस्व विभाग की टीम अब टैक्स वसूली करने सभी वार्डो में शिविर लगाएगी। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने इस अभियान की शरुआत करते हुए पुरैना के तीनों वार्डो में शिविर लगाने के निर्देश दिए है। हर बुधवार को वार्डो में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

राज्य शासन द्वारा टैक्स वसूली और निगम की आय बढ़ाने लगातार निर्देशित किया जा रहा है। इस माह के प्रथम बुधवार को वार्ड 38 स्टोर पारा पुरैना के शिव मंदिर मंच, वार्ड 39 एनएसपीसीएल पुरैना के जगदम्बा चौक और वार्ड 40 पुरैना बस्ती के सामुदायिक भवन में शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से लेकर

शाम 4 बजे तक लगाया जाएगा।

12 नवम्बर को वार्ड 35 डुण्डेरा पश्चिम सुभाष चौक, वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व दशहरा मैदान मंच, वार्ड 37 जोरातराई बागपारा मंच, 19 नवम्बर को वार्ड 32 नेवई भाठा के दुर्गा मंच मैदान, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व के सरकारी स्कूल के सामने, वार्ड 34 नेवई बस्ती दशहरा मैदान मंच, 26 नवम्बर को वार्ड 13 टंकी मरोदा शीतला कल्याणी मंदिर, वार्ड 14 शीतला कल्याणी मंदिर मरोदा, वार्ड 15 मौहारी भाठा हमर क्लीनिक के सामने शिविर लगाया जाएगा। 3 दिसम्बर को वार्ड 16 बीआरपी कालोनी पार्षद ऑफिस के पास, वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोदा शीतला मंदिर तालाब के पास, वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी दुर्गा मंच के पास, 10 दिसम्बर को वार्ड 19 विजय चौक पटेल पारा मंच के पास, वार्ड 20 शंकर पारा में चौपाटी के पास, वार्ड 21 सूर्या नगर स्टेशन मरोदा में पार्षद कार्यालय के पास, 17 दिसम्बर को वार्ड 1 तालपुरी में क्लब हाऊस बी ब्लाक, वार्ड 2 रूआबांधा उत्तर दशहरा मैदान, वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण यादव चौक वार्ड कार्यालय, वार्ड 4 रूआबांधा पूर्व उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास, 24 दिसम्बर को वार्ड 22 मैत्रीकुंज में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, वार्ड 23 प्रगतिनगर में परमेश्वरी भवन, वार्ड 24 आजाद मार्केट में क्रास स्ट्रीट जैन भवन में शिविर लगाया जाएगा।

31 दिसम्बर को वार्ड 25 आशीष नगर और वार्ड 26 अवधपुरी रिसाली के टंकी ऑफिस कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा। वार्ड 27 मैत्रीनगर रिसाली का शिविर हनुमान मंदिर मैत्रीनगर में लगाया जाएगा। शिविर का समापन 7 जनवरी 2026 को होगा। इस दिन वार्ड 28 शक्ति विहार स्थित हनुमान मंदिर वार्ड 29 लक्ष्मी नगर दुर्गा मंच रिसाली भाठा, वार्ड 30 इस्पात नगर रिसाली गणेश पंडाल, वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख वार्ड शिविर सब्जी मार्केट में लगाया जाएगा।

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर में टैक्स जमा करने वालों के लिए आईडी बनाने के निर्देश दिए है। काफी समय से टैक्स जमा न करने वाले करदाताओं के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने टैक्स जमा न करने पर करदाताओं के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करने कहा है।

बीएसपी ने किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत 'वॉकथॉन' का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2025 के अंतर्गत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा इस्पात भवन से इक्विपमेंट चौक तक 'वॉकथॉन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शपथ दिलाकर संयंत्र के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्र ने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का विषय सत्यनिष्ठा हमारी साझा जिम्मेदारी रखा गया है। वॉकथॉन का उद्देश्य समाज में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के विरोध के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं एस. मुखोपाध्याय,

कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक माइंस बीके गिरी, कार्यपालक निदेशक वर्क्स राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक रावघाट अरुण कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्य, खेल, सांस्कृतिक व नगर सेवाएं विभाग के प्रतिनिधि, कर्मचारी और इस्पात नगरी के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सतर्कता विभाग से अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मुख्य महाप्रबंधक व सहायक मुख्य सतर्कता अधिकारी सुनील सिंघल, महाप्रबंधक संदीप गुप्ता,रेनू गुप्ता, दीप्ति, उपमहाप्रबंधक अंशुमान सिंह, नौशाद, वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल, सहायक प्रबंधक प्रफुल्ल करोडे और राम प्रवेश भी उपस्थित रहे।

जिंदल स्टील रायगढ़ को इस्पात मंत्रालय की राष्ट्रीय अध्ययन पहल के लिए किया गया चयनित

रायगढ़/नवप्रदेश इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत जॉइंट प्लांट कमेटी द्वारा इस्पात क्षेत्र में सुरक्षा संसाधनों की समीक्षा एवं उपयुक्त सुधारात्मक उपायों सहित एक संस्थागत तंत्र विकसित करने÷ के उद्देश्य से एक व्यापक अध्ययन शुरू किया गया है। इस अध्ययन का लक्ष्य इस्पात उद्योग में सुरक्षा से जुड़ी नीतियों, नियमों, क्षमता निर्माण, जागरूकता और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस सिफारिशें प्रस्तुत करना है।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अध्ययन के लिए मे. ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी को रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्ययन के अंतर्गत देशभर के चुनिंदा बड़े एकीकृत इस्पात संयंत्रों का स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। जिंदल स्टील, रायगढ़ को इस परियोजना के तहत मॉडल वृहद एकीकृत इस्पात संयंत्र के रूप में चयनित किया गया है। यह समूचे जिंदल स्टील परिवार के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि देश के कुछ चुनिंदा संयंत्रों में से एक के रूप में रायगढ़ इकाई को इस अध्ययन में शामिल किया गया है। मे. ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी की तीन सदस्यीय टीम, जिसमें संस्था के कार्यकारी निदेशक भी शामिल थे, ने जिंदल स्टील रायगढ़ का दौरा किया। दौरे की शुरुआत कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद से हुई। टीम ने अपने प्रवास के दौरान संचालन, सुरक्षा एवं मानव संसाधन विभागों के साथ विस्तृत चर्चा की और संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दिन व रात्रिकालीन निरीक्षण किया। दौरे के अंत में टीम ने जिंदल स्टील रायगढ़ की कार्य संस्कृति और सुरक्षा के प्रति समर्पण की अत्यधिक सराहना की। इस्पात मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नीतियां बनाने के लिए किए जा प्रयासों की कड़ी में देश के चुनिंदा संयंत्रों के साथ जिंदल स्टील रायगढ़ का नाम भी शामिल होना सिर्फरायगढ़ ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

राज्योत्सव के दौरान हितग्राहियों को मिली सौगात

बालोद/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित जिले के हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर रविवार 02 नवंबर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने विभागों के प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को चेक सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इसके अंतर्गत मुख्य अतिथि श्री कोर्सेवाड़ा एवं अतिथियों ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर निवासी मत्स्य पालक कृषक श्री छबिलाल ढीमर को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जीवित मछलियों के विक्रय हेतु कुल 10 लाख रूपये की लागत की चार पहिया वाहन प्रदान किया गया।

इस योजना के अंतर्गत मत्स्य पालक कृषक छबिलाल ढीमर को कुल लागत की 40 प्रतिशत यानी 04 लाख रूपये की राशि का अनुदान भी प्राप्त हुआ है। इस दौरान अतिथियों के द्वारा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ निवासी संतोष निषाद, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा निवासी श्रीमती बिंदा बाई एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम पर्रेगुड़ा निवासी लाल सिंह ठाकुर एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर निवासी जतिन ढीमर को 10-10 हजार रूपये लागत की 01-01 नग मछली जाल प्रदान किया गया। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ निवासी पवन साहू, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा निवासी सुलोचना तारम, बालोद विकासखण्ड के ग्राम पर्रेगुड़ा निवासी गौरसिंह निषाद एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर निवासी पंचुराम को 06-06 हजार रूपये लागत की आईसबॉक्स प्रदान किया गया। इस दौरान राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख एवं केसी पवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, वन मंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर, एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

खम्हारडीह में मंडई मेला आज

खैरागढ़/नवप्रदेश पाडादाह से सटे ग्राम खम्हारडीह मे 5 नवंबर बुधवार को मंडई मेला आयोजित है । ग्राम पटेल बरातुराम साहू ने बताया कि मंडई के उपलक्ष्य मे छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी पूजा के फूल खल्लारी बालोद वालो का रात्रि मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा ।

पुराने विवाद के चलते मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना पुलिस ने खेड़ीगांव में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को अनूप बंजारा ने बताया कि वह ग्राम लिलेसर का रहने वाला है। उनका पैतृक गांव खेड़ीगांव है, जहां परिवार वाले रहते हैं। 1 नवंबर को देवउठनी पर खेड़ीगांव गया था। चौक में कुछ सामान लेने के बाद अपने भाई गुल्लू बंजारा के घर जा रहा था। रात करीब 8 बजे गांव के मोहन नायक ने उसे देखकर-तुम्हारा कोई जमीन-घर नहीं है, दीया जलाने के लिए आया है कह कर गाली गलौज कर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। दूसरी ओर मोहन नायक ने पुलिस को बताया कि अनूप बंजारा पारिवारिक बडें भाई लगते हैं। दोनों का घर आपस में लगा हुआ है और जमीन संबंधी विवाद पूर्व से चल रहा है। 1 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह संतोष यादव चौरा के पास बैठा था, उसी समय अनूप बंजारा आया और तुम अपने मकान को मेरे जमीन तरफबढ़ाकर बना रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

पलायन पर नहीं लग रहा रोक : रश्मि

महासमुंद/नवप्रदेश। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि रोजगार कभी भाजपा का एजेंडा नहीं रहा, यही कारण है कि पलायन हो रहा है। महासमुंद जिले से पलायन पर रोक नहीं लग रही है। कमाने-खाने के लिए परदेश जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हर साल महासमुंद जिले के सभी ब्लॉकों में हजारों की संख्या में लोग यहां से परदेश की डगर नाप जाते हैं। लेकिन, जिलों से कितने लोग बाहर जा रहे हैं और कितने वापस आ रहे हैं। इसका कोई रिकार्ड संधारण नहीं किया जाता न ही सरकार और जिला प्रशासन द्वारा रोकने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि परदेस जाने के बाद जब कभी मजदूरों को बंधक बना लिया जाता है।

धमतरी जिले के सरकारी भवन में चल रहा है सेहत से खिलवाड़ का खेल

❒ भटगांव में घटिया गुणवत्ता की बालूशाही-मिक्चर इकाई पर एफडीए की बड़ी कार्रवाई

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के ग्राम भटगांव स्थित रीपा सेंटर में संचालित बालूशाही, सेव मिक्चर एवं अन्य खाद्य सामग्री निर्माण इकाई पर 3 नवम्बर को बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा की शिकायत पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) धमतरी की टीम द्वारा की गई।

अध्यक्ष अरुण सार्वा एवं सभापति अजय फत्ते लाल ध्रुव ने रीपा सेंटरों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए भटगांव पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि खाद्य सामग्री अत्यधिक गंदगी में खुले में तैयार की जा रही थी। जगह-जगह भिनभिनाती मक्खियां, बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करते वर्कर, और मानक से परे रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल की आशंका ने स्थिति को गंभीर बना दिया।

इस पर तत्काल एफ्डीए अधिकारी सर्वेश यादव को सूचना दी गई। वे अपनी टीम - फूड सेफ्टी अधिकारी फनेश्वर पिथौड़ा और नमूना सहायक वर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि संचालक अनिल कुमार कलवानी (निवासी आमापारा, धमतरी) बिना किसी लाइसेंस के खाद्य निर्माण कार्य कर रहा था। टीम ने खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के तहत विधिक नमूना संग्रहन करते हुए "विदाउट लाइसेंस" की धारा में कार्रवाई की।

अरुण सार्वा ग्राम पंचायत भटगांव के सरपंच फगूराम साहू एवं सचिव गजेन्द्र नेताम ने बताया कि उक्त संचालक को पांच

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा की शिकायत पर हुई सख्त कार्यवाही - मौके पर मिली गंदगी और मानकहीन उत्पादन प्रक्रिया

बार से अधिक चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन सुधार नहीं हुआ। साथ ही उसने कई माह से पंचायत का किराया भी नहीं दिया है। अब पंचायत की बैठक बुलाकर उसे उक्त स्थल से हटाने की प्रक्रिया की जाएगी। एफ्डीए अधिकारी ने बताया कि, निर्माण में किसी प्रकार का लाइसेंस नहीं होना, एसओपी मानक प्रक्रिया का पालन नहीं पाया गया। बालूशाही और सेव मिक्चर के चार नमूने (प्रत्येक दो किलो) रायपुर लैब भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने संचालक अनिल कलवानी से बातचीत कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की, तो उन्होंने किसी भी प्रकार की बात करने और प्रश्नों का उत्तर देने से साफ इनकार कर दिया। जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर इस तरह की मानकहीन और अस्वच्छ खाद्य सामग्री का निर्माण होना चिंताजनक है। यदि मुख्यालय के इतने समीप यह स्थिति है, तो जिले के आंतरिक ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के अवैध उत्पाद निर्माण से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए आवश्यक है कि जिला प्रशासन इस दिशा में बड़ी और ठोस कार्यवाही कर ऐसे अस्वास्थ्यकर खाद्य निर्माण इकाइयों पर सख्त रोक लगाए।

बच्चों की सेहत से जुड़े इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा और सभापति अजय फत्ते लाल ध्रुव की तत्परता और कार्रवाई की आम नागरिकों ने खुलकर सराहना की।

नई दिशा अभियान के तहत नशामुक्ति का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में शासकीय मिनीमाता महाविद्यालय बलौदाबाजार में नई दिशा अभियान एवं हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पुष्पराज वर्मा के द्वारा युवाओं को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी से संबंधित जानकारी, परामर्श तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी ने नशामुक्त भारत अभियान के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्रदान किया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कौशल विकास तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न योजना की जानकारी दी गई।

कांग्रेस के प्रदर्शन से पहले ही घबराया प्रशासन

❒ प्रदर्शन स्थगित होने के बाद भी नींद से जागे लोनिवि ने आनन फानन मे कराई सडक़ की मरम्मत

खैरागढ़/नवप्रदेश जर्जर सडक़ को सुधारने कांग्रेस के सदबुद्धि यज्ञ कराने से पहले ही राज्योत्सव मे मस्त प्रशासन ने प्रदर्शन को देखते आनन फानन मे जर्जर सडक़ की मरम्मत कराकर राहत की सांस ली है । कांग्रेस और मिशन संडे टीम द्वारा रविवार को ईतवारीबाजार के धमधा मोड़ पर जर्जर हो चुकी सडक़ की मरम्मत के लिए रविवार को तिराहे पर ही मरम्मत कराने सरकार और स्थानीय प्रशासन को जगाने सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया था । हालंकि विधायक यशोदा वर्मा के रविवार को प्रवास और अन्य कार्यक्रमों मे व्यस्त रहने के चलते कार्यक्रम की शनिवार को पूरी तैयारी किए जाने के बाद देरात स्थगित करने की सूचना दे दी गई । प्रदर्शन की जानकारी शनिवार को स्थानीय प्रशासन को मिली जिसके बाद पूरा प्रशासन हरकत मे आ गया । राज्योत्सव के दौरान ही शहर मे कांग्रेस और मिशन संडे के इस बड़े प्रदर्शन से प्रशासन की किरकिरी होने के डर से आनन फानन मे लोनिवि अधिकारियो को दिशा निर्देश देकर रविवार को सडक़ की मरम्मत कराए जाने के आदेश दे दिए गए । आदेश के बाद लोनिवि के अधिकारी भी रतजगा करते रविवार सुबह से ही धमधा मोड़ की जर्जर सडक़ की सुधार और मरम्मत के लिए जूट गए । महीनो से मरम्मत की मांग को अनदेखा करने वाले लोनिवि अधिकारी दलबल साथ रविवार दोपहर मौके पर पहुँचे और आनन फानन मे उक्त सडक़ की मरम्मत कराने के बाद उसका डामरीकरण भी करा दिया । ताकि कांग्रेस और मिशन संडे को प्रदर्शन का मौका न मिल सके । मरम्मत कार्य पूर्ण होने के स्थानीय क्षेत्रवासियों ने भी राहत की सांस ली है आवाजाही करने वाले वाहनो और लोगो को भी मरम्मत कार्य पूर्ण होने से बड़ी राहत मिली है । विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया कि जनता के मुद्दों और इतवारी बाजार चौक की जर्जर सडक़ को लेकर विधायक के नेतृत्व में प्रदर्शन की तैयारी थी विधायक के प्रवास पर होने से कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। प्रशासन आंदोलन के डर से सक्रिय हुआ और सडक़ सुधार कार्य शुरू करना पड़ा। यह जनता की जीत है। सरकार और जिला प्रशासन को सदबुद्धि यज्ञ की घोषणा से ही बुद्धि मिल गई । कांग्रेस अब किसानों के मुद्दे पर बड़ा आंदोलन करते असमय बारिश से हुई धान,सोयाबीन और अन्य फसलों की क्षति पर मुआवजा दिलाने के लिए कांग्रेस सडक़ पर उतरेगी। कांग्रेस जनता से जुड़े हर मुद्दे पर समस्याओं के समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा।

विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की

गरियाबंद/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 के दूसरे दिन आज कलेक्टर श्री बी. एस उइके, वरिष्ठ नागरिक श्री अनिल चन्द्राकर, श्री आशीष शर्मा, श्री सुरेन्द्र सोनटेके, श्री राधेश्याम सोनवानी, श्री अजय रोहरा, श्री सूरज सिन्हा, श्री भीष्मदेव निषाद ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। आज राज्योत्सव के दूसरे दिन भी विविध मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इन कार्यक्रमों में जिले के शैक्षणिक संस्थानों एवं गैर-शालेय दलों के

कलाकार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, लोकनृत्य एवं लोकगीत से दर्शक गदगद हुए। कार्यक्रम में शालेय दलों की प्रस्तुतियों की शुरुआत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्वामी आत्मानंद (हिंदी माध्यम) गरियाबंद के विद्यार्थियों द्वारा हल्बी गीत से की गई। इसके पश्चात स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद के छात्राओं द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुत दी गई। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गरियाबंद के छात्र-छात्राएँ ने करमा नृत्य, तथा कमार आवासीय विद्यालय दर्रापारा के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके अलावा पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास गरियाबंद का लोकनृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल का परब नृत्य, और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद का करमा नृत्य मंच पर प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा सुआ नृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा पंथी नृत्य, तथा स्प्रिंग बोर्ड हाई स्कूल सोहागपुर के विद्यार्थियों द्वारा राउत नाचा की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आज बेलसोंडा स्थित 17 वर्ष पुराने वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई मशीनें व उपकरण जर्जर अवस्था में पाई गई। मशीनें जर्जर होने के कारण जल शोधन प्रक्रिया प्रभावित होने की बात सामने आई। जिस पर श्री साहू ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मशीनों को दुरुस्त करने निर्देशित किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि मरम्मत योग्य मशीनों का मरम्मत कराए तथा आवश्यकता पड़ने नई मशीनों की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को साफ व शुद्ध पेयजल

उपलब्ध कराना नगर पालिका का प्रथम कर्तव्य है। यहां की पानी को फिल्टर करने व उसके शुद्धिकरण की पूरे प्रक्रिया महत्तवपूर्ण है, इसे प्राथमिकता में लेते हुए सावधानीपूर्वक फिल्टर करें। उन्होंने प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों को पानी की शुद्धिकरण सावधानी पूर्वक करने की बात कही। साथ ही एलम, ब्लीचिंग पावडर की स्टॉक भरपूर मात्रा में रखने अधिकारियों को निर्देशित किया। तथा बिना अनुमति के किसी भी बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश न करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान शाहबाज राजवानी, जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार सहित फिल्टर प्लांट के कर्मचारी उपस्थित थे।

अजब-गजब तीर्थयात्री ... गरीब वृद्धजनों को एक साल बाद भी मौका नहीं मिला

भाजपा पार्षदों समेत शासकीय व्याख्याता को बीपीएल बताकर भेजा तीर्थ यात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। नगर पालिका और समाज कल्याण विभाग की मिलीभगत से शासकीय कर्मचारियों और भाजपा पार्षदों को बीपीएल श्रेणी का बताकर तीर्थ यात्रा कराई गई, जबकि पात्र गरीब वृद्धजन एक साल से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के गरीब वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा पर भेजा जाना था। हालांकि, शासकीय व्याख्याता और पार्षदों ने अपने पूरे परिवार के साथ प्रयाग, काशी विश्वनाथ, हनुमान मंदिर और श्रीरामलला अयोध्या के दर्शन किए। इन सभी को कथित तौर पर बीपीएल श्रेणी का दर्शाया गया। छत्तीसगढ़ सरकार ने 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों

के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत 27 अक्टूबर 2025 को 5 दिवसीय यात्रा के लिए महासमुंद जनपद से 52, बागबाहरा से 47, पिथौरा से 50, बसना से 40, सरायपाली से 43, नगर पालिका महासमुंद से 50, बागबाहरा से 6, सरायपाली से 15, तुमगांव से 6 और नगर पंचायत बसना से 5 श्रद्धालु शामिल हुए। इनके साथ कुल 9 अनुरक्षक भी यात्रा पर गए थे। इन श्रद्धालुओं को 18 बसों से रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया, जहां से वे ट्रेन द्वारा तीर्थ स्थलों के लिए रवाना हुए। ट्रेन में कुल 323 लोगों का आरक्षण कराया गया था, लेकिन इनमें से 20 लोग यात्रा पर नहीं गए। कुछ बुजुर्ग स्वास्थ्य कारणों से भी यात्रा के लिए अनुपयुक्त पाए गए।

छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 60 साल से अधिक बुजुर्गों को ही इस तीर्थ यात्रा में भेजा जाना है, लेकिन महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र के बुजुर्गों को भेजने के बजाए नगर पालिका के भाजपा पार्षदों और शासकीय कर्मचारी को बीपीएल बताकर तीर्थ यात्रा में भेजा गया। इनमें वार्ड नंबर 24 के पार्षद एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल (58), उनकी व्याख्याता पत्नी श्रीमती किरण पटेल (50), वार्ड नंबर 12 की पार्षद कल्पना सूर्यवंशी (50), पति लोकनाथ सूर्यवंशी (58) इनकी बेटी पूनम सूर्यवंशी (23), वार्ड नंबर 6 की पार्षद सीता टोंडेकर (50), तीन बार के पूर्व पार्षद रह चुकी और वर्तमान में महामंत्री मीना वर्मा, उनके पति गोपाल वर्मा, भाजपा नेता उमेश नसीने, उनका भतीजा कृष्णा नसीने (22) और कृष्णा के पिता दिनेश नसीने (53) जो अपात्र, कम उम्र होते हुए फार्म में फर्जी जानकारी भरकर इस यात्रा में भेजा गया है। मजेदार बात यह है कि इस तीर्थ यात्रा में गए 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों ने तो अपने साथ अनुरक्षक (सहयोगी) नहीं ले गए लेकिन भाजपा नेताओं ने पति-पत्नी बच्चों को सहयोगी बता कर तीर्थ यात्रा में शामिल किया। और यात्रा कर के लौट भी आए हैं।

वहीं दूसरी ओर वार्ड नंबर 5 में निवासरत पुन्नी बाई (62), केशर बाई (69), कुमारी ध्रुव (66), खेदी यादव (68), भगवानी मोहरे (70), मथुरा मोगरे (65) ने 3 अक्टूबर 2024 को तीर्थ यात्रा में जाने के लिए मेडिकल टेस्ट समेत आवेदन जमा कर चुके हैं लेकिन एक साल बाद भी इनका नंबर नहीं आया है। जबकि समाज कल्याण विभाग 60 साल से अधिक उम्र वालों के लिए योजना होना बता रहे हैं।

सहकारी समिति कर्मचारियों की सभी मांगें शीघ्र पूर्ण करें सरकार : विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। छग शासन के पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर किए जा रहे आंदोलन को जायज ठहराते हुए सरकार से कर्मचारियों की मांगें शीघ्र पूरा करने की मांग की है। चंद्राकर ने कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन से धान खरीदी प्रभावित हो सकती है, समय रहते सरकार को इस दिशा में सार्थक पहल करते हुए कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनकी सभी मांगों को तत्काल पूर्ण किया जाना चाहिए।

चंद्राकर ने कहा कि वेतन, पदोन्नति और नियमितीकरण, सूखत (सूखने के कारण होने वाला नुकसान) के प्रावधान, 'शून्य शॉर्टेज' (धान की कमी न होने पर) पर प्रोत्साहन राशि और प्रबंधकीय अनुदान जैसी मांगों को लेकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं, जो जायज भी है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय सहकारी समितियों को जीरो शार्टेज पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी। लेकिन, 2 साल के कार्यकाल में भाजपा ने सहकारी समितियों को पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया।

न्यूज गैलरी

रईस अहमद हत्याकांड में पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। न्याय के लिए लम्बी लड़ाई के बाद ग्राम पंचायत चनवारीडांड में हुए चर्चित रईस अहमद हत्याकांड में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी सफीना खातून (पत्नी) और आरजू खान (प्रेमी) को दोषी पाते हुए धारा 302 (हत्या), 449 (गैर-कानूनी प्रवेश), 120-बी (षड्यंत्र) और 201 (साक्ष्य मिटाने का प्रयास) के तहत आजीवन सश्रम कारावास तथा अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत के इस फैसले से मृतक के परिजनों ने राहत की सांस ली और कहा कि उन्हें आखिरकार न्याय मिला। यह मामला लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन था और अब न्यायिक निर्णय ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है।

आत्मानंद ग्राउंड में झलकी परंपरा और एकता की चमक

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस की रजत जयंती पर मनेंद्रगढ़ के आत्मानंद ग्राउंड में तीन दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक गौरव के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और राजगीत के सामूहिक गायन से हुई। इस अवसर पर महापौर राम नरेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, जनपद अध्यक्ष जानकीबाई कुसरो, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

धान खरीदी, गैस वितरण को विभाग ने बखूबी किया

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। विगत 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष 2025 में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गरीब महिलाओं को 106528 उज्जवला योजना का लाभ प्रदान किया गया है। साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा उनको आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने हेतु शासन के महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कुल 106528 गरीब महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन जारी किया गया है जिससे इन महिलाओं को धुऑ मुक्त रसोई घर की सुविधा प्राप्त हुई है तथा इन महिलाओं को धुआं से होने वाली बीमारियों से मुक्ति मिली है।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर मुंगेली में राज्योत्सव का भव्य आयोजन

विकास, संस्कृति और जनकल्याण योजनाओं की झलक ने बढ़ाया कार्यक्रम का आकर्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम में राज्योत्सव का भव्य आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, डीएफओ अभिनव कुमार, एडीएम श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। जनसंपर्क, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आदिवासी विकास विभाग, विद्युत, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, उद्योग आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में राज्य की 25 वर्षों की

विकास यात्रा एवं उपलब्धियों को दर्शाया गया। विधायक श्री मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों द्वारा दी जा रही जानकारी की सराहना की। साथ ही पात्र एवं जरुरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने इन 25 वर्षों में जो प्रगति की है, वह जनसहभागिता और शासन की संवेदनशील नीतियों का परिणाम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने रजत जयंती वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य बनने की पृष्ठभूमि पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि पहले परिस्थितियां कठिन थी। छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले मध्यप्रदेश राज्य में शामिल था, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने 01 नवंबर 2000 को मध्यप्रदेश राज्य से अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। उस समय हमारा राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क कई मामले में हम काफी पीछे था, लेकिन राज्य बनने के बाद स्थिति बदली और हम आज विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए मिसाल बन रहे हैं। 25 वर्षों में हमारा छत्तीसगढ़ ऊर्जा से भरपूर युवावस्था में पहुंच चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क विकास के सभी आयामों में हमारा जिला बेहतर प्रगति कर रहा है। स्कूल-कालेजों का विस्तार हुआ, जिला चिकित्सालय में अनेक गंभीर बीमारियों का इलाज हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ रजत उत्सव हमारे विकास और संघर्ष यात्रा का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य ने उत्तरोत्तर प्रगति की है। कलेक्टर ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की प्रगति के साथ जिले ने भी 01 जनवरी 2012 को अपने गठन के पश्चात कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। पुरातन परंपरा और संस्कृति को अपने दामन में समेटे यह जिला अब समृद्धि और आधुनिकता की नई इबारत लिख रहा है।

जिला गठन के पश्चात जनाकांक्षाओं एवं जनकल्याण के अनुरूप छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देश पर अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं का संचालन जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। वय वंदना कार्ड के निर्माण में 97.7 प्रतिशत के साथ मुंगेली छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर है।

स्टॉल में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियानों की झलक भी प्रस्तुत की

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में बदलते गांवों की जीवंत मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए 'गांव के विकास की यात्रा' विषय पर एक विशेष मॉडल तैयार किया गया, जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

विभाग द्वारा निर्मित इस मॉडल में छत्तीसगढ़ के गांवों की 25 वर्ष पूर्व की स्थिति और वर्तमान स्वरूप को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है। एक ओर जहां पुराने गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी कच्ची सड़कें, अधूरी बिजली व्यवस्था, असुरक्षित पेयजल स्रोत और कच्चे मकान दर्शाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर आज के नए छत्तीसगढ़ के विकसित गांव की तस्वीर दिखाई गई है। इसमें जल जीवन मिशन से घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल, प्रधानमंत्री

आवास योजना के तहत बने पक्के मकान, हर गांव तक पहुंची बिजली और सड़कों की सुविधाओं को दर्शाया गया है। स्टॉल में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियानों की झलक भी प्रस्तुत की गई। विभाग द्वारा निर्मित सोक पिट, बोल्डर चेक डैम, वाटर रिचार्ज सिस्टम जैसी तकनीकों के मॉडल दर्शकों को यह समझा रहे हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे हर बूंद का संरक्षण कर भूजल स्तर को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।स्टॉल का अवलोकन करने आए स्कूली छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने बताया कि विभाग द्वारा बनाया गया मॉडल वास्तव में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण विकास यात्रा को सजीव कर देता है। छात्रों ने कहा कि आज हम अपने गांवों को विकसित होते देख रहे हैं, जहां पहले सुविधाओं का अभाव था, वहीं अब शासन की योजनाओं से हर घर में बिजली, पानी और पक्के मकान की सुविधा है। यह देखकर गर्व होता है कि हमारा छत्तीसगढ़ कितना आगे बढ़ चुका है। राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का यह स्टॉल ग्रामीण परिवेश में आए परिवर्तन और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर दिखने वाले प्रभाव का सशक्त उदाहरण बन गया है। दर्शकों ने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मॉडल न केवल विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित भी करते हैं।

दो अलग-अलग मामलों में जुर्म दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला ग्राम गुमगराकला का है, जहाँ मायके से पैसे नहीं लाने पर पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत दर्ज हुई है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुनीता साहू पति रमेश साहू (उम्र 27 वर्ष) ने अपने ही पति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि उसका पति अक्सर शराब पीकर घर आता है और मायके से पैसा न लाने का उलाहना देते हुए उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। बताया गया कि 31 अक्टूबर की रात को भी आरोपी पति ने इसी बात को लेकर पत्नी से मारपीट की। परेशान होकर पीड़िता ने 2 नवम्बर को थाना लखनपुर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।वहीं, दूसरा मामला थाना दरिमा क्षेत्र के ग्राम पतराटोली से जुड़ा है। प्रार्थी राजा गुप्ता पिता बितल गुप्ता (उम्र 38 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भाई नागेन्द्र गुप्ता के साथ निजी कार में गांवों में घूम-घूमकर फेरी का कार्य करता है। दिनांक 31

अक्टूबर को शाम लगभग साढ़े पाँच बजे ग्राम पुहपुटरा में फेरी का सामान बेचकर लौटते समय उनकी कार से एक मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर टकरा गया। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भी हल्की टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़ उग्र हो गई और प्रार्थी को गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उसे अंदरूनी चोटें आईं। भीड़ में शामिल एक व्यक्ति जनार्दन राजवाड़े निवासी ग्राम पुहपुटरा को प्रार्थी ने पहचान लिया।लखनपुर पुलिस ने पहले मामले में धारा 296(बी), 151(3), 115(2) तथा दूसरे मामले में धारा 296(बी), 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

रजत महोत्सव में ग्रामीण आजीविका मिशन का स्टॉल बना आकर्षण का

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा लगाए गए स्टॉल ने आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस स्टॉल में जिले के विभिन्न क्लस्टरों से जुड़ी स्व-सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित ग्रामीण उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की जा रही है। स्टॉल में कच्ची घानी सरसों तेल, बांस से निर्मित सुपा पापड़, हल्दी-मिर्च पाउडर, मल्टीग्रेन आटा, सरपबती गेहूं का आटा, रागी का आटा, बेसन, मक्का का आटा जैसे शुद्ध एवं स्थानीय उत्पाद रखे गए हैं। सभी उत्पाद महिलाओं द्वारा स्वयं तैयार किए गए हैं, जो न केवल गुणवत्ता में बेहतर हैं बल्कि स्थानीय संसाधनों के उपयोग और स्वदेशी उत्पादन को भी प्रोत्साहन दे रहे हैं। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि यह उत्पाद क्लस्टर स्तर पर निर्मित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्टॉल पर आने वाले आगंतुकों की अच्छी खासी भीड़ है, और अब तक 21 हजार रुपए से अधिक की बिक्री हो चुकी है। आगंतुक इन उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग की सराहना करते हुए इनके निर्माण की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ले रहे हैं। महिलाओं ने शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहान योजना के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिला है। पहले जहां वे घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, वहीं अब अपने उत्पादों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। समूह की सदस्य श्रीमती ममता ने बताया, 'बिहान योजना से हमें प्रशिक्षण और बाजार दोनों मिले हैं। आज हमारे उत्पाद राज्योत्सव जैसे बड़े मंच पर लोगों तक पहुंच रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। स्टॉल का अवलोकन करने पहुंचे दर्शकों ने भी महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी बन चुके हैं। ऐसे आयोजन महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

राज्योत्सव में दुर्गा वैश्य की शानदार प्रस्तुति

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव कार्यक्रम में उभरती गायिका दुर्गा वैश्य ने अपने लोकप्रिय गीत 'आवा ना आवा दाई' से सभी का मन मोह लिया। उनकी सुमधुर आवाज़ और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति पर सभागार तालियों से गूंज उठा। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशासन ने उन्हें ?5000 नगद और प्रशस्ति पत्र देकर

जिले में पहली बार होगा रेत खदानों का नीलामी

*6 नवंबर को सारंगढ़ कलेक्ट्रेट में बोलीदारों को दी जाएगी ट्रेनिंग

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले में पहली बार महानदी के तटीय क्षेत्र के आसपास स्थित 5 रेत खदानों के 4.99 हेक्टेयर रकबा क्षेत्र का उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाएगा, इसमें सारंगढ़ तहसील में ग्राम जसपुर व दहिदा, सरिया तहसील में बरगांव और बिलाईगढ़ तहसील के 2 गांव मिरचिद अ, मिरचिद ब शामिल है।

ई नीलामी के संबंध में बोलीदारों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सारंगढ़ में 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे प्रशिक्षण दिया

जाएगा। इससे इलेक्ट्रॉनिक- नीलामी (रिवर्स आक्शन) को समझने में किसी प्रकार की तकनीकी या इस नीलामी से संबंधित कार्य में बोलीदारों को सहूलियत होगी। कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स आक्शन) के माध्यम से उत्खननपट्टा आबंटन हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों से इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स आक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली, 7 नवंबर से 13 नवंबर 2025 (07 दिवस) तक निविदा जमा की जाएगी। बोलियां केवल आनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने उद्यानिकी विभाग के कार्यों का समीक्षा किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़ /नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के किनारे महानदी का विशाल तट है साथ ही जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में सब्जी क्षेत्र विस्तार और पुष्प क्षेत्र विस्तार का कार्ययोजना बनाकर रोजगार की संभावना और उद्यानिकी तथा कृषि के क्षेत्र को विशाल रूप में रोजगारमूलक और प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर उद्यानिकी के क्षेत्र में जिले का नाम स्थापित करना है। साथ ही बरमकेला, सारंगढ़, बिलाईगढ़ के हमारे कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां के उपजाउ मिट्टी के लिए दक्षिण भारत जैसे अन्य प्रदेश के वैज्ञानिक, किसान तरसते हैं। केन्द्र सरकार की नेशनल खाद्य तेल पाम ऑयल मिशन का लाभ जिले के सभी किसानों को मिले इस प्रकार की व्यवस्था कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के सभी अधिकारी करें। राज्य सरकार धान के बदले अन्य दहलन तिलहन की फसल लेने पर अनुदान दे रहा है, उसका भी लाभ सभी किसान उठाएं। इससे भूमि की उपजाऊ भी बना रहेगा और अनुदान की राशि भी खेती में सहायक होगा। कृषक उन्नति योजना के तहत यदि किसान खरीफ सीजन 2025 में दलहन, तिलहन, मक्का,



कोदो, कुटकी, रागी या कपास की खेती करते हैं, तो उन्हें प्रति एकड़ 10,000 रुपए की आदान सहायता दी जाएगी। यह राशि किसानों के बैंक खातों में सीधा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) की जाती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 30 जून 2025 को लिए गए मंत्रिपरिषद की बैठक में किसानों के हित में निर्णय लिया गया कि, कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत कर दिया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा। खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता 11 हजार रूपए राशि प्रदान की जाएगी।

एसआईआर

जिनका नाम साल 2003 के एसआईआर में है, उन्हें दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है

आज से घर-घर जाकर बीएलओ करेंगे मतदाता परिचय पत्र का सत्यापन

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के तहत आज से घर-घर गणना चरण की शुरुआत हो गई है। इस प्रक्रिया में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता परिचय पत्र का सत्यापन करेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार कुणाल पाण्डेय ने बताया की जिनका नाम साल 2003 के एसआईआर में है, उन्हें दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है। केवल 5-6 प्रतिशत मतदाताओं को ही दस्तावेज देने की जरूरत होगी।

मतदाता सूची का मिलान-2003 के आधार परः उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विगत एसआईआर की मतदाता सूची वर्ष 2003 को आधार मानकर मिलान किया गया है। बीएलओ ने वर्तमान में केवल अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं का मिलान किया है, जो कि 71 प्रतिशत के करीब है। अधिकारियों ने बताया कि 2003 के बाद से आज पर्यंत कई मतदाता अन्यत्र शिफ्ट हुए हैं। मतदान केन्द्रों का परिसीमन भी हुआ है। गणना के प्रथम चरण में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर सर्वे के दौरान यह मिलान प्रतिशत 10-15 प्रतिशत और बढ़ जाएगा। कुणाल पाण्डेय ने बताया की मुंगेली विधानसभा के अंतर्गत 279 बूथ है सभी बूथों मे एक-एक बीएलओ से 26 सूपरवाईजर सहित 3 सहायक निर्वाचन अधिकारी और एक निर्वाचन अधिकारी इन कार्यों को मूर्तरूप देंगे।

क्या-क्या कार्य होंगे- घर-घर गणना चरण अवधि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक मसौदा सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर दावा-आपत्तियों की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई व सत्यापन) 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 तक होगा।

बूथ अधिकारी तीन बार जाएंगे घर और करेंगे भौतिक सत्यापन- त्रुटिरहित निर्वाचक सूची तैयार करने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के लिए भौतिक सत्यापन के तहत इसका प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाला कोई भी पात्र नागरिक सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे नहीं। इस अभियान के तहत बूथ स्तरीय अधिकारी हर घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और यदि कोई घर बंद पाया जाता है तो वे कम से कम तीन बार पुनः दौरा करेंगे। सभी सत्यापन और कार्रवाई का अंतिम प्रकाशन सात फरवरी को किया जाएगा। पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत, बीएलओ एक विशेष किट और गणना प्रपत्र लेकर घर-घर का दौरा करेंगे। इसके लिए उन्हें सभी जरूरी दस्तावेज व किट प्रदान किए जा चुके हैं। वे मतदाताओं से स्व-सत्यापित दस्तावेजों के साथ भरा हुआ प्रपत्र एकत्र करेंगे। आयोग के निर्देशों के अनुसार, यदि कोई घर पहली बार में बंद पाया जाता है, तो बीएलओ अनुपस्थित मतदाता के घर पर सूचना चिपकाकर दोबारा आने की तिथि व समय सूचित करेंगे और कुल तीन बार संपर्क स्थापित करने का प्रयास करेंगे। बीएलओ का एक प्रमुख दायित्व यह भी है कि वे आनलाइन प्राप्त आवेदनों का भी घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करें।

सड़क, भवन के निर्माण कार्यों में सख्त हुए कलेक्टर, दिए निर्देश

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ संयुक्त बैठक लिया। बैठक में सड़क और भवन के निर्माण कार्यों में कलेक्टर डॉ कन्नौजे सख्त हुए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान एसडीओ और इंजीनियर को मौके पर रहे। कलेक्टर ने जिले के सभी सड़कों की स्थिति, उनके निर्माण, टेंडर आदि की जानकारी ली और बरसात के बाद रुके हुए कामों को आगामी दिनों में तीव्र गति से कार्य करने के लिए बिन्दुवार विस्तार से दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ सारंगढ़ में एसडीएम बिल्डिंग और नवीन तहसील के नींव, कालम का कार्य समय सीमा में करें। इसी प्रकार बिलाईगढ़ में एसडीएम बिल्डिंग और नवीन तहसील भूतल व छत निर्माण के शटरिंग को मई 2026 तक पूर्ण करें। इस अवसर पर सभी विभाग के जिला प्रमुख, एसडीओ आदि उपस्थित थे।

महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल के जरिए दिया जा रहा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025: पोषण आहार और मानसिक स्वास्थ्य के विषय में दी जा रही जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। *पुलिस मैदान में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सूचना-प्रचार स्टॉल से लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियों मिल रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्योत्सव में लगाए गए स्टॉल से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पोषण आहार, मानसिक स्वास्थ्य, बाल अधिकार से जुड़ी जानकारी और अन्य योजनाओं की जानकारी मिल रही है।*

पुलिस मैदान में आयोजित राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 25 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं, इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में पोषण आहार एवं पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से लोगों को संतुलित भोजन के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत बेटियों के शिक्षा एवं संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से दिया जा रहा है, जहां लोग सेल्फी लेकर इस संदेश का प्रचार कर रहे हैं। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना,मातृ वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। स्टॉल का विशेष आकर्षण मनोबल टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ हैं, टीम द्वारा विभिन्न मनोरंजक खेलों के माध्यम से लोगों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ मानसिक आदतों के बारे में जानकारी दे रही है। इसी के साथ फोस्टर केयर योजना की जानकारी भी आमजन को दी जा रही है, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों के लिए सुरक्षित एवं सहयोगी परिवेश उपलब्ध कराने की प्रक्रिया और इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि सक्षम परिवार जरूरतमंद बच्चों की परवरिश में योगदान दे सकें। राज्योत्सव में आने वाले लोग स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, विभागीय अधिकारियों द्वारा उन्हें योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बांटी खुशियों की चाबी

जिला स्तरीय राज्योत्सव में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को चेक वितरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाएँ आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का हितग्राहियों को लाभ मिला। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत तानिया राठौर को 20 हजार रूपए का चेक तथा दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत कुसुम साहू को ई-रिक्शा की चाबी सौंपी।

न्यूज गैलरी

पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

मस्तूरी/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवक की पेड़ पर लटकी लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई जिसकी सूचना परिजनों ने तत्काल मस्तूरी पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मस्तूरी थाना अंतर्गत ग्राम पथरताल (जोरवा) निवासी अभिषेक सिंह ठाकुर पिता स्व. अरुण सिंह ठाकुर उम्र लगभग 23 वर्ष रोज की भाती बिलासपुर में काम में जाने सुबह 5 बजे उठा और घर से निकल गया। जिसके बाद अपने छोटे भाई ओम सिंह के मोबाइल में एक वॉट्सएप (वाईस)मैसेज किया की वो आत्महत्या करने जा रहा है जिसके बाद घबराए परिजनों ने युवक की खोजबीन शुरु की लेकिन युवक कही नहीं मिला जिसके बाद किसी अनहोनी के डर से परिजन खेत तरफ ढूंढने निकले तब देखा की घर से 500 मीटर की दूरी में बोहार पेड़ में बेड सीट (चादर)के सहारे पेड़ पर उसकी लाश लटकी हुई है, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा और इसकी सूचना तत्काल मस्तूरी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है। वहीं युवक ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या जैसा कदम उठाया यह पुलिसिया जांच में स्पष्ट होगा।

वारदात की परिस्थिति को देखते हुए निरूद्ध अवधि को सजा में बदला

आर्थिक तंगी के टेंशन में हंसिया से पत्नी पर प्राणघातक हमला, हाईकोर्ट ने सजा कम की

बिलासपुर/नवप्रदेश। *हाईकोर्ट ने आर्थिक संकट के कारण पति-पत्नी के मध्य झगड़ा के बाद पत्नी पर हंसिया से हमला करने के आरोपी पति की तीन वर्ष की सजा को कम कर जेल में निरूद्ध अवधि को न्याय की पूर्ति के लिए पर्या' माना है। निचली अदालत से पति की 307 में तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई गई थी। उसके जेल में निरूद्ध अवधि 413 दिन को सजा में बदला है।*

कवर्धा निवासी अपीलकर्ता भागवत दास वैष्णव फल बेचने का काम करता था। व्यवसाय ठीक नहीं चलने से कर्ज के कारण आर्थिक संकट था। इस बाद को लेकर पति-पत्नी के मध्य विवाद होता था। इसी टेंशन में वह घरवालों को बिना बताए घर से चला गया था। पत्नी द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने उसे बरामद कर पत्नी को सौंप दिया। 03 अप्रैल 2019 को सुबह करीब 8 बजे,

अपीलकर्ता को दोषी ठहराना गैरकानूनी नहीं

अपील पर जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की एकलपीठ में सुनवाई हुई। कोर्ट ने घटना के मानवीय पहलूओं को ध्यान में रखते हुए अपने आदेश में कहा कि अपीलकर्ता को दोषी ठहराना, कोई विकृति या गैरकानूनी बात नहीं है। इसलिए, अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 307 के तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया जाना सही है। जहां तक विवादित फैसले के सज़ा वाले हिस्से का सवाल है, इसमें कोई शक नहीं कि अपीलकर्ता और पीड़ित पति-पत्नी हैं।

जब पत्नी अपने घर पर चावल छांट रही थी, तो अपीलकर्ता भागवत दास ने हंसिया से उसकी गर्दन पर हमला कर दिया, जिसे पीड़िता ने खुद को बचाने के लिए पकड़ लिया, जिसके बावजूद उसकी गर्दन, हाथ, पैर आदि पर चोटें आईं। पीड़िता की चीखें सुनकर, उनके पड़ोसी, लीलक राम साहू व अन्य आए और घायल को अस्पताल लेकर गए। कवर्धा पुलिस ने धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई। सजा के खिलाफ आरोपी पति ने हाईकोर्ट में अपील पेश की। अपीलकर्ता अपने परिवार का पेट पालने के लिए फल बेचता था। वह अपने बड़े बेटे को डॉक्टर बनाना चाहता था और उसने अपने दो अन्य बच्चों को भी अच्छी पढ़ाई दी, लेकिन अपने बिज़नेस में अच्छा न कर पाने के कारण उसे पैसों की दिक्कतें हुईं, जिससे पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। इस मामले में विवादित फैसले और धारा 428 के तहत दिए गए सर्टिफिकेट के अनुसार अपीलकर्ता पहले ही 413 दिन जेल में रह चुका है, इसलिए यह अदालत मानती है कि उसे बाकी जेल की सज़ा काटने के लिए और जेल भेजने से कोई फायदा नहीं होगा।

छठ घाट के पास नदी में कूदकर युवती ने जान दी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में सोमवार की रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। छठ घाट के पास एक युवती ने नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुँची और घंटों की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। सोमवार की देर रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि युवती अपने घर से अचानक बाहर निकली और सीधा छठघाट की ओर भागते हुए नदी में कूद गई। परिजनों ने बताया कि वे उस समय अपने कमरे में आराम कर रहे थे, जबकि नीचे के कमरे में उनकी बेटियाँ पढ़ाई कर रही थीं। तभी अचानक एक बेटी कमरे से बाहर निकली और बिना कुछ कहे घर से भाग गई। परिजनों ने बताया हम ऊपर वाले रूम में थे, नीचे वाले रूम में गुरिया और छोटी गुरिया पढ़ाई कर रही थीं। पता नहीं अचानक क्या हुआ, दरवाज़ा खोलकर सीधा बाहर दौड़ गई। बड़ी दीदी पूछती रही कहाँ जा रही है, पर वो कुछ नहीं बोली।दोड़ते-दोड़ते सीधा नदी में छलांग लगा दी। परिवार का कहना है कि न तो घर में किसी तरह का विवाद हुआ था,और न ही किसी तरह की लड़ाई-झगड़े की बात सामने आई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

रेलवे ने स्वच्छता, लंबित मामलों के निपटान और रिकॉर्ड प्रबंधन में पिछली उपलब्धियों को पीछे छोड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल मंत्रालय ने प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक शुरू किए गए एक महीने के विशेष अभियान 5.0 में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, लंबित मामलों का निपटान और प्रभावी अभिलेख प्रबंधन करना था। यह अभियान रेलवे बोर्ड की गहन निगरानी और मार्गदर्शन में सभी क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों में लागू किया गया। विशेष अभियान 5.0 के तहत रेल मंत्रालय का निष्पादन विशेष अभियान 4.0 के दौरान दर्ज की गई उपलब्धियों से आगे निकल गया है। अभियान अवधि के दौरान, रेल मंत्रालय ने स्टेशनों, कार्यालयों और कार्यस्थलों में 84,184 स्वच्छता अभियान चलाए। कार्यालयों और कार्यस्थलों में कबाड़ के निपटान पर विशेष जोर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप 6.06 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई और 570 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। रेलवे बोर्ड के सशक्त नेतृत्व में, मंत्रालय ने जन शिकायतों, वीआईपी संदर्भों और अन्य लंबित मामलों के निपटान से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल किया। कुल 99,968 फाइलों की समीक्षा की गई, जिनमें से 59,248 भौतिक फाइलें और 7,482 ई-फाइलें हटा दी गईं या बंद कर दी गईं।

105 अमृत भारत स्टेशनों में 'अमृत संवाद' आयोजित

जन जागरूकता बढ़ाने के लिए, 105 अमृत भारत स्टेशनों सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर 'अमृत संवाद' के रूप में नागरिक-केंद्रित पहल आयोजित की गईं। गतिविधियों की व्यापक सोशल मीडिया कवरेज ने भी देश भर में मंत्रालय द्वारा प्रचारित स्वच्छता आंदोलन के प्रति जागरूकता और रुचि पैदा की। कार्यान्वयन अवधि के दौरान विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम) पर कुल 22,636 पोस्ट और कई बार पुनः पोस्ट किए गए पोस्ट उच्च स्तर की सहभागिता का संकेत देते हैं। ये उपलब्धियां सभी स्तरों पर रेलवे कर्मचारियों के मजबूत प्रयासों और वर्षों से विशेष अभियान के उद्देश्यों के प्रति मंत्रालय की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं।

सहकारी समिति की मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 14 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। अरपांचल प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित जबड़ापारा बिलासपुर के मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 9 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 तक दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। आपत्तियों का निराकरण कर सूची का अंतिम प्रकाशन 14 नवम्बर को किया जाएगा।

ग्राम पंचायत सिलपहरी में रक्तदान शिविर आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर से लगे ग्राम पंचायत सिलपहरी में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर संकटमोचन सेवा समिति सिलपहरी द्वारा पंचायत भवन में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व उपज मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिल्हा गीतांजलि कौशिक ने इस शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं को बधाई दिया। रक्तदान उपरांत संकटमोचन सेवा समिति द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया सरपंच व अध्यक्ष टीकाराम यादव ने रक्तदान को महादान बातते हुए लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। श्री यादव ने बताया रक्तदान एक महान और जीवनदायी कार्य है,जो जरूरतमंदों की जान बचाता है और उन्हें नया जीवन देता है। यह एक पुनीत कार्य है जो समाज में करुणा और सेवा की भावना पैदा करता है। रक्तदान सुरक्षित और सरल होता है। आपका रक्त किसी को जीवन दे सकता है। रक्त अमूल्य है इसका दान अवश्य करें। रक्तदान तब होता है जब एक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से अपना रक्त देता है और उस रक्त का उपयोग दूसरे व्यक्ति के लिए होता है। रक्त को किसी कंपनी में नहीं बनाया जा सकता। मानव शरीर ही रक्त बनाने की कंपनी है। सरपंच टीकाराम यादव ने बताया कि रक्तदान शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त दान से प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 है, वह रक्तदान कर सकता है।

शिक्षा की गुणवत्ता और जवाबदेही हमारी प्राथमिकता: बीईओ

सीपत/नवप्रदेश। आत्मानंद स्कूल सीपत में सोमवार को शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रधानपाठकों की जोन स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मस्तूरी विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास ने किया। बीईओ शिवराम टंडन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता तभी बढ़ेगी जब शिक्षक अपने उत्तरदायित्व को पूर्ण समर्पण से निभाएंगे। विद्यालयों में अनुशासन, नियमितता और पारदर्शिता आवश्यक है। विभागीय योजनाओं का प्रभाव तभी दिखेगा जब उन्हें जमीनी स्तर पर ईमानदारी से लागू किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि अब समय परिणामोन्मुख कार्य का है। जो भी शिक्षक लंबे समय से अनुपस्थित हैं या अपनी जिम्मेदारी से विमुख हैं, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही जो शिक्षक नवाचार और मेहनत से विद्यालय का मान बढ़ा रहे हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बीईओ ने विद्यालयों में स्वच्छता, नशा मुक्ति, बाल सुरक्षा, शिक्षा गुणवत्ता सुधार जैसे बिंदुओं पर विशेष बल देते हुए कहा कि हर प्रधानपाठक अपने विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने का संकल्प लें। हमारे विद्यार्थी देश का भविष्य हैं उन्हें बेहतर वातावरण देना हमारा कर्तव्य है। संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास ने कहा कि बैठक में लिए गए प्रत्येक निर्णय को विद्यालय स्तर पर गंभीरता से लागू किया जाएगा।

आत्मानंद स्कूल में आयोजित बैठक में 110 स्कूलों के प्रधानपाठक हुए शामिल

टेंगनमाड़ा में मां अर्पणा दर्शन मेला का आयोजन

बिलासपुर /नवप्रदेश। विगत 21 वर्षो से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाते हुये, इस वर्ष भी एक दिवसीय सत्संग एवं माँ अर्पणा दर्शन मेला का आयोजन भव्य रूप से किया गया। आयोजन में पूज्य स्वामी जी का स्वागत में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं समिति द्वारा हरी संकीर्तन रामधुन के साथ किया गया। टेंगनमाड़ा से उत्तर दिशा में 7 किलोमीटर अरपा नदी के तट पर श्री सिद्ध बाबा आश्रम सोनसाय नवागाँव स्थित है। श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज की चरण धूलि से तीर्थ बना यह आश्रम अरपांचल क्षेत्र में आस्था का केन्द्र बना हुआ है। यह बहुत ही रमणिय दर्शनीय स्थल के रूप में स्थित है। गुरु परम्परा के धर्म ध्वज को निरंतर फहराते हुये, सभी आश्रमों का संचालन शिवानंद महाराज के द्वारा किया जा रहा है।

जागरुकता

एसईसीएल में विविध कार्यक्रमों के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन

एसईसीएल के तकनीकी व निवारक सतर्कता प्रयास को केंद्रीय आयोग ने सराहा

बिलासपुर/नवप्रदेश। *साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन समारोह 3 नवम्बर 2025 को एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर स्थित ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन मुख्य अतिथि रहे।*

इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के भूतपूर्व सदस्य (रेलवे ऑपरेशन एवं बिजनेस डेवलपमेंट) रविन्द्र गोयल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। मंच पर निदेशक (तकनीकी-संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार,मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन एवं निदेशक (तकनीकी-योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र तथा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री दुहन ने कहा कि यह पूरे एसईसीएल परिवार के लिए गर्व की बात है कि सतर्कता के क्षेत्र में किए जा रहे हमारे नवाचारपूर्ण प्रयासों को केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सराहा है। उन्होंने कहा, 'सफलता तभी संभव है जब हम टीम भावना से कार्य करें और हर स्तर पर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को आत्मसात करें।

मुख्य वक्ता श्री गोयल ने कहा कि सतर्कता की जिम्मेदारी केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं है, यह व्यक्ति के पूरे जीवन और परिवार तक विस्तारित होती है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही आवश्यक है कि हम सही और नैतिक मार्ग का चयन करें। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम 'सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवनदृष्टि है। उन्होंने कहा कि सतर्कता सुनिश्चित करना केवल किसी एक विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और खनिक इस जिम्मेदारी की मजबूत कड़ी हैं।

परिसर में रोपे पौधे

समारोह की शुरुआत में अतिथियों ने परिसर में पौधारोपण किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत प्रस्तुत किया गया तथा सतर्कता प्रतिज्ञा का सामूहिक पाठ मुख्य अतिथि द्वारा कराया गया। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों द्वारा सतर्कता अभियान की गतिविधियों पर केन्द्रित स्मारिका 'स्पंदन' एवं सिस्टेमिक इम्प्रोवमेंट्स पर एक हैंडबुक' का विमोचन किया गया।

न्यूज गैलरी

भारत ज्ञान साझा करने और सीखने की शक्ति दिखाता है : नोबेल फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक

बेंगलुरु। नोबेल फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक हन्ना स्टर्जेन ने सोमवार को कहा कि आज का दिन इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण बना कि हम किस प्रकार एक साथ आकर बातचीत कर भविष्य के लिए जरूरी आपसी ज्ञान को साझा कर एक-दूसरे से सीख सकते हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) में नोबेल प्राइज डायलॉग के साइडलाइन में न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए स्टर्जेन ने कहा कि भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं द्वारा दिखाया गया 'उत्साह और जिज्ञासा' सीखने और सहयोग के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, जब हम इस तरह की बैठकें आयोजित करते हैं तो हम कई पुरस्कार विजेताओं को एक साथ एक मंच पर लाते हैं। ये सभी पुरस्कार विजेता यहां बातचीत करने और सवालों के जवाब देने के लिए आते हैं। स्टर्जेन ने कहा, इस तरह के आयोजन छात्रों, जनता और पुरस्कार विजेताओं के बीच विचारों का आदान-प्रदान करने का माध्यम बनते हैं। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण अवसर बन जाता है, जहां सभी को एक-दूसरे से सीखने को मिलता है। उन्होंने बेंगलुरु सत्र की सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि, आज के सेशन में इतने सारे प्रश्न थे कि हम इस चर्चा को और अधिक समय तक जारी रख सकते थे। उन्होंने उत्सुकता जताते हुए कहा कि मैं कल मुंबई में दर्शकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों को सुनने के लिए तैयार हूं। स्टर्जेन ने कहा, मैं मुंबई में ऑडियंस द्वारा कल पूछे जाने वाले सवालों को सुनने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

मिरर ने लॉन्च किया सिज़ल: महिलाओं की सेक्शुअल वेलनेस के लिए साइंस-बैक्ड सपोर्ट

नई दिल्ली। महिलाओं की वेलनेस इनोवेशन में अग्रणी ब्रांड मिरर ने आज अपना नया प्रोडक्ट सिज़ल लॉन्च किया, एक ऐसा न्यूट्रास्यूटिकल जो महिलाओं को इंटिमेसी, एनर्जी और बैलेंस दोबारा पाने में मदद करता है। सिज़ल में नेचर और साइंस का परफेक्ट ब्लेंड है, इसमें अडैप्टोजेन्स, एमिनो एसिड्स, विटामिन्स और मिनरल्स शामिल हैं, जो डिज़ायर को फिर से जगाने, एनर्जी बढ़ाने और इमोशनल कनेक्शन मजबूत करने में मदद करते हैं। ÷लो लिबिडो सिर्फ इंटिमेसी की बात नहीं है – ये एनर्जी, कॉन्फिडेंस और अपने आप व अपने पार्टनर से जुड़ाव की भावना से जुड़ा होता है,÷ मिरर के फाउंडर और सीईओ संजित शेट्टी ने कहा। ÷सिज़ल महिलाओं को उनकी पूरी वाइटैलिटी अपनाने, स्ट्रेस से जुड़ी लिबिडो की गिरावट कम करने और बैलेंस दोबारा पाने में एक सेफ नैचुरल तरीका देता है।÷ कई महिलाएं, खासकर 30 के बाद, हॉरमोनल बदलाव और लाइफस्टाइल स्ट्रेस की वजह से सेक्शुअल डिज़ायर में कमी महसूस करती हैं।

आय में 128% और मुनाफे में 138% की बढ़ोतरी

जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने दूसरे क्वार्टर में मजबूत वृद्धि हासिल की

मुंबई। जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (क्रस्श-505504) कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरे तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने इस अवधि के दौरान आय में 128% और मुनाफे में 138% की बढ़ोतरी दर्ज की है।

उल्लेखनीय है कि जीएचवी इंफ्रा सड़क, रेल, पानी, एयरपोर्ट रनवे, बंदरगाह और ऊर्जा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ-साथ स्टील, रिफाइनरी, तेल और गैस पाइपलाइन्स, बड़े कारखाने आदि के औद्योगिक विकास तथा औद्योगिक, वेयरहाउसिंग, कॉमर्शियल, आवासीय, होटल, संस्थान, अस्पताल, प्लांट और नॉन-प्लांट इमारतों के EPC/टर्नकी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन से जुड़ी हुई कंपनी है। जीएचवी इंफ्रा कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही अवधि में असाधारण वृद्धि दिखाई है, जो निम्नानुसार है -परिचालन कार्य से आय वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के 8,046.00 लाख रुपए की तुलना में दूसरी तिमाही में 128% से अधिक बढ़कर 18,376.60 लाख रुपए हो गई।-कंपनी के परिचालन लाभ (कर पूर्व लाभ) में लगभग 151% की असाधारण वृद्धि देखने को मिली है, जो वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के 632.16 लाख रूपये की तुलना में दूसरी तिमाही में 1,584.73 लाख रूपये तक पहुंच गया।

कर के बाद का लाभ (PAT) दोगुने से अधिक बढ़कर 1,122.20 लाख रूपये दर्ज किया गया, जो वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के 471.85 लाख रूपये से लगभग 138% अधिक है। -प्रति शेयर आय (EPS): वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (मूल) के लिए 1.56 रूपये तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली अर्धवार्षिक अवधि के लिए 2.21 रूपये रही। **बैलेंस शीट:** 30 सितंबर, 2025 तक कुल संपत्ति 51,232.44 लाख रूपये दर्ज की गई। कंपनी के परिचालन कार्य से जुड़ी प्रमुख विशेषताओं में इस अवधि के दौरान उल्लेखनीय कॉर्पोरेट कार्रवाइयां शामिल हैं, जैसे कि सफल बोनस शेयर इश्यू (अनुपात 3:2), इक्विटी शेयरों का उप-विभाजन और प्रमोटर तथा नॉन-प्रमोटर को प्रेफरेंशियल आवंटन। कंपनी ने अपने रणनीतिक अंतरराष्ट्रीय विस्तार के भाग के रूप में,श्व के रस अल खैमाह इकोनॉमिक ज़ोन में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जीएचवी इंफ्रा स्र्ं स्ष्ट को शामिल किया है। यह सहायक कंपनी अभी संचालन प्रारंभ नहीं कर पाई है, हालांकि अक्टूबर तिमाही से इसके पूरी तरह संचालन में आने की उम्मीद है।कंपनी की ऑर्डर बुक में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है, जो 30 जून, 2025 को लगभग 3,400 करोड़ से बढ़कर 30 सितंबर, 2025 को लगभग 8,500 करोड़ हो गई। यह उल्लेखनीय वृद्धि तिमाही के दौरान मजबूत प्रोजेक्ट प्रवाह को दर्शाती है और जीएचवी इंफ्रा की स्वस्थ आय दृश्यता और निरंतर क्रियान्वयन क्षमता को सशक्त बनाती है।कंपनी के वित्तीय परिणामों के संबंध में मैनेजिंग डायरेक्टर अजय हंस ने कहा कि 'जीएचवी इंफ्रा ने इस तिमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जिसे समय पर प्रोजेक्ट क्रियान्वयन और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन से समर्थन मिला है। सफल बोनस इश्यू और मध्य पूर्व में विस्तार, शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि करने और नई संभावनाएं हासिल करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा, मजबूत ऑर्डर बुक और अनुभवी नेतृत्व के साथ हम विकास की इस गति को बनाए रखने को लेकर आशावादी हैं। खास उल्लेखनीय है कि जीएचवी इंफ्रा भारत और चुनिंदा देशों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए अपनी क्षेत्रीय विशेषज्ञता का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी अनुपालन सुनिश्चित करने और हितधारकों के प्रतिफल को अधिकतम करने के लिए उद्योग के रुझानों और नियामक विकास पर निरंतर नजर रखती है। जीएचवी इंफ्रा कंपनी के वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा 3 नवंबर, 2025 को हुई बैठक में इसे अनुमोदित किया गया है। वैधानिक ऑडिटरों द्वारा जारी की गई सीमित समीक्षा रिपोर्ट संलग्न है।

सरकार के विस्तार लक्ष्य पर खतरा

कम कीमतों से जूझ रहा स्टील सेक्टर 150 यूनिट्स ने बंद किया उत्पादन

नई दिल्ली। स्टील सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि कि छोटे उद्योगों के लिए स्टील की मौजूदा कीमतें एक बड़ी चुनौती बन गई हैं, खासकर ऐसे समय में जब सरकार अगले पांच से सात वर्षों में इस क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पांच साल पहले स्टील की कीमतें जरूरत से अधिक थीं, लेकिन आज ये जरूरत से कम स्तर पर हैं, जिससे बाजार में असंतुलन पैदा हो गया है।

स्टील की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या बन सकती हैं। इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने यह संभावना जताई। उन्होंने कहा कि कम कीमतों के कारण करीब 150 छोटे स्टील उत्पादकों ने उत्पादन बंद कर दिया है। स्टील समिट 2025 को संबोधित करते हुए पौंड्रिक ने बताया कि पांच साल पहले स्टील की कीमतें जरूरत से अधिक थीं, लेकिन आज ये जरूरत से कम स्तर पर हैं, जिससे बाजार में असंतुलन पैदा हो गया है।

कम कीमतें सरकार के क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य पर डाल सकती हैं असर

पौंड्रिक ने कहा कि छोटे उद्योगों के लिए मौजूदा कीमतें एक बड़ी चुनौती बन गई हैं, खासकर ऐसे समय में जब सरकार अगले पांच से सात वर्षों में स्टील क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। आपने अभी सभी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे देखे हैं, लगभग सभी के मुनाफे में कमी आई है। लेकिन कीमत एक समस्या है, खासकर तब जब हमें अगले पांच से सात वर्षों में 100 मिलियन टन क्षमता में निवेश करने की जरूरत है।सचिव ने यह भी बताया कि विश्वभर में, विशेषकर चीन में, अधिशेष उत्पादन और उसके परिणामस्वरूप डंपिंग एक वास्तविक समस्या है, न केवल हमारे लिए, बल्कि प्रत्येक देश के लिए। पौंड्रिक ने कहा कि सरकार ने आयातित स्टील पर अस्थायी रूप से सुरक्षा शुल्क लगाया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घरेलू स्टील उद्योग को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। अच्छी खबर यह है कि स्टील की खपत बढ़ रही है, क्षमता बढ़ रही है।

बढ़ती खपत को पूरा करने के लिए पिछले 10 वर्षों में नई क्षमताएं विकसित की जा रही हैं।सचिव ने कहा कि देश की दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता के लिए स्टील उद्योग को संरक्षित करने की आवश्यकता है। यह एक रणनीतिक क्षेत्र है, इस अर्थ में कि अगर आप आयात पर निर्भर हो जाते हैं, तो आपको भू-राजनीतिक कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जैसा कि हम आज विश्व में देख रहे हैं। इस्पात उद्योग पर 3-4 बड़ी कंपनियों के प्रभुत्व की धारणा को खारिज करते हुए पौंड्रिक ने कहा कि भारत में 47 प्रतिशत इस्पात का उत्पादन 2,200 मध्यम स्तर की इस्पात उत्पादक कंपनियों द्वारा किया जाता है।

सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार, निफ्टी 25,750 स्तर से नीचे कर रहा कारोबार

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सपाट खुला। शुरुआती कारोबार में निफ्टी ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक सेक्टर्स में बिकवाली देखी जा रही थी। वहीं, फार्मा, रियल्टी और मीडिया सेक्टर में खरीदारी दर्ज की गई। सुबह करीब 9 बजकर 34 मिनट पर सेंसेक्स 162.84 अंक या 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,815.65 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी 58.40 अंक या 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,704.95 स्तर पर बना हुआ था।

सत्र की शुरुआत में निफ्टी बैंक 211.15 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,890.30 स्तर पर बना हुआ था। वहीं, निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 23.35 अंक या 0.04 प्रतिशत की गिरावट के बाद 60,264.05 पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 49.05 अंक या 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,464.35 स्तर पर था। चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग की टेक्निकल एंड डेरिवेटिव एनालिस्ट अमृता शिंदे ने कहा कि पिछले सत्र में निफ्टी 50 ने मजबूती का प्रदर्शन किया था। इंडेक्स ने सपाट शुरुआत की लेकिन पूरे सत्र में ऊपर की ओर रुझान बनाए रखा, जो निचले स्तरों पर लगातार खरीदारी की रुचि का संकेत देता है। उन्होंने आगे कहा, आज के लिए, तत्काल रेजिस्टेंस 25,850 पर इसके बाद 25,900 और फिर 26,000 स्तर पर रहेगा। नीचे की ओर, सपोर्ट लेवल 25,650 और 25,600 पर दिखाई दे रहे हैं, जो पोजिशनल ट्रेडर्स के लिए संभावित अक्यूमलेशन ज़ोन के रूप में काम कर सकते हैं। इस बीच सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स थे।

वहीं, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी, इटरनल और इंफोसिस टॉप लूजर्स थे। एशियाई बाजारों में जकार्ता और हांग कांग हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि जापान, चीन और सोल लाल निशान में बने हुए थे। अमेरिकी बाजारों की बात करें तो आखिरी कारोबारी दिन डाउ जोंस 0.48 प्रतिशत या 226.19 अंक की गिरावट के बाद 47,336.68 पर बंद हुआ।

वहीं, एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.17 प्रतिशत या 11.77 अंक की तेजी के बाद 6,851.97 स्तर और नैस्डेक 0.46 प्रतिशत या 109.77 अंक की तेजी के बाद 23,834.72 पर बंद हुआ।

महिला विश्व कप 2025: टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने महिला विश्व कप 2025 के लिए टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा कर दी है। इस टीम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की 3 खिलाड़ी शामिल हैं। ये खिलाड़ी स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिगेज और टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दीप्ति शर्मा हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट को इस स्टार खिलाड़ियों से सजी टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की 3 खिलाड़ियों को भी इस टीम में जगह मिली है।

ऐसी है आईसीसी की टीम ऑफ द टूर्नामेंटः स्मृति मंधाना, लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), जेमिमा रोड्रिगेज, मरिजान कप्प, एश्ले गार्डनर, दीप्ति शर्मा, एनेबेल सदरलैंड, नादिन डी क्लार्क, सिदरा नवाज (विकेटकीपर), अलाना किंग, सोफी एक्लेस्टोन और नैट सिवर-ब्रंट (12वीं खिलाड़ी)। टीम ऑफ द टूर्नामेंट की कप्तान वोल्वार्ड्ट का प्रदर्शन महिला विश्व कप 2025 में शानदार रहा। उन्होंने 71.37 की उम्दा औसत के साथ 571 रन बनाए और एक ही संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने का नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। भारत की मंधाना ने भी पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन बल्लेबाजी की और 54.25 की औसत से 434 रन बनाकर टूर्नामेंट की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। उनके बल्ले से 1 शतक और 2 अर्धशतक निकले। भारत की ओर से शामिल खिलाड़ियों में जेमिमा और दीप्ति का प्रदर्शन भी प्रभावशाली रहा।

जेमिमा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 127 रन की पारी खेली और पूरे टूर्नामेंट में 58.40 की औसत से 292 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 1 अर्धशतक शामिल रहा। वहीं, दीप्ति ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने टूर्नामेंट में 215 रन बनाए और 22 विकेट भी अपने नाम किए। फाइनल मैच में इस खिलाड़ी ने अर्धशतक के साथ 5 विकेट भी लिए। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 82 की औसत से 328 रन बनाए, जिसमें 2 शतक शामिल रहे। इसके साथ ही 7 विकेट भी हासिल किए। एनेबेल सदरलैंड 17 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज रहीं, उनकी औसत 15.82 की रही। पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज ने टीम के जल्दी बाहर होने के बावजूद टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शिकार किए। स्टंपिंग-कैच मिलाकर (4 कैच, 4 स्टंपिंग) उन्होंने कुल 8 शिकार किए। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को उनके शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह मिली, जबकि कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को 12वीं खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया। सिवर-ब्रंट ने टूर्नामेंट में 262 रन बनाए और 9 विकेट लिए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 1 शतक भी शामिल था। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की मरिजान कप्प को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए इस प्रतिष्ठित टीम में चुना गया। उन्होंने 208 रन बनाए और 12 विकेट अपने नाम किए।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

-: ईश्तहार :-

क्रमांक क/वा/नजूल / 2025

मुंगेली, दिनांक 28.10.2025

श्री किरण गुप्ता पिता स्व.श्री विष्णु दत्त गुप्ता, निवासी मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)................. आवेदक

बनाम

छ.ग.शासन ....अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री किरण गुप्ता पिता स्व.श्री विष्णु दत्त गुप्ता,** निवासी गांधी वार्ड गोल बाजार मुंगेली, तहसील जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला गोल बाजार मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38-बी पर 40-50 वर्षों से कब्जे के आधार पर आवेदक नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 11.11.2025 को दिन के 03:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक 28.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान के खिलाफ जड़ा शतक

नईदिल्ली। मुंबई क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान क्रिकेट टीम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025 के मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। ये उनके प्रथम श्रेणी करियर का 17वां शतक रहा। उन्होंने इस पारी के दौरान रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में अपने 1,000 रन भी पूरे कर लिए। इस मुकाबले की पहली पारी में यशस्वी के बल्ले से अर्धशतक निकला था। ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं। राजस्थान ने पहली पारी में 617/6 का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया था। जवाब में मुंबई की पहली पारी 254 रन पर समाप्त हो गई।

कार्यालय, नगर पंचायत सरगांव, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

Email-npsargaoncmo@gmail.com

क्रमाक/739/लो.नि.वि./न.पं./2025/26 — सरगांव, दिनांक 04/11/25

// द्वितीय मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत सरगांव क्षेत्रांतर्गत सांसद निधि अंतर्गत शेड निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकदारो से PWD (Building SOR 01-01-2015/Non SOR) से त्रिलिफाफा पध्दति से पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा निविदाये आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 12.11.2025 समय 5:00 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 12.11.2025 समय 5:30 बजे
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 20.11.2025 समय 4:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 20.11.2025 समय 4:30 बजे

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखो में)	निविदा प्रपत्र शुल्क	अमानत राशि	रिमार्क
1.	वार्ड क्रमांक 06 में राधा कृष्ण मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य	5.00	750.00	5000	-

टीप-

1. जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, पिछले 2 वर्ष का आयकर रिर्टन, जी.एस.टी, पेनकार्ड, ईपीएफ पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होंगा। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालय के लोक निर्माण विभाग से प्राप्त करें।

परमानंद साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत, सरगांव

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, सरगांव
जिला- मुंगेली (छ.ग.)

रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग से हुए बाहर

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन का इस संस्करण बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने का सपना अधूरा रह गया है। अश्विन को घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है। सिडनी थंडर ने पुष्टि की है कि चेन्नई में अभ्यास के दौरान उन्हें घुटने में चोट लगी, जिसके बाद उनकी सर्जरी की गई। रिकवरी में लगने वाले समय के कारण वेऑस्ट्रेलिया की इस प्रमुख टी-20 लीग में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अश्विन ने 27 अगस्त को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास का ऐलान किया था। इसके साथ ही उनके विदेशी लीगों में खेलने का रास्ता खुला था।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 7543/ लो.क.वि/न.पा.नि./2025 — रायगढ़, दिनांक 04/11/25

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत अधोसरंचना मद से निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में पी. डब्ल्यू डी. एसओआर दिनांक 01.01.2015 प्रचलित से दिनांक 05-12-25 तक अपरान्ह 04:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 05-12-25 को अपरान्ह 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ कार्यालय एवं वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com /uad.cg.gov.in से का अवलोकन व डाउनलोड कर सकते हैं।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में) / अमानत राशि
1	वार्ड क्र. 31 षड़गी घर से नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	9.26/7000.00
2	वार्ड क्र. 32 नासिर घर से विधयान महाराज घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	9.62/7300.00
3	वार्ड क्र. 33 भुरूवा खुटे से अंजना रात्रे तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य ।	8.06/6100.00
4	वार्ड क्र. 35 उषा तिवारी घर से स्वास्थ्य केन्द्र नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	6.40/5000.00
5	वार्ड क्र. 35 दीपक साहा घर से नाला से नटवर चौहान घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	8.00/6000.00
6	वार्ड क्र. 37 राजा ठाकुर घर से नाला तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	5.02/5000.00
7	वार्ड क्र. 37 राजा ठाकुर घर से शिव मंदिर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	5.02/5000.00
8	वार्ड क्र. 45 यशवंत गुप्ता घर से राजस्थानी होटल तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	7.70/5800.00
9	वार्ड क्र. 47 स्कुल पारा में बैशाखु दुकान से सेवकराम मालाकार घर तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य।	8.85/6700.00

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 22/व.ले.लि./2025-26 — दिनांक. 03.11.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **24.11.2025** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है-

कार्य का नाम- बिलासपुर जिले विकासखण्ड मस्तूरी अन्तर्गत खारंग जलाशय योजना के एरमसाही शाखा नहर का लाईनिंग एवं पक्के कार्यो का जीर्णोद्वार कार्य।

निविदा सिस्टम क्र. 178381, अनुमानित लागत - रू. 301.68 लाख (जी.एस.टी. छोडकर) (निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **10.11.2025** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट :1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 30.09.2026) का उपयोग अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी- 252604531/8

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
जोन क्रमांक-8

मैनुवल पद्धति से तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 35/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025 — रायपुर, दिनांक 04/11/2025

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / पंजीकृत किराया भण्डार/फर्मों से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015/पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 2020 अद्यतन संशोधित दर पर त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि -**10/11/2025 दिन सोमवार** सायं 5:00 बजे तक। अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरिक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि- **11/11/2025 दिन मंगलवार**
3. जोन आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक- 8 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-**14/11/2025 दिन शुक्रवार** सायः 5:30 तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक **17/11/2025 दिन सोमवार** को प्रातः 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	समयावधि	एस.ओ. आर.	फार्म का प्रकार
1	जोन क्र -08 अंतर्गत टाटीबंध एम्स जलागार में स्लूईस वाल्व प्रदाय कर लगाए जाने का कार्य। **(जल संकट मद)**	5.74	5000.00	750.00	Class-D & above	04 माह	P.H.E.S.O.R 2020 On Amendment S.O.R. No. 07/2022-23	A

निविदा की शर्ते:-

1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई पंजीयन प्रमाणपत्र (जीवित), 3. बैंक साल्वेंशी, 4. बैंक पासबुक की छायाप्रति। 5. GST प्रमाण पत्र एवं GST Return (3B) (विगत 3 माह) 6. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रु का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात् का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 7. निविदा जारी होने के पश्चात् से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है तथा जो एफ.डी. आर. जीवित होना आवश्यक है। 8. त्री लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. टीप:- अन्य निविदा की शर्ते एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।
3. निविदा में किसी भी विवाद की स्थिति में सक्षम अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

घरो से निकालने वाले सूखा और गीला कचरे को सफई मित्र (वाहन) को देखें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम रायपुर

वन विभाग ने खेत में गिरे हाथियों का किया सफलतापूर्वक रेस्क्यू

■ वन विभाग की टीम ने हाथियों को जंगल में छोड़ा

कसडोल/नवप्रदेश। बलौदाबाजार वनमण्डल के अंतर्गत हरदी ग्राम में तीन हाथी- एक मादा हाथी, उसका बच्चा एवं एक नर जुवेनाइल हाथी- ग्रामीण टिकनेश्वर ध्रुव के खेत में फिसलकर गिर गए थे। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने तत्काल मौक़े पर पहुँचकर त्वरित और समन्वित कार्रवाई की गई। वन विभाग द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए रैंप तैयार किया गया, जिसके माध्यम से तीनों हाथियों को सावधानीपूर्वक निकाला गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के उपरांत सभी हाथियों को सुरक्षित रूप से निकटस्थ वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया, जहाँ वे अपने समूह से पुनः जा मिले। विभागीय अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी हाथी पूरी तरह स्वस्थ हैं और किसी भी प्रकार की चोट नहीं आई है।

इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) स्तोविषा समझदार भी घटनास्थल पर पहुँचीं और रेस्क्यू की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय टीम की त्वरित कार्रवाई और उत्कृष्ट समन्वय की सराहना की।

रेस्क्यू ऑपरेशन वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में तथा अधीक्षक बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकर के नेतृत्व में संचालित किया गया। विभागीय टीम ने रातभर सतर्कता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस जटिल रेस्क्यू को सफलता पूर्वक अंजाम दिया।

वनमण्डलाधिकारी श्री धम्मशील गणवीर ने कहा - वन विभाग का दायित्व केवल वन्यजीवों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक जीवन को सुरक्षित बचाना हमारी प्राथमिकता है। हरदी ग्राम का यह रेस्क्यू ऑपरेशन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया, सामूहिक समर्पण और फील्ड टीम की दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

वन विभाग, बलौदाबाजार द्वारा इस प्रकार की आपात स्थितियों से निपटने हेतु त्वरित रेस्क्यू रेस्पॉन्स प्रणाली, ग्राउंड टीमों का प्रशिक्षण, और स्थानीय समुदायों के साथ समन्वय को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है।

इस अभियान को सफल बनाने में वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार गीतेश कुमार बंजारे, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवनलाल साहू, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय, अतुल तिवारी, दीक्षा पाण्डेय सहित परिक्षेत्र कोठारी और बार के समस्त वनकर्मियों, फील्ड स्टाफ एवं स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ईस्ट-वेस्ट पॉवर लिफ्टिंग महापौर ट्रॉफी नेशनल पॉवर लिफ्टिंग का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छ.ग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा ईस्ट-वेस्ट पॉवर लिफ्टिंग महापौर ट्रॉफी नेशनल पॉवर लिफ्टिंग का आयोजन रायपुर के बुढेश्वर महादेव मंदिर भवन मे किया गया। जिसमें सब-जूनियर वर्ग में रागिनी राघव ने फूल पॉवर लिफ्टिंग में 120 ग्रद्द. वजन उठा कर, दो गोल्ड मेडल हाँसिल किया। और रायपुर और रायपुर दक्षिण के विधायक श्री सुनील सोनी जी ने प्रोत्साहन दिया।

लेखा प्रभारी ने 41 हजार से अधिक का किया हेराफेरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग पंडरी में तत्कालीन लेखा प्रभारी ने 41 हजार से अधिक का हेराफेरी कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जेआर निराला 52 वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग पंडरी में कार्यरत है। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग में पदस्थ तत्कालीन लेखा प्रभारी विनोद साहू ने कार्य करने के दौरान विभाग के 41856 रुपए का हेराफेरी कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

किराना दुकान के गल्ले से 50 हजार पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम चंदखुरी स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तोषण साहू 26 वर्ष चंदखुरी का रहने वाला है। प्रार्थी किराना दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे नकदी 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हेरोइन चिट्टा के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आमानाका पुलिस ने टाटीबंध चौक से सरोना मार्ग में ट्रेलर वाहन में हेरोइन चिट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 34-60 ग्राम चिट्टा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टाटीबंध चौक से सरोना मार्ग में दबिश देकर ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 6227 में सवार आरोपी हरदीप कुमार 36 वर्ष और मंजीत सिंह 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 34-60 ग्राम हेरोइन चिट्टा, तौल मशीन और 2 मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

निजी भूमि पर कब्जे की कोशिश

कोरबा/नवप्रदेश। ग्राम दाधरखुर्द में निजी स्वामित्व वाली भूमि पर कथित रूप से गैर राजनीतिक पार्टी के नाम का दुरुपयोग करते हुए जबरन वृक्षारोपण किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद भूमि स्वामी शत्रुघन सिंह राजपूत ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। श्री राजपूत ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया है कि उनकी पैतृक भूमि खसरा नंबर 1125 ग्राम दाधरखुर्द में स्थित है। इस भूमि से जुड़ा सीमांकन विवाद वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष लंबित है। राजस्व अधिकारियों द्वारा पहले सीमांकन कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन जांच पूरी न हो पाने के कारण पुनः टीम गठित कर सीमांकन की प्रक्रिया प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि दिनांक 1 नवंबर 2025 को कुछ लोगों द्वारा गैस राजनीतिक पार्टी के नाम पर उनकी भूमि पर जबरन वृक्षारोपण किया गया, जबकि इस संबंध में कोई वैधानिक अनुमति नहीं ली गई थी। श्री राजपूत ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने छत्तीसगढ़ महतारी÷ के नाम का उपयोग कर सामाजिक और धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया, जो कि गंभीर अवैधानिक कृत्य है।

महापौर ने पुन्नी मेला, गुरूनानक देव जयन्ती की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्यों, वार्ड पार्षदों ने समस्त नगरवासियों को राज्योत्सव दिनांक 5 नवंबर 2025 कार्तिक पूर्णिमा महादेवघाट पुन्नी मेला गुरूनानक देव जयन्ती के पावन अवसर पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए परमपिता परमेश्वर से समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी रायपुर शहर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में समृद्धि और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक प्रेरणा ऊर्जाशक्ति प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना की है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी शहर रायपुर में महादेवघाट में विगत लगभग 6 सौ वर्षों से प्रतिवर्ष परम्परागत तौर पर भव्य मेला भरता है, जिसमें रायपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासी श्रद्धालु नागरिक अपने परिवारजनों सहित हजारों की संख्या में पहुंचकर खारून मईया में पुण्य स्नान करते हैं।

मृत्युभोज खाने के बाद डायरिया का कहर

दो ग्रामीणों की मौत के बाद जागा प्रशासन, 5 दिनों में 30 से अधिक ग्रामीण इलाज के लिए भर्ती

■ पाडादाह, खैरागढ़ राजनांदगांव मे करा रहे इलाज

खैरागढ़/नवप्रदेश । गातापार जंगल इलाके के वनांचल ग्राम लिमऊटोला मे पिछले पांच दिनो से डायरिया के प्रकोप के बाद भी राज्योत्सव मे जूटे स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते दो लोगो की मौत हो गई है । जबकि 30 से अधिक ग्रामीण डायरिया के चलते विभिन्न अस्पतालो मे भर्ती है । मामले मे सोमवार सुबह भी जिला मुख्यालय के सिविल अस्पताल मे इलाजरत समारू गोड़ की डायरिया के इलाज के दौरान मौत हो गई । गातापार इलाके के जनप्रतिनिधियो और ग्रामीणो का आरोप है कि लगातार जानकारी दिए जाने के बाद भी स्वास्थ्य अमला राज्योत्सव की तैयारी मे जुटे होने का हवाला देकर गांव मे कैंप लगा रहा है ना ही विशेषज्ञ चिकित्सको का दल भेज पाया है । लिमऊटोला मे बढ़ते डायरिया के प्रकोप के चलते आज मंगलवार को होने वाले गातापार जंगल का साप्ताहिक बाजार भी संक्रमण रोकने स्थगित कर दिया गया है । दुकानो को भी बंद कराने कहा गया है । गांव मे डायरिया की शुरूआत शुक्रवार से हूई है । गांव की 70 वर्षीय महिला को उल्टी दस्त के चलते सिविल अस्पताल मे इलाज के बाद राजनांदगांव रिफर किया गया था जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । गांव मे उसके अंतिम संस्कार के बाद उसके शोक कार्यक्रम मे आयोजित मृत्युभोज में लगभग पूरा गांव शामिल हूआ था । भोज के बाद से गांव के लोगो को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू होने की जानकारी है । पहले एक दो लोगो को डायरिया की शिकायत सामने आई । लेकिन शनिवार से मामला लगातार बढने् लगा । शनिवार से सोमवार तक गांव के 30 से अधिक लोग डायरिया के चलते पाडादाह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल मे भर्ती है । सोमवार को भी सुबह तीन मरीजो की स्थिति बिगडने् के बाद उन्हे सिविल अस्पताल लाया गया । जबकि दो गंभीर मरीजो का इलाज राजनांदगांव मेडिकल कालेज और कूछ ग्रामीण व्यवस्था नही होने के चलते खैरागढ़ के निजी अस्पताल मे अपना इलाज करा रहे है । लिमऊटोला की साढ़े तीन सौ की जनसंख्या मे आधे से ज्यादा लोगो को डायरिया से पीड़ित बताया गया है । गातापार मे पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानीनो के भरोसे गांव मे डायरिया पीड़ित लोगो की जांच और इलाज जारी है । सिविल अस्पताल मे बीएमओ को तीन दिन से जानकारी दिए जाने के बाद भी कोई भी स्वास्थ्य टीम सोमवार तक गांव नही पहुँची ।

न कैंप लगाया, न ही पहुंचे चिकित्सक

लिमऊटोला मे तीन दिन से लगातार डायरिया के मरीजो की संख्या बढने् के बाद भी स्वास्थ्य अमला मौके पर नही पहुँचा है । आरएचओ और मितानीने ग्रामीणो की जांच और इलाज कर रही है । शनिवार को पाड़ादाह स्वास्थ्य केन्द्र की टीम गांव पहुँची थी । जिसके बाद पाडादाह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डा रितुराज सिंह ने इसकी जानकारी सिविल अस्पताल और जिला स्वास्थ्य विभाग को दी थी । सोमवार को मामला बिगडने् के बाद नींद से जागे स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी गांव पहुँचे जिसमें सीएमएचओ डा आशीष शर्मा, बीएमओ विवेक बिसेन सहित स्वास्थ्य दल शामिल था । ग्रामीणो के आक्रोश के बाद आंगनबाड़ी केन्द्र मे ही इलाज के दौरान दो मरीजो को भर्ती व्यवस्था बनाकर इलाज शुरू कराया गया। अधिकारियो ने गांव का भ्रमण कर लोगो से जानकारी लेते दवाई का वितरण किया । इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र मे चल रहे आरएचओ और मितानीनो द्वारा किए जा रहे इलाज और जांच की जानकारी ली ।

> लिमऊटोला मे सीएमएचओ के साथ जांच और निरीक्षण किया गया । ग्रामीणो कीजांच लगातार की जा रही है । कुछ नए मरीज और आ सकते है । प्राथमिक रूप से मृत्युभोज खाने के बाद ही स्थिति बिगडने् का मामला सामने आया है । जांच के बाद दवाई वितरण जारी है ज्यादा दिक्कत वालो को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है । आंगनबाड़ी केन्द्र मे स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगातार जांच और राहत देने जूटे है ।
>
> **डॉ विवेक बिसेन,** बीएमओ सिविल अस्पताल खैरागढ़

पैलीमेटा में सैकड़ों एकड़ की फसले कीट प्रकोप से बर्बाद

मुआवजा और कर्ज माफी को लेकर सैकड़ों किसानों ने घेरा कलेक्ट्रेट

खैरागढ़/नवप्रदेश जिले के साल्हेवारा क्षेत्र स्थित पैलीमेटा सहकारी समिति मे शामिल 30 से अधिक गांवो के किसानो ने फसल नुकसान को लेकर सोमवार को जिला कार्यालय पहुँच जमकर प्रदर्शन किया और मुआवजा राशि दिलाने सहित कर्ज माफकिए जाने की मांग की । सोमवार को तीन सौ से अधिक की संख्या मे कलेक्टर कार्यालय पहुँचें पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव, जंगलपूर, अचानकपूर, गर्रा, बेलगांव, झिरिया, मानपूर पहाड़ी, बेंगरी, डुमरिया सहित अन्य गांवो के किसानो ने कलेक्टेट के मुख्य द्वार पर ही बैठकर प्रदर्शन किया । कलेक्ट्रेट द्वार पर बैठे किसानो ने बताया कि लगातार बारिश , कीट प्रकोप के चलते इलाके की धान, सोयाबीन, सब्जी सहित अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई है । किसानों ने अपनी पीड़ा बताते कहा कि समिति से बड़ी मात्रा मे

खाद बीज और कर्ज लेकर उन्होने खेती मे लगाई थी लेकिन प्रतिकूल मौसम और कीट प्रकोप के चलते फसलें पूरी तरह चौपट हो गई । कई बार दवाईयों का छिडक़ाव किए जाने के बाद भी फसलें नही बची और किसान कर्ज चुकापाने की स्थिति मे नही है ।

5 सुत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पैलीमेटा समिति से जूड़े किसानो ने इस दौरान कलेक्टर को पांच सुत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंप धान, सोयाबीन, टमाटर एवं अन्य फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिए जाने, आरबीसी 6- 4 के तहत क्षतिपूर्ति राशि किसानो को प्रदान किए जाने, फसल बीमा की राशि किसानो को शीघ्र प्रदान करने, समिति से लिए गए कर्ज की राशि को पूर्णत माफकिए जाने, किसानो की आर्थिक स्थिति को देखते बढ़े हुए बिजली बिल मे राहत देने की मांग दोहराई ।

भिक्षुक आश्रम में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर 60 मरीजों की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू-04) द्वारा जोन 3 के अंतर्गत भिक्षुक आश्रम में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज के उन जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना था जो बेघर हैं या जिन्हें परिवार से अलग कर दिया गया है। भिक्षुक आश्रम में रहने वाले कई लोग वृद्ध, दिव्यांग या शारीरिक रूप से असमर्थ हैं, जिनके लिए नियमित चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। इस शिविर में कुल 60 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 16 पुरुष, 27 महिलाएं, 1 बच्चा और 16 बुजुर्ग शामिल थे। कुल 53 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा 17 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए, जिनमें 10 पुरुष और 7 महिलाएं थीं। सभी मरीजों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार और आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर का संचालन डॉ. भूमिका पटेल के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ फार्मासिस्ट आंचल पाल, लैब टेक्नीशियन प्रिया वर्मा, नर्स स्वाति मणिकपुरी और ड्राइवर हेमंत वर्मा ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर विकास दुबे की उपस्थिति रहे जिन्होंने संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। यह विशेष शिविर रायपुर नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती तृप्ति पाणिग्रही के मार्गदर्शन एवं निगरानी में आयोजित किया गया। भिक्षुक आश्रम में आयोजित यह शिविर इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना न केवल शहरी झुग्गी बस्तियों तक, बल्कि समाज के सबसे हाशिए पर खड़े लोगों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्रयास मानवता, करुणा और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

खनिज विभाग ने शुरू की गोल्ड माइन नीलामी, वेदांता और जिंदल आए आगे

■ प्री-बिड ऑनलाइन मीटिंग छह नवंबर को, बलरामपुर में बेस मेटल्स और सिल्वर ब्लॉक भी नीलामी

■ वेदांता, जिंदल समेत देश-विदेश की कंपनियों ने रुचि दिखाई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार प्रदेश में एक और गोल्ड खान की नीलामी करने की तैयारी कर रही है। वर्तमान में महासमुंद जिले के करणखोल-रचपालपुर इलाके में गोल्ड की पुष्टि हुई है। इसके बाद खनिज साधन संचालनालय ने नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गोल्ड माइंस के करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर क्षेत्र को चयनित किया गया है। चयनित कंपनियों को कंपोजिट लाइसेंस जारी किए जाएंगे, जिसके तहत उन्हें प्रास्पेक्टिंग के बाद खनन पट्टा (माइनिंग लीज) के लिए अलग से लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए देश-विदेश की प्रमुख खनन कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। खनिज संचालक रजत बंसल ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है।

लाइमस्टोन और सिल्वर भी नीलामी को तैयार

गोल्ड खान के अलावा राज्य में लाइमस्टोन, सिल्वर, कापर, बेस मेटल्स और आयरन ओर की खदानों की नीलामी की भी तैयारी है। सूत्रों के अनुसार, लाइमस्टोन खदानों में अदाणी, अल्ट्राटेक और श्री सीमेंट जैसी बड़ी कंपनियां

रुचि दिखा रही हैं। वहीं, आयरन ओर खदानों के लिए प्रदेश की प्रमुख स्टील कंपनियां बोली लगाने की तैयारी में हैं। विभाग ने अनुमान जताया है कि इन नीलामियों से आने वाले वर्षों में सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व राज्य को प्राप्त होगा।

बलरामपुर में बेस मेटल्स और एसोसिएट मिनरल्स : बलरामपुर जिले के धुलांगी क्षेत्र में लगभग 150 हेक्टेयर क्षेत्र में बेस मेटल्स और एसोसिएट मिनरल्स सिल्वर और कापर की पुष्टि के बाद नीलामी के लिए आफर बुलाए गए हैं। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गोपालटोला क्षेत्र में लगभग 1,217 हेक्टेयर में आयरन ओर माइंस की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई है। कबीरधाम जिले के भीकुरिया-छंटा (399 हेक्टेयर) और जगमड़वा-हनाईबांध (304 हेक्टेयर) में लाइमस्टोन ब्लाकों की भी नीलामी प्रस्तावित है। इन सभी नीलामियों की प्रक्रिया केंद्र सरकार की एजेंसी एमएमटीसी के माध्यम से कराई जाएगी।

19 को खोले जाएंगे टेंडर

खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस खान को लेकर छह नवंबर को प्री-बिड आनलाइन मीटिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें विभाग के अधिकारी खदानों का विस्तृत ब्यौरा देंगे। वेदांता, जिंदल और अन्य बड़ी कंपनियों ने इस नीलामी में विशेष रुचि दिखाई है। कंपनियों के लिए टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर निर्धारित की गई है, जबकि 19 नवंबर को टेंडर खोले जाएंगे। इससे पहले राज्य में सोनाखान इलाके के बागमहरा में गोल्ड माइंस की नीलामी की जा चुकी है, जहां वर्तमान में पूर्वेक्षण कार्य जारी है।

15 कोल ब्लाक भी

केंद्र सरकार ने देशभर के 41 कोल ब्लाकों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की है, जिनमें छत्तीसगढ़ के 15 ब्लाक शामिल हैं। इनमें तौलीपाली, बताती-कोल्गा वेस्ट, मदवानी, करतला साउथ, कलगामार, गोरही महलोई श्रृंखला के चार ब्लाक, रेओंटी पूर्व, टेरम, विजयनगर उत्तर-दक्षिण और भटगांव के दो ब्लाक शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com